'उत्तरायणी'

2017

युवाओं का भविष्य

'उत्तरायणी' की एक पहल

Standing from left : DS Bhandari, KN Pande, JP Dhaundiyal, KR Arya, Ramesh Chandra, BM Sundriyal
Sitting from left : Sarita Yajurvedi, GS Rawat, OP Joshi, K Arya, GD Gaur, KB Dhaulakhandi

उत्तराखण्ड में युवाशक्ति की दशा और दिशा

–कृश्न आर्य, अध्यक्ष उत्तरायणी

हमारी युवा पीढ़ी हमारी भविष्य निधि है, जैसे उनका वर्तमान होगा वैसा ही हमारा भविष्य होगा। भारत के अधिकांश युवाओं (युवक–युवतियां) की वर्तमान स्थिति चिन्ताजनक है। वे दिशा भ्रमित हैं। उनमें आत्मविश्वास का अभाव है। आधुनिक सोच और सूचना से अनभिज्ञ, अन्धविश्वास व व्यसनों का शिकार, अन्धकार में भटकता हुआ उलझा व्यक्तित्व। उत्तराखंड में स्थिति और भी खराब है। युवाओं में अवसरों की पहिचान नहीं, उत्साह उमंग नहीं, भविष्य की कोई योजना नहीं, वर्तमान से लापरवाह, अपने अतीत से अनभिज्ञ। दुर्भाग्यवश न उनके सामने कोई आदर्श हैं, न उन्हें कोई राह दिखाने वाला है। अपने अध्यन से जीवन संवारने वाले अमूल्य समय को वे व्यर्थ के कार्यों में बर्वाद कर रहे हैं जो अत्यन्त चिन्ता का विषय है। युवावस्था गीली मिट्टी की तरह है जिससे चाहे तो सुन्दर आकृति बनायी जा सकती है, और यदि मिट्टी सूख गयी तो लाख जतन करके भी कुछ नहीं किया जा सकता है। एक और नई बीमारी ने युवाओं को घेर लिया है–मोबाइल–गेम्स, व्हाटस अप, फेस बुक; यू–टयूब तथा सेल्फी (मोबाइल से अपनी व अपने दोस्तो की विभिन्न मुद्राओं में फोटो खीचना)। जो समय अपने पढ़ने–लिखने मानसिक विकास, ज्ञानार्जन व शरीर सौष्ठव (स्वस्थ तन्दुरूस्त शरीर) बढ़ाने में लगाना चाहिए था वह कीमती समय फिजूल के बतियाने में, अनाप–सनाप संवाद, एस.एम.एस., फेसबुक कमेन्टस व व्हट्स–अप संदेशों में बर्वाद हो रहा है। इन कार्यों से क्षणिक मनोरंजन के अलावा जीवन निर्माण में कोई योगदान नहीं होता। आधुनिक फैशन के प्रतीक मोबाइल,

मोटर बाइक, कपडों, सौन्दर्य प्रसाधनों में मां–बाप का पैसा बर्वाद हो रहा है। बच्चों की जिद के सामने मां–बाप मात्र मूक–दर्शक बने हुए हैं। इन सबका असर कि यह घर में अशिष्ट बातें व अमर्यादित हरकतों से परिवार व समाज का माहौल बिगड़ रहा है। अधिकांश युवक नशे (शराब, सिगरेट, पान, तम्बाकू, गाँजा, चरस) के शिकार हो चुके हैं। इन शौकों को पूरा करने के लिए धन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ये युवक चोरी, लूट–पाट चेन–स्नेचिंग, ठगी और यहां तक कि किडनैपिंग, डकैती व मोटर वाहन (बाइक, कार) चोरी की वारदात तक कर रहे हैं। मां–बाप बेवश, डरे, सहमे, लाचार होकर देख रहे हैं। यह बहुत बड़ी चिन्ता का विषय है।

आभिभावक (गार्जिन्यन्स) बच्चों को पढ़ाने लिखाने के मकसद से स्कूल, कॉलेजों में भेजते हैं, परंतु अधिकांश युवा कक्षा छोड़ कर कैन्. टीन, पास की बीडी–सिगरेट की दुकान अथवा सिनेमा घरों में मंड. राते रहते हैं। कक्षा में अध्यापकों से अशिष्टता करते हैं, उन्हें डराते–ध ामकाते हैं। परीक्षायें देखकर उन्हें टालने (पोस्टपोन) करने के लिए धरना–हड़ताल का सहारा लेते हैं, तोड–फोड व नारे बाजी से सारा वातावरण (माहौल) खराब करते हैं। जो युवक स्कूल कालेज की मामूली परीक्षाओं से घबरा कर हड़ताल करते हैं, वे कल जीवन के मुश्किलो से भरे रास्तों पर कैसे चल सकेंगे। अपने स्कूल कालेजों में हड़ताल, नारेबाजी, नेतागिरी करने वाले युवक युवतियां अपनी बाकी का जीवन पश्चाताप में गुजारते हैं। जीवन की परीक्षा रोकने के लिए कोई हड़ताल संभव नहीं है। समय किसी का इंतजार नहीं करता। यदि नेतागिरी का शौक ही है तो स्कूल कालेजों की लम्बी छुट्टियों में (खाली समय में) समाज में फैली बुराइयों, कुरीतियों, भ्रष्टाचार, घूसखोरी, खाद्य पदार्थों में व दवाओं में मिलावट करने वालों के खिलाफ आन्दोलन करें ताकि आपकी नेतागिरी की चाह भी पूरी हो और समाज को फायदा भी हो सके। आन्दोलन करें भ्रष्ट अधिकारियों

के खिलाफ, देश में फैली अराजकता, अनियमितता के खिलाफ।

युवाओं को सावधान रहना चाहिए कि उनके आन्दोलनों का फायदा राजनैतिक पार्टियाँ अपने फायदे के लिए न उठायें। वो उन्हें स्वार्थ सिद्धि का साधन न बनायें और तत्पश्चातच दूध की मक्खी की तरह दूर कर दें, वास्तविकता जब तक आपको पता चलता है तब तक उम्र निकल चुकी होती है और आप वास्तविकता के धरातल पर ठगे हुए दर–दर की ठोकरें खाने लिए मजबूर हो जाते हैं।

अनुशासन समाज व राष्ट्र का जीवन हैं, परंतु हमारे युवा इससे दूर भागते हैं। आलस्य और कामचोरी उनकी आदत बन चुके हैं। समय की पाबन्दी और समय का सदुपयोग करना न उन्हें आता है, न उन्हें कोई बताता है। दुनिया के दूसरे देशों के युवक खेल कूद के क्षेत्र में नये–नये कीर्तीमान (रिकार्ड) बना रहे हैं विज्ञान व तकनीकी के नये अविष्कार, बहादुरी और साहस के नये कारनामें कर दिखा रहे हैं, वही हमारा युवावर्ग फैशन, और असामाजिक तत्वों के हाथों अपना भविष्य नष्ट कर रहा है। उद्यमशीलता का उसमें न तो साहस है न ही उत्साह और आत्मविश्वास। हमारे पर्वतीय प्रदेश के युवा हीन भावना के भी शिकार हैं। फलतः वे 5–7 लोगों के छोटे समूह को संबोधित करने में भी घबराते हैं जिसका असर जीवन पर्यन्त चलता है। इसे दूर करने का एकमात्र उपाय है खुद को किसी से कम न समझें तथा जिस बात से डर लगे, जिस काम को करने से घबराहट हो वही काम बार–बार करें, पहले से अधिक तैयारी और आत्मविश्वास के साथ, और यह मान कर चले कि डर के आगे जीत है। ऐसे सैकड़ों उदाहरण मौजूद हैं जिनमें साधारण लोगों ने असाध ाारण सफलतायें हासिल की हैं।

हमारे समाज को आज अनुशासित, सधे हुए युवाओं की जरूरत है ताकि नयी तकनीकी (टैक्नोलॉजी) शिक्षा द्वारा खोले गये अनगिनत

अवसरों का दोहन एक्सप्लोयटेशन किया जा सके। हमारे युवाओं में भविष्य को जानने–परखने की दृष्टि (विजन) हो, और उसे कार्यान्वित करने का ठोस कार्यक्रम, उसी के अनुसार वर्तमान के कार्य कलापों का निर्धारण करें। आज चारों तरफ तीव्र प्रतिस्पर्धा का वातावरण है जिसमें सफलता पाने के लिए जी जान से मेहनत करने और अनुशानस पूर्वक अपने शारीरिक, मानसिक क्षमताओं का समुचित विकास करने की आवश्यकता है। अगर आगे बढ़ना है तो आत्मविश्वास, स्वतंत्र विचारों को अपनाना होगा वैज्ञानिक सिद्धांतों को अपनाना होगा। नये विचारों पर खुले मस्तिष्क से विचार करें सब कुछ भाग्य पर न छोड़कर अपनी बुद्धि और परिश्रम पर अधिक भरा. सा करें। अपने अंदर आत्मविश्वास का भाव पैदा करें, अपनी कमियों को दूर करें, और ईमानदारी से खुद को सुधारें। वर्तमान सुधर गया तो भविष्य अवश्य ही सुनहरा होगा। प्रतिभा हो, अवसर की समझ हो, आत्मविश्वास, आत्मशक्ति हो तो सफलता आवश्य मिलेगी। जोश और होश में काम करें, हर काम को खुश होकर करें, चुनौतियों और जिम्मेदारियों को सहर्ष स्वीकार करें। अपने काम को पूरी लगन व एकाग्रता से करे। जोशीले लोगों की जिन्दगी हमेशा गतिशील होती है और वे मार्गदर्शक बनते हैं। इतिहास में उन्ही लोगों का नाम रहता है जो कुछ करके जाते हैं, जिनसे समाज का कल्याण होता है। हमें अपनी महान परंपरायें याद रखनी होगी और उन परंपराओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने का उत्तरदायित्व स्मरण रखना होगा। जिन आदर्शों और आशाओं को लेकर पृथक प्रदेश के लिए लोगों ने संघर्ष किया, कष्ट झेले हैं तो उनके सपनों को साकार कर एक प्रगतिशील, उन्नत, विकसित प्रदेश उत्तराखण्ड की रचना करना हमारे युवाओं के लिए महानतम चुनौती है और उत्तरदायित्व भी।

हमारी युवा पीढ़ी में आत्मबल/आत्मविश्वास, उत्साह–उमंग व नवजीवन का संचार करने लिए एक संयत जीवन (लाईफ–स्टाइल)

को अपनाना अनिवार्य है। जिसमें सच्चेमन से, पूरी शक्ति से, निष्ठा और संकल्प (प्रतिज्ञा) से पूराने तौर–तरीको को त्याग कर नयी जीवन–चर्या अपनानी पड़ेगी, जिसका धर्म की तरह हर परिस्थिति में पालन करना होगा। नूतन जीवन चर्या में अपनी दिन–चर्या पुनर्निध ाारित करनी होगी, समय का महत्व (मूल्य) समझना होगा कठिन परिश्रम को अपनाना होगा, शरीर को चुस्त तन्दुरस्त और मजबूत बनाने के उपायों का पालन करना होगा। अपने चरित्र व गुणों में नेतृत्व–कौशल को शामिल करना व दृष्टिकोण को आधुनिक व वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित करना होगा मानसिक शक्ति की क्षमता का विकास करना आवश्यक है तभी एक सशक्त जीवन का निर्माण हो सकेगा।

♦♦♦

लहरों से डर के नौका कभी पार नहीं होती
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती
असफलता एक चुनौती है इसे स्वीकार करो
क्या कमी रह गयी, देखो और मुल सुधार करो
जबतक न सफल हो, नींद चैन का त्याग करो तुम
संघर्ष का मैदान छोड़ कर मत भागे तुम
कुछ किये बगैर जै. जैकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

उत्तराखण्ड में प्रारम्भिक शिक्षा

जगत सिंह बिष्ट, पूर्व महाप्रबंधक, नाबार्ड

1. शिक्षा क्यों: अच्छा जीवन जीने के लिए अच्छी शिक्षा, पर्याप्त आय और उत्तम स्वास्थय आवश्यक हैं। धन विरासत में मिल सकता है और जो ऐसे भाग्यशाली होते हैं उन्हें धन से शिक्षा में सुविधा भी मिलती है, लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए सभी को संघर्ष करना पड़ता है। शिक्षा का ध्येय हर छात्र को इतना सक्षम बनाना है कि वह अपने परिवार का जीवन सार्थक करने के साथ–साथ समाज और देश के लिए भी योगदान कर सके। लेकिन ग्रामीण भारत में शिक्षा का ऐसा योगदान काफी कम है। पिछले कुछ वर्षों में मुझे अपनी पत्नी के साथ उत्तराखण्ड सहित उत्तर भारत के 8 राज्यों में ग्रामीण स्कूलों के छात्रों, उनके अभिभावकों, प्रधानाचार्यों और अध्यापकों से बातचीत करने का अवसर मिला। हमने पाया कि कुछ राज्यों की तुलना में उत्तराखण्ड की शिक्षा न ठीक है और नाही संतोषजनक ही है। हमने उत्तराखण्ड के पौड़ी, उत्तरकाशी, देहरादून, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, नैनीताल, पिथौरागढ़, उधमसिंह नगर और चंपावत के करीब 175 स्कूलों का भ्रमण करने पर पाया कि शिक्षा की स्थिति अपेक्षाकृत बहुत पीछे हैं। बॉकी स्कूलों में भी स्थिति ऐसी ही है जो नव युवाओं के भविष्य के लिए आशा जनक स्थिति नहीं है। इसे सुध ाारना पड़ेगा।

2. कौन जिम्मेदार:

(क) अभिभावक: शिक्षा की इस खराब हालत के लिए अभिभावक अधिक जिम्मेदार हैं। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई में शुरू से सचेत नहीं रहते और बच्चे हर कक्षा में उत्तीर्ण होने पर भी इतने परिष्कृत नहीं हो पाते कि वे परिवार को मजबूत आधार प्रदान कर सकें।

बच्चे को स्कूल में डालने, फीस, पुस्तकें तथा ड्रेस प्रदान करने के बाद अभिभावक निश्चिंत हो जाते हैं। वे यह नहीं देखते कि बच्चे कक्षा में नियमित रहते हैं या नहीं और वे क्या पढ़ रहे हैं। आश्चर्य तो तब होता है जब बच्चे सप्ताह भर तक शादी जैसे आयोजनों में मस्त रहते हैं और अभिभावकों को उनकी पढ़ाई की चिंता नहीं होती। गरीब या अनपढ़ अभिभावक भी यदि निरंतर बच्चों की पढ़ाई में रुचि लेते रहें तो सभी बच्चे उच्च शैक्षिक स्तर प्राप्त कर सकते हैं। इसका उदाहरण अध्यापकों के अपने बच्चों का अच्छा प्रदर्शन है क्योंकि अध्यापक लगातार अपने बच्चों की पढ़ाई में रुचि लेते हैं। अभिभावक रोज बच्चों को स्कूल की पढ़ाई के बारे में पूछें तो बच्चे कक्षा में अध्यापक की बात गौर से सुनने लगेंगे और धीरे–धीरे यह उनकी आदत बन जाएगी। यहीं से बच्चे के सुनहरे भविष्य की नींव पड़ जाती है। यह बात शहरों में काम करने वाले अभिभावकों पर भी लागू होती है। अतः अपने बच्चे की कमजोर शिक्षा के लिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अध्यापकों और सरकार को दोष देने की बजाए अपने योगदान में सुधार करें।

(ख) **अध्यापकः** ग्रामीण भारत के काफी अध्यापकों में उत्साह का अभाव देखने को मिला। हम यहां इसके कारणों पर चर्चा नहीं करेंगे और इसके लिए व्यवस्था को भी दोष देना ठीक नहीं। अध्यापक की शैक्षिक योग्यता कुछ भी रहे वह समय के साथ कुशल अध्यापक सिद्ध हो सकता है अतः शिक्षक का प्रयास हो कि कक्षा के हर छात्र को पाठ समझ आ जाए। जहां कक्षा में 25 प्रतिशत से अधिक छात्र पाठ को समझने में असमर्थ पाए जाएं वहां अध्यापक को अपने पढ़ाने के तौर–तरीकों में बदलाव करना चाहिए। तब महत्वपूर्ण प्रश्न यह होगा कि कैसे पढ़ाया जाए। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसके लिए प्रयोग आवश्यक होंगे। यह काम ध्यान से सुनो'

कहते रहने से नहीं बल्कि नए–नए तरीके अपनाने से ही हो पाएगा। अध्यापकों में उत्साह की कमी और अभिभावकों की उदासीनता के कारण छात्र कक्षा में एकाग्रचित नहीं हो पाते। कुछ सीमा तक खानपान / घर / गांव का माहौल और स्कूल की दूरी / रास्ता, भी इसके लिए जिम्मेदार होते हैं लेकिन इन पर नियंत्रण मुश्किल नहीं। ध्यान से सुनने का एक प्रयोग अनायास ही हमसे भी हो गया जिसमें 12वीं तक के 95 प्रतिशत छात्र उन तीन राज्यों के नाम नहीं बता सके जिन्हें वे अच्छी तरह जानते थे और जिनका उल्लेख उनके समक्ष कुछ ही मिनट पहले किया गया था। अभ्यास के एक प्रयोग में 12वीं कक्षा तक के औसतन 75 प्रतिशत छात्र 3000 में 4 का भाग ठीक नहीं दे पाए जबकि उनमें से अधिकांश को भाग देना आता था। ये हालत मेरे जमाने में भी थे लेकिन तब पढ़ने व रटने की प्राथमिकता थी और हममें से कुछ लोग अपने जीवन में ठीक–ठीक पहुंच गए तथा उम्मीद है कि वे अगली पीढ़ी को भी सुखद भविष्य दे पाने में समर्थ रहे होंगे। अध्यापकों के ऊपर भावी पीढ़ी का सारा रारोमदार है। उन्हें अपनी जिम्मेदी सच्ची लगन से निभानी चाहिए, आखिर यह सैकड़ों बच्चों की जिन्दगी का प्रश्न है।

(ग) **सरकारः** आमतौर पर हम सभी खामियों का दोष सरकार पर मढ़ देते हैं। लेकिन ग्रामीण भारत के कमजोर शिक्षा स्तर के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराना ठीक नहीं। हां अध्यापकों की सुविधा और प्रभाव के कारण उनके ट्रांसफरों के परिणामस्वरूप जो हानि विद्यार्थियों को हो जाती है उसके लिए अवश्य व्यवस्था को दोषी ठहराया जा सकता है। स्थानान्तरण की समस्या से निजात पाने के लिए यह भी हो सकता है कि 8वीं कक्षा तक की पढाई के लिए उन्हीं अभ्यर्थियों को अध्यापक नियुक्त किया जाए जो स्कूलों के आस पास के गांवों में रहते हों। सरकार स्कूलों में आवश्यक सुविधायें ब्लैक बोर्ड, चौंक, बैठने व लिखने के लिए कुर्सियाँ व डेस्क, पीने का पानी,

स्कूल की इमारत की देखभाल की जिम्मेदारी निभायें। अध्यापकों के काम का समय–समय पर निरीक्षण हो और कमियाँ दूर की जायें।

3. **तकनीकी/व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकासः** हमने तकनीकी /व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में देर से कदम रखा। अब इंजीनियर, एमसीए, एमबीए, कृषि विशेषज्ञ, होटल मैनेजमेंट और डिप्लोमाधारी हमारे इलाकों से निकलने लगे हैं। डाक्टरों, नर्सों और फार्मिस्स्टिों के मामले में हम अभी भी पीछे हैं। तकनीकी शिक्षा के बाद अपना रोजगार स्थापित करने के बजाए हमारा जोर विशेष्ज्ञकर सरकारी नौकरी पर रहता है। तकनीकी /व्यावसायिक शिक्षा का लाभ भी जागरूक अभिभावकों ने ही उठाया है। हमें पहाड़ के दो आईटीआई में छात्रों से बात करने का भी अवसर मिला और उनका कहना था कि वे अच्चे वेतन वाली नौकरी प्राप्त कर लेंगे जबकि ऐसा काफी कठिन है। दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण छात्रों को अच्छी छात्रवृत्ति वाले तकनीकी कौशल प्रशिक्षण मिलना चाहिएर। विडबना देखिए कि तकनीकी प्रशिक्षण के बाजाए उन्होंने अकुशल कामगार की के लिए हमने पहले की भी लेकिन अभिभावक चाहते थे कि कोई पक्की नौकरी वाला प्रशिक्षण नौकरी को वरीयता दी और अकुशल कामगारों की हालत जानकारों से छुपी नहीं है। कौशल विकास की हम अभी भी उपेक्षा कर रहे हैं और चाहते हैं कि कोई भी सरकारी नौकरी मिल जाए ताकि क भी न कभी तो नौकरी पक्की हो जाएगी। बस्तुतः बढ़ रहे वित्तीय बोझ के कारण सरकारी नौकरी का जमाना नहीं रहा और जिन्हें सरकारी नौकरी मिल भी जाएगी उनहें अधि ाकांशतः संविदा पर काम करना होगा।

4. **हमारे पूर्वाग्रह :** अशिक्षा या कूपमंडूपता के कारण हम कई पूर्वाग्रहों से घिरे रहते हैं। मसलन भाग्य पर निर्भर रहना, सुधार नहीं हो सकता, अच्छे छात्र तो भगवान की देन होते हैं, अपनी असफलता के लिए दूसरों को दोष देना, अधिक पढ़ने या रटने से कुछ नहीं

होता या कि पढ़ने वाला बच्चा कहीं भी पढ़ सकता है, आदि आदि। हम मेहनत नहीं करते और चाहते हैं कि बच्चा किसी भी तरह पास हो जाए। हम निजी स्कूलों और अग्रेजी माध्यम से भी बच्चों को पढ़ाने का भ्रम पाले हुए हैं जबकि वही अच्छा स्कूल और माध्यम है जो छात्र को अच्छा भविष्य दे सकें और अध्यापक अभिभावक तथा छात्र किसी भी स्कूल को कभी भी अच्छा बना सकते हैं। हमारे के पास का स्कूल अच्छा हो सकता है और यदि इसमें कुछ खामियाँ होंगी तो हम सब दूर कर सकते हैं। अभिभावक जगत में अच्छे स्कूल के लिए एक अंधी दौड़ पूरे देश में चल पड़ी है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन खूब हो रहा है। इस दिशा में जागरूक नागरिक लोगों से समूह में चर्चा करेंगें तो ग्रामीण शिक्षा को नई रोशनी मिल सकती है। हम अपने अनुभव से स्पष्ट करना चाहेंगें तो ग्रामीण शिक्षा को नई रोशनी मिल सकती है। हम अपने अनुभव से स्पष्ट करना चाहेंगे कि बच्चे का भविष्य घर एवं स्कूल में तैयार होता है तथा घर से बड़ा कोई विद्यालय नहीं और माता पिता से बड़ा कोई अध्यापक नहीं।

5. **अंग्रेजी ज्ञान का महत्वः** शिक्षा और रोजगार से जुड़ा एक अहं मसला अंग्रेजी भाषा भी है। भाषा कम्युनिकेशन की प्रभावी कला है और हिन्दी–अंग्रेजी भाषाओं में निपुण होने पर रोजगार आसान हो जाता है। हिन्दी रोज बोलचाल/व्यवहार में प्रयोग करने से आ जाती है लेकिन अंग्रेजी भाषा हमारी शिक्षा में 12वी कक्षा तक अनिवार्य होने पर भी छात्र उसमें निपुणता प्राप्त नहीं कर पाते जिसका प्रतिकूल प्रभाव सीधे रोजगार पर पड़ता है। इसलिए उत्तम हिन्दी के साथ ठीक ठाक अंग्रेजी भी आवश्यक है क्योंकि अंग्रेजी ज्ञान विज्ञान और अन्तराष्ट्रीय कारोबार की भाष्ज्ञों के साथ साथ हमारे देश सहित कई देशों की राजकाज की भाषा भी है। के बिना रोजगार में ऊंचाइयां प्राप्त करना भी कठिन है। अब कक्षा एक से अंग्रेजी पढ़ाए जाने के कारण कुछ सुधार तो हुआ है लेकिन अभी भी कमजोर अंग्रेजी के कारण बड़ी संख्या में हमारे युवाओं की शिक्षा बाधित होकर रह जाती

है। इसके परिणामस्वरूप रोजगार और प्रतियोगिता में अपेक्षित श्रेणी नहीं मिल पाती। इस समस्या के समाधान के लिए अंग्रेजी विषय की अनिवार्यता समाप्त करने सहित कई उपाय सरकार ने किए लेकिन समस्या और उलझती चली गई। अंग्रेजी विषय में पास हो जाने पर भी वास्तव में छात्र अंग्रेजी में कमजोर होने के कारण रोजगार में भी पिछड़ जाते है। वस्तुतः अंग्रेजी भाषा को आसान और रोचक तरीके से पढ़ाने की जरूरत है ताकि छात्रों में अंग्रेजी का डर घर न कर पाए ओर उन्हें अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करने के लिए अधिक श्रम और समय भी न लगाना पड़े। युवाओं को अंग्रेजी उतनी अवश्य आनी चाहिए जिससे कोई नियोक्ता उनके अंग्रेजी ज्ञान के बारे में आश्वस्थ हो सकें। हम यह भी कहना चाहेंगे कि छात्र 10/12 कक्षा में अंग्रेजी अवश्य लें। हां कुछ सीमा तक अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता को समाप्त करने से भी लाभ हो सकता है। इस स्तर पर हम अंग्रेजी पर जोर नहीं देना चाहेंगे क्योंकि इण्टरव्यू में अगर हिन्दी में देने की दूर सभी जगह है और जैसे लिखित अंग्रेजी में निपुण होगा उसे अंग्रेजी बोलने में अधिक समय भी नहीं लगेगा। नियमित रूप से अंग्रेजी पढ़ने लिखने का अभ्यास भी कारगर परिण ाम देता है। हमें एक तथ्य यह भी देखने को मिला कि जो छात्र अंग्रेजी से दूर भागते रहे वे अन्य विषयों में भी कमजोर पाए गए।

(क) ग्रामीण अनुभवों के आधार पर हम बताना चाहेंगे कि अंग्रजी सरल और रुचिकर ढंग से पढ़ाई/पढ़ी जा सकती हैं। आइए अंग्रेजी की ।ए ठए ब्ए क सीखने के बाद छात्रों को एक अक्षर वाले शब्द बताएं जो । और ⁊ हैं। इसके बाद दो अक्षर वाले शब्द निम्नानुसार लिखवाएं/लिखे जा सकते हैं जो अत्यंत सीमित हैं और अर्थ सहित याद रखना कठिन भी नहीं।

अक्षर	2	अक्षर	2	अक्षर	2	अक्षर	2	अक्षर	2
A	AM, AN AS, AT	G	GO	M	ME, MY	S	SO	Y	-
B	BE, BY	H	HE, HI	N	NO	T	TO	Z	-
C	CO	I	IF, IN, IS, IT	O	OF, ON OR, OX	U	UP US		
D	DO	J	-	P	-	V	-		
E	-	K	-	Q	-	W	WE		
F	-	L	LO	R	RE	X			

(ख) उक्त अभ्यास के बाद 3, 4 और 5 अक्षर के शब्द वर्णानुक्रम से लिखने का अभ्यास किया/कराया जाए। इस अभ्यास में शब्द लय में आते हैं इसलिए शब्द B अक्षर से शुरू करने होते हैं लेकिन हमने यहां । से भी शब्द इसलिए शुरू किए है कि कोई खाना खाली न रहे। इसे छात्र अभ्यास के समय स्वतः ही महसूस भी करेंगे। इस अभ्यास में कुछ सार्थक और कुछ निर्थक शब्द बनेगें। पहले A से Z तक लिखे जाने वाले शब्दों का मात्र पहला अक्षर बदलना है और शेष अक्षर यथावत रहते हैं। इसमें छात्रों को शब्द लिखना रुचिकर लगता है। यही रुचि अंग्रेजी लिखने और है सीखने की प्रेरणा देती है। इसके उपरान्त अन्य शब्दों को भी अभ्यास के लिए लिया जा सकता। नीचे दिए गए अभ्यास की तरह इसे किया जा सकता है। 3, 4, और 5 अक्षर से सभी शब्द बनाने के बाद छात्र उन शब्दों पर सही (✓) का निशान लगाएं जो उन्हें विश्वासपूर्वक आते हों। जिन शब्दों के अर्थ छात्रों को न आ रहे हों लेकिन छात्र उन्हें सार्थक महसूस करते हों उन शब्दों पर (?) चिहन लगाया जाए। शेष शब्दों पर (×) चिह्न लगाया जाए। यहां से अंग्रेजी शब्द भंडार बढ़ना आरंभ हो जाएगा।

अक्षर	3	4	5	अक्षर	3	4	5	अक्षर	3	4	5
A	Aap x	Aape x	Apes x	J	Jap ?	Jape?	Japes?	S	Sap?	Sape X	Sap X
B	Bap?	Bape X	Bape X	K	Kap X	Kape X	Kape X	T	Tap X	Tape ✓	Tapex ✓
C	Cap ✓	Cape?	Cape ✓	L	Lap ✓	Lape X	Lape X	U	Uap x	Uape X	Uapes X
D	Dap?	Dape X	Dapex	M	Mab ✓	Mape x	MapesX	V	Vap X	Vape ?	Vape?
E	Exp	Eape X	Eapes X	N	Nap ✓	Nape ✓	Napes ✓	W	Wap X	Wape X	Wapes X
F	Fap X	Fapex	Fapes X	O	Oap X	Lape X	Lapes X	X	Xap X	Xape x	Xapes X
G	Gap ✓	Gape?	Gapes ✓	P	Pap ?	Pape ?	Papes X	Y	Yap ?	Yape X	Yapes X
H	Hap ?	HapeX	HapesX	Q	Qap X	Qape X	QapesX	Z	Zap ?	Zape X	Zapes X
I	Lab X	Lapex	Lapes X	R	Rap?	Rape ✓	Rapes ✓				

(ग) अब छात्र अपनी अंग्रेजी पुस्तक के पहले पाठ से 3 और 4 अक्षर के वे शब्द निम्नानुसार नोट करें जिनके अर्थ वे नहीं जानते हों, फिर शब्दकोश से उन शब्दों के अर्थ ज्ञात कर शब्दों के सामने उनका अर्थ लिख दिया जाए। इसी तरह पाठ 2 और अन्य पाठों के शब्द भी लिखकर उनके अर्थ डिक्शनरी से ज्ञात किए जाएं।

Letters	3	4	Letter	3	4	Letter	3	4
A	Arm, Ant	Acid, Auto	J	Jet, Jar	Just jute	S	Sea, see	Seat, seem
B	Bet, Bit	Bate, Boot	K	Key, Kin	Kite, Kind	T	Tow, Too	Tear, tore
C	Cab, Cut	Care, Cute	L	Lay Lie	Like, lest	U	Use,	User
D	Dig, Don	Door, Dust	M	Mot Met	Must, Most	V	Vie, vow	View, vary

क्योंकि 3 और 4 अक्षर के शब्द बड़ी संख्या में रिपीट होते हैं इसलिए उन्हें आसानी से याद किया जा सकता है कुछ समय बाद छात्र अपने विवेक से अंग्रेजी पाठ्य पुस्तक के 5, 6, 7 और 8 अक्षर वाले के शब्दों के अर्थ भी ज्ञात कर सकते हैं। यह काम विशेष रूप से छुट्टियों में कर लिया जाए। इसके बाद कक्षा में जब अध्यापक पाठ

पढ़ाएंगे तो पाठ समझने में आसानी रहेगी और शब्दों के अर्थ प्रसंग सहित याद हो सकेंगे।

(घ) अब हम अंग्रेजी वाक्य के अभ्यास पर आते हैं। जिसमें हम ग्रामर की बात नहीं करेंगे। नीचे लिखे वाक्य को छात्र अंग्रेजी और हिन्दी में कई रूपों लिखने का अभ्यास करेंगे तो उन्हें पता लग जाएगा कि वाक्य कैसे लिखे जाने चाहिए।

अंग्रेजी वाक्य	हिन्दी वाक्य
He says	वह कहता है
I am alright	मैं ठीक हूं
How are you (alright / not alright) Are you alright (yes/no)	आप कैसे हैं (ठीक हूं/ठीक नहीं हूं) क्या आप ठीक हैं (हां / नहीं)
He says (that) I am alright (but) how are you / (Are) you alright.	वह कहता है (कि) मैं ठीक हूं (लेकिन) आप कैसे हैं (क्या) आप ठीक हैं

ऊपर दिए गए वाक्य वर्तमान काल में है उन्हें छात्र भूतकाल और भविष्य काल में भी लिखने का अभ्यास करें और जानकारों को दिखाएं। तीन दिन उक्त वाक्यों को बार बार वर्तमान, भूत और भविष्य काल में लिखने के बाद उनके प्रश्नवाचक या नकारत्मक वाक्य बनाने का प्रयास करें। पांच दिन के बाद उन्हें अभ्यास रुचिकर लगने लगेंगे। इसके बाद आगे उक्त के आधार पर और वाक्य बनाने में कठिनाई होगी तो अध्यापकों या जानकारों का मार्गदर्शन लेना सहायक होगा। इस तरह के अभ्यास से छात्रों को अनेक तरह के वाक्य लिखने में रचि आएगी और वाक्य सरल लगने लगेंगे। बस दो माह रोज एक–एक घंटे के अभ्यास से अंग्रेजी की समस्या दूर हो सकती है। हां आगे नियमित पढ़ाई और शब्दकोश से सहायता लेना जारी रहना चाहिए। एक वचन, बहुवचन की क्रियाओं का ज्ञान व सही प्रयोग अंग्रेजी की धूरी जिसके चारों तरफ ही बाँकी अंग्रेजी साहित्य घूमता है।

कम्प्यूटर की जानकारी और उस पर अंग्रेजी/हिन्दी टाईपिंग भी सीखी जानी चाहिए। कुछ मिल जाये तो ठीक है नहीं तो ग्रेजुएशन पर ध्यान केन्द्रित करे। ग्रेजुएशन ठीक हो गया तो आगे नौकरी के कई अवसर मिलने आरंभ हो जाते है। अब तक युवक कैरियर के बारे में काफी कुछ जान चुका होता है। ग्रेजुएशन के बाद बी–एड भी किया जा सकता है। दूसरों से जानकारी और परामर्श लेते रहने की समझदारी भी दिखाएं। सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के फार्म भरे जाने चाहिए और उनके लिए तन मन से पढ़ाई हो।

बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह है जिन्हें अध्यापक, अभिभावक (माता–पिता) व सरकार मिलजुल कर एक अच्छे साँचे में डालकर कीमती मूर्ति के रूप में ढाल सकते हैं। यदि सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियाँ सच्चाई के निभाये और बच्चों को उनके भविष्य के बारे में तथा रोजगार के लिए गलाकर (कटथ्रोट) प्रतियोगिता से सजग कराते रहे, उन्हें कठोर परिश्रम कर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते रहें। अभिभावक बच्चों के कार्यकलापों की खबर रखें और उन्हें हमेशा नियत समय पर उठने, पढ़ने खेलने, खाने व सोने की राय दें और अनुशासन के अन्दर रखें तो स्थिति में सुधार आयेगा। हम प्रतिज्ञा करें कि अपने बच्चों के सुखद भविष्य के लिए बच्चों व खुद से कठिन परिश्रम करवायेंगे।

♦♦♦



बारहवीं के बाद के विकल्प

अशोक सिंह
301 प्रियदर्शिनी अपार्टमेन्ट, पटपड़गंज

स्कूली शिक्षा की अंतिम सीढ़ी यानी बारहवीं के बाद भविष्य निर्माण के लिए किस राह को चुना जाए यह अहम् सवाल छात्रों का ही नहीं बल्कि अभिभावकों के लिए भी अक्सर चिंता का विषय होता है। यह समस्या कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों ही प्रकार के विषयों की शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के लिए होती है। विज्ञान की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए इस समस्या का अतिरिक्त महत्व होता है क्योंकि उनके पास अन्य विधाओं की तुलना में कहीं ज्यादा विकल्प होते हैं। ऐसे में चयन कर पाना इतना आसान नहीं रह जाता।

इस लेख में हम विज्ञान विषयों के दायरे में उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्पों पर रोशनी डालने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से कुछ परंपरागत विषयों की श्रेणी वाले विकल्प हैं तो अन्य विकल्प हाल के वर्षों में अस्तित्व में आए विभिन्न विषयों पर आधारित हैं। निस्संदेह इनमें से प्रत्येक का कैरियर निर्माण में अपना विशिष्ट महत्व है, यह तथ्य नजर अंदाज नहीं किया जा सकता।

इससे पहले कि इन विविध कैरियर विकल्पों के बारे में चर्चा करें यह बात स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी भी विषय की विशेषज्ञता हमेशा भविष्य निर्माण की नई राहें स्वयं खोलती है जबकि अच्छे से अच्छे पाठ्यक्रम में औसत प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए सफलता की बुलंदियों को छूना आसान काम नहीं कहा जा सकता। इसलिए हमेशा पढ़ाई को मात्र डिग्री हासिल करने का पर्याय न समझते हुए ज्ञान अर्जन का माध्यम समझना चाहिए।

दूसरी महत्वपूर्ण बात है हमेशा पाठ्यक्रम या विषयों के चयन में अपनी दिलचस्पी रुझान, (रुचि) रुचि और विषयों के बारे में समझ पर अवश्य गौर करना चाहिए। भेड़ चाल में आकर पाठ्यक्रमों या विषयों का चयन करना कतई समझदारी नहीं कहा जा सकता। अक्सर देखा गया है कि प्रतिभावान और मेधावी युवा भी इस प्रकार की गलती कर बैठते हैं और बाद में या तो उन्हें पाठय्क्रम अध ूरा छोड़ना पड़ जाता है या बमुश्किल पास हो पाते हैं। जाहिर है ऐसी स्थिति में भविष्य कितना डांवाडोल होगा इसकी कल्पना करना मुश्किल नहीं है।

एक और अहम् सवाल है कि 'एप्टीट्यूड' का पता कैसे चले। इसके लिए कई कसौटियों का मोटे दौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें बारहवीं स्तर पर विभिन्नन विषयों के प्राप्तांक, अपनी स्वयं की विषयों पर पकड़, अध्यापकों की राय और कैरियर परामर्शदाताओं द्व ारा लिए जाने वाले एप्टीट्यूड टेस्ट। आमतौर पर इन बातों के आध ार पर काफी हद तक युवाओं के सही प्रकार के एप्टीट्यूड का पता लगाया जा सकता है।

इंजीनियरिंगः विज्ञान विषयों की पढ़ाई करने वाले अधिकांश युवाओं का सपना इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिला लेना होता है। इसमें भी आई आई टी, ए आई ई ई ई आदि परीक्षाओं के माध्यम से शीर्ष कॉलेजों में दाखिला लेने का ही प्रयास होता है। ये प्रवेश परीक्षाएं आमतौर से एक जैसी ही होती हैं। परीक्षा में ग्यारहवीं और बारहवीं के सिलेबस से ही प्रश्न होते हैं। प्रश्नों में विषयों की बुनियादी समझ की जांच करने पर ज्यादा जोर दिया जाता है।

वर्तमान में इंजीनियरिंग की 50 से अधिक शाखाओं की शिक्षा वि िभन्न संस्थानों में उपलब्ध है। इसमें कम्प्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल, कैमिकल, टेलीकम्यूनीकेशन,

इंफामेंशन टेक्नोलॉजी, पेट्रोकैमिकल, सिविल इत्यादि का विशेषतौर पर उल्लेख किया जा सकता है। अधिकांश युवाओं की वरीयता सूची में इन्हीं शाखाओं की सूची देखी जा सकती है।

आल इंडिया इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन (ए आई ई ई ई) के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट ूण्पममण्दपबण्पद से प्राप्त की जा सकती है। जबकि विभिन्न प्रदेशों की इंजीनियरिंग चयन परीक्षाओं के लिए 'स्टेट लेबल इंजीनियरिंग एग्जामिनेशन, (एस एल ई ई) की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इनमें आर पी ई टी (राजस्थान), एम पी–सी ई टी (मध्य प्रदेश), यू पी एस ई ए टी (उत्तर प्रदेश), सी ई टी (चंडीगढ़), के सी ई टी (कर्नाटक), सी ई ई टी (हरियाणा), सी ई ई (केरल) आदि का नाम लिया जा सकता है। इन्हीं परीक्षाओं के जरिए विभिन्न प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में भी दाखिले दिए जाते हैं।

मेडिकल : जीव विज्ञान सहित बारहवीं पास करने वाले युवाओं के लिए एम बी बी एस, बी ए एम एस, बी एच एम एस, बी डी एस आदि पाठ्यक्रम प्रमुख रूप से विकल्प हो सकते हैं। इनमें एम बी बी एस और बी डी एस के लिए अखिल भारतीय स्तर की चयन परीक्षाओं के आधार पर दाखिले दिए जाते हैं। जबकि राज्य स्तर के संस्थानों के लिए इंजीनियरिंग की भांति राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इसमें सी बी एस ई द्वारा आयोजित की जाने वाली अखिल भारतीय स्तर की चयन परीक्षा मुख्य है। इसके बारे में अधिक जानकारी सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सी बी एस ई) की वेबसाइट ूण्बइेमण्दपबण्पद से प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि विज्ञान : हाल के वर्षों में व्यावसायिक खेती के क्षेत्र में बढ़ते विदेशी और बड़ी–बड़ी कारपोरेट कंपनियों के निवेश के कारण रा. जगार की संभावनाएं इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ी हैं। इसके अलावा

कृषि अनुसंधान, अध्यापन एवं कृषि सूचना प्रचार–प्रसार कार्यों में भी कृषि उपकरण, उर्वरक और कीटनाशक निर्माता कंपनियों में भी ऐसे कृषि प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता बड़े पैमाने पर रहती है।

कृषि क्षे में बी.एस– सी. और बी.टेक. स्तर के पाठ्यक्रम विभिन्न विधाओं में देश के तमाम कृषि विश्वविद्यालयों में संचालित किए जाते हैं। इन विधाओं में कृषि विज्ञान, बागवानी कृषि इंजीनियरिंग, डेरी टेक्नोलॉजी, रेशम कीट विज्ञान, वानिकी, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा विज्ञान आदि का उल्लेख किया जा सकता है। इनमें भी अखिल भारतीय और प्रादेशिक स्तर की चयन परीक्षाओं के आधार पर दाखिले दिए जाते हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई सी ए आर) की बेबसाइट ूण्पबंतण्दपबण्पद से इस बारे में विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) : जैव प्रौद्योगिकी पर आध ाारित कैरियर संभावनाएं देश–विदेश में देखी जा सकती है। जैव प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम स्नातक स्तर से लेकर डॉक्टरेट स्तर तक देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में उपलब्ध हैं। अमूमन चयन के लिए प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना पड़ता है। इस बारे में विस्तृत जानकारी निम्न संस्थानों से प्राप्त की जा सकती है :

– दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

– इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, (दिल्ली, खड़गपुर आदि)

– उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद, आंध्र प्रदेश

– बखतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, (म.प्र.)

– मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद, (महाराष्ट्र)

– पंजाबी विश्वविद्यालय, चंडीगढ़

– मदुरै कामकाज विश्वविद्यालय, मदुरै, (तिमलनाडु)

– बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, (उत्तर प्रदेश)

– अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, (उत्तर प्रदेश)।

पर्यावरण विज्ञान : पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण प्रशिक्षित पर्यावरण विशेषज्ञों की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। इनकी मांग न सिर्फ औद्योगिक इकाइयों और प्रदूषण विभागों में है बल्कि स्वतंत्र परामर्शदाता के रूप में भी कम नहीं है। पाठ्यक्रमों में प्रदूतषित जल उपचार, सीवर प्रणाली को पर्यावरण हितैषी बनाना, वायु प्रदूषण से बचाव, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, रासायनिक प्रदूषण आदि पर आधारित सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए निम्न संस्थानों से संपर्क किया जा सकता है:

– दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

– विश्वेश्वरैय्या टेक्नोलॉजिकल यूनीवर्सिटी, चिकमंगलूर

– कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आंध्र विश्वविद्यालय, वाल्टेयर, विशाखापट्टनम।

नर्सिंग: प्रशिक्षित नर्सों की आवश्यकता भारत ही नहीं बल्कि पश्चिमी देशों में भी हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण ही चिकित्सा व्यवसाय से जुडे लोगों की मांग में इजाफा आया है। देशस में मुख्य रूप से युवतियों और पहिलाओं के लिए ही नर्सिंग के पाठयक्रम संचालित किए जाते हैं। हालांकि अब पुरुष नर्स की उपयोगिता भी महसूस की जाने लगी है। देश के चंद गिने–चुने

संस्थानों में पुरुष नर्सिंग ट्रेनिंग की भी व्यवस्था है। नर्सिंग का चार वर्षीय पाठ्यक्रम बी.एस–सी (नर्सिंग) है। इसके अलावा मिडवा. इफरी एंड ऑग्जिलरी नर्सिंग, जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी आदि पाठयक्रम भी संचालित किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए निम्न संस्थानों से संपर्क किया जा सकता हैः

– मोतीलाल नेहरू हॉस्पिटल, इलाहाबाद (उ.प्र.)

– महात्मा गांधी हॉस्पिटल, जोधपुर (राजस्थान)

– स्कूल ऑफ नर्सिंग (गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल, दिल्ली।

– कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली

– एस वी बी पी मेमोरियल हॉस्पिटल, विलासपुर (म.प्र.)

– सुचेता कृपलानी हॉस्पिटल, नई दिल्ली।

– स्कूल ऑफ नर्सिंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली।

गृह विज्ञानः इस विषय की पृष्ठभूमि वाले युवाओं के हुनर की उपयोगिता प्रमुख रूप से खद्य प्रसंस्करण उद्योग, समाज सेवा, होटल उद्योग, हैल्थ क्लब, कैटरिंग सर्विस, बाल विकास आदि क्षेत्रों में है। यह विषय दरअसल अपने में कई अन्य विषयों का समागम है। इसमें विज्ञान के परंपरागत विषयों के अलावा पर्यावरण, स्वास्थ्य, पोषण, मनोविज्ञान टेलरिंग, कुकरी इत्यादि का भी समुचित प्रशिक्षण दिया जाता है। बी.एस–सी. (गृह विज्ञान) का तीन वर्षीय पाठ्यक्रम देश भर में फैले हुए संस्थानों में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए निम्न संस्थानों से संपर्क किया जा सकता हैः

– दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

– राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा समस्तीपुर, बिहार

– गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर

– जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू–180001

– इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.)।

पैरामेडिकल कोर्स: फिजियोथिरैपी, सेनिटरी इंस्पेक्टर, मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर इत्यादि जैसे पाठ्यक्रमों की उपयोगिता रोजगार पाने की दृष्टि से काफी बढ़ी है। नए अस्पतालों और डाइग्नोस्टिक सेंटरों के खुलने से प्रशिक्षित कर्मियों के लिए काफी संख्या में राजेगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। बारहवीं में जीव विज्ञान के साथ अन्य विज्ञान विषयों की पृष्ठभूमि वाले युवाओं को ही निर्धारित चयन परीक्षा के आधार पर इन पाठ्यक्रमों में दाखिले दिए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए निम्न संस्थानों से संपर्क किया जा सकता है:

– वेल्लोर मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर (तमिलनाडु)

– इंस्टीट्यूट फार द फिजिकली हैंडिकैप्ड, नई दिल्ली

– आमर्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे (महाराष्ट्र)

– आंध्र मेडिकल कॉलेज, विशाखापट्टनम

– गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, रीवा

– पब्लिक हैल्थ इंस्टीट्यूट, पटना (बिहार)

– क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, लुधियाना (पंजाब)

– मेडिकल कॉलेज, रोहतक (हरियाणा)

मर्चेंट नेवी : समुद्री जहाजों पर बतौर नेविगेटिंग ऑफिसर, मैरीन इंजीनियर या अन्य महत्वपूर्ण मदों पर कार्यरत लोगों को मर्चेंट नेवी का हिस्सा माना जाता है। इनमें यात्राी वाहक और मालवाहक दोनों ही प्रकार के जहाज शामिल हैं। देश में मर्चेंट नेवी से जुड़े प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जहाजरानी मंत्रालय के अधीन कार्यरत डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ शिपिंग पर है। इन पाठ्यक्रमों में बी.एस.सी. (नॉटिकल साइंस) मैरीन इंजीनियरिंग मुख्य हैं। इनमें दाखिले आई आई टी की जी ई ई चयन परीक्षा के आधार पर दिए जाते हैं। अधिक जानकारी : शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया (शिपिंग हाउस, 245 मैडम कामा रोड, मुम्बई) से अथवा इनकी वेबसाइट ूणीपचपदकपंण्बवउ से प्राप्त की जा सकती है।

भूगर्भ विज्ञान

हाल के वर्षों में यह क्षेत्र अत्यंत तेजी से चहुंमुखी तौर पर विकसित हुआ है। इसके अंतर्गत पृथ्वी के गर्भ में छिपो विभिन्न खनिजों, ध ाातुओं और तेल भंडारों का पता लगाने से लेकर उनके उत्खनन और परिशोधन से जुड़े कार्यकलाप भी शामिल हैं। इसी की विशिष्ट उपशाखाओं की बात करें तो इसमें क्रिस्टिलोग्राफी, मिन. रोलॉजी जियोकैमिस्ट्री, जियोफिजिक्स, स्ट्रैटिग्राफी, पैलेन्टोनॉजी, ओशियनोग्राफी, मिट्रियोलॉजी, आदि का खासतौर पर उल्लेख किया जा सकता है।

भूगर्भशास्त्रियों का मुख्य काम जगह–जगह अन्वेषणों के जरिए भूमि की परतों के नीचे छिपे इन उपयोगी भंडारों का पता लगाना और उनके उत्खनन के कार्यों को वैज्ञानिक ढंग से अंजाम देना होता है। देश में बी.एस–सी. (जियोलॉजी)? एम.एस.सी (जियोलॉजी) और एम. टेक स्तर के विभिन्न पाठयक्रम इस क्षेत्र में उपलब्ध हैं।

इस प्रकार की डिग्रियों के बाद तेल, खानों, सिविल कंस्ट्रक्शन के काम में लगी कम्पनियों, भूगर्भ सर्वेक्षण विभागों आदि से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय और श्राष्ट्रीय स्तर की कम्पनिचयों में रोजगार संभावनाएं हो सकत है। प्रमुख संस्थाओं में शामिल हैंः

– दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

– यूनीवसिर्टी ऑफ मुबई, मुंबइ (महाराष्ट्र)

– अन्ना यूनीवर्सिटी, चेन्नई (तमिलनाडु)

फार्मेसी

जीव विज्ञान सहित 10+2 पास करने वाले युवाओं के लिए आयुर्विज्ञान के बाद फार्मेसी के क्षेत्र में भी कैरियर संवारने के पर्याप्त अवसर हैं। इसके तहत विभिन्न दवाओं या औद्याधियों के रासायनिक संघटन, उनकी उत्पादन प्रक्रिया, प्रभाव आदि से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक जानकारियां दी जाती हैं। फार्मेसी का पाठ्यक्रम दसवीं के बाद भी डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम के रूप में भी उपलब्ध है। हालांकि 10+2 के बाद यह चार वर्षीय डिग्री स्तर का पाठ्यक्रम है। इसके बाद रोजगार या स्वरोजगार दोनों प्रकार के अवसरों से लाभ उठाया जा सकता है। इस डिग्री के आधार पर औषधि निर्माण उद्योग की शुरुआत के अलावा कैमिस्टा इाइसेंस भी हासिल किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए निम्न संस्थाओं से सम्पर्क किया जा सकता हैः

– कॉलेज ऑफ फार्मेसी (दिल्ली विश्वविद्यालय), पुष्प विहार, नई दिल्ली

– जामिया विश्वविद्याल, हमदर्द नगर, नई दिल्ली

– डिपार्टमें ऑफ फार्मास्यूटिक्स, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

एंड साइंस, पिलानी, राजस्थान

– बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी, पटना, बिहार।

डिजाइनिंग

अपनी रचनात्मक सोच एवं सृजनशीलता को मूर्त रूप देने के लिए डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपार रोजगार संभावनाओं की तलाश की जा सकती है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जिसमें डिजाइनिंग पर आधारित सोच का इस्तेमाल न किया जाता हो। प्रोडक्ट डिजा. इनिंग, टैक्सटाइल डिलाइनिंग, ज्वैलरी डिजाइनिंग, एनीमेशन डिज. ाइनिंग, फैशन डिजाइनिंग, कंस्ट्रक्शन डिजाइनिंग, आदि कितने ही ऐसे क्षेत्रों का नाम गिनाया जा सकता है जहां डिजाइनरों के कौशल की मोंग होती है। इनके अतिरिकक्त भी एक्सेस्सरी डिजाइनिंग, सिरेमिक्स डिजाइनिंग, एग्जीबिशन डिजाइनिंग, फर्नीचर डिजाइनिंग, आदि का उल्लेख किया जा सकता है। नामी संस्थानों में डिजाइन आधारित पाठ्यक्रमों में चयन परीक्षा के आधार पर दिाखिले दिए जाते हैं। शायद ही कोई ऐसा उद्योग हो जिसमें डिजाइनरों मोंग न हों। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए निम्न संस्थानों से सम्पर्क किया जा सकता है :

– नेशनल इंस्टि्यूट ऑफ डिजाइन, पाल्की, अहमदाबाद (गुजरात)

– नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, हौजखास, नई दिल्ली

– अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, (कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार) नई दिल्ली।

प्लास्टिक टेक्नोलॉजी

प्लास्टिक के बिना वर्तमान विश्व की कल्पना कर पाना भी मुश्किल है। हमारे जीवन और रोजमर्रा की जिन्दगी में प्लास्टिक से बनी हुई वस्तुओं का महत्व दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। प्लास्टिक इंजीनियरों का काम महज कृत्रिम पदार्थों एवं रसायनों का इस्तेमाल कर प्लास्टिक तैयार करना ही है। बल्कि विभिन्न प्रयोजनों में इसके प्रयोग के अनुसार आकृति प्रदान करना तथा मजबूती के वांछित स्तर तक इसे पहुंचाना भी है। धातुओं के घटते प्रयोग साथ–साथ प्लास्टिक से तैयार वस्तुओं का प्रयोग उसी अनुपात में निरंतर बढ़ता जा रहा है। आने वाले समय में प्लास्टिक के अनुप्रयोग की संभावनाएं तेजी से बढ़ेंगी। ऐसे में प्लास्टिक विशेषज्ञों की जरूरत भी तेजी से बढ़ने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। विस्तृत जानकारी निम्न संस्थानों से हासिल की जा सकती हैः

– एच बी टी आई, कानपुर (उ.प्र.)

– यूनीवर्सिटी इंस्टिट्यूट ऑफ कैमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई (महाराष्ट्र)

– इंस्टिट्यूट ऑफ पेट्रोलियम स्टडीज एंड कैमिकल इंजीनियरिंग, अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी, अलीगढ़ (उ.प्र.)

– बिड़ला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची (झारखंड)

– दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बवाना रोड, दिल्ली

– यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र रोड, कोलकाता।

रक्षा सेवा

रोजगार प्रदाता के रूप में रक्षा सेवा का खासा महत्व है। थलसेना,

वायुसेना और नौसेना में प्रत्येक वर्ष अच्छी खासी संख्या में युवाओं की नियुक्तियां की जाती है। इसमें स्कूली शिक्षा से लेकर ग्रेजुएशन की डिग्री वाले युवाओं तक के लिए अलग–अलग अवसर हो सकते हैं।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित की जाने वाली एन डी ए परीक्षा में 10□+ 2 पास युवाओं को अवसर दिए जाते हैं। वायुसेना और नौसेना में खासकन विज्ञान विषयों की शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को प्राथमिकता दी जाती है। इसके अतिरिक्त शर्ट सर्विस कमीशनों के जरिए भी नियुक्तियां समय–समय पर की जाती है।।

10+2 टेक्नीकल एंट्री स्कीम भी इसी प्रकार का एक अन्य विकल्प है। इसके जरिए सेना के ई एम ई और सिग्नल कोर्स एं इंजीनियर कोर में नियुक्तियां की जाती है। ए एफ एम सी, पुणे में एम बी बी एस पाठ्यक्रम में दाखिला और उसके बाद सेना में मेडिकल कोर में नियुक्ति भी इसी का एक अहम् हिस्सा है। इस बारें में विस्तृत जानकारी के लिए निम्न वेबसाइट उपयोगी हो सकती है।

- www.nausena-bharti.mil.in/www.nic.in/armedmedforces/airforce.htm
- www.upsc.gov.in
- www.careeraiforce.nic.in

बीमा

इस क्षेत्र में कुछ समय तक सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का बोल. बाला था। लेकिन सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की बीमा (इंश्योरेंस) कम्पनियों के लिए कारोबार करने की छूट देने के बारे में स्थिति में

काफी बदलाव आ गया है। इससे बीमा कारोबार के नए–नए क्षेत्र उभरकर सामने आए हैं और रोजगार के भी तमाम अवसर सृजित हुए हैं। विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक भारत में बीमा कवरेज के दायरे से बहुसंख्यक जनसंख्या अभी भी बाहर है। ऐसे में आकर्षक बीमा योजनाओं के प्रस्ताव से बड़ी तादाद में लोगों को इस दायरे में ला पाना संभव हो सकेगा। इस बारे में तमाम विश्वविद्यालयों में भी एक्च्यूरियल साइंस पर आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। विस्तृत जानकारी के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

– एक्च्यूरियल सोसायटी ऑफ इंडिया, 9 जीवन उद्योग, 278 डा. डी.एन. रोड, फोर्ट, मुंबई–400001

– मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई (महाराष्ट्र)

– दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

– अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ (उ.प्र.)

– मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई (तमिलनाडु)

– मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, अमृतसर (पंजाब)।

आर्किटैक्चर

इस विशिष्ट पाठ्यक्रम में बिलडिंग कंस्ट्रक्शन एवं डिजाइनिंग के अतिरिक्त बिल्डिंग मैटिरियल उएंड टाउन प्लानिंग, सर्वे से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियों और प्रशिक्षण पर भी जोर दिया जाता है। भविष्य निर्माण की दृष्टि से आर्किटैक्ट का कैरियर कमाई और शेहरत से भरपूर होता है। यही कारण है कि लंबें समय से यह प्रोफेशन युवाओं की प्राथमिकता सूची में सतत बना हुआ है।

देश के अंधिकांश विश्वविद्यालयों में बैचलर ऑफ आर्किटैक्च्र का

पाठ्यक्रम उपलब्ध है। इनमें चयन परीक्षाओं के जरिए ही दाखिले दिए जाते हैं। किसी सरकारी या निजी क्षेत्र की कम्पनी में बतौर आर्किटैक्ट नौकरनी करने के बाद स्वतंत्र रूप से भी यह कार्य किया जा सकता है। अब तो वैसे भी बिल्डंग एवं कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में विदेशी कम्पनियों को कारोबार करने की इजाजत दिए जाने पर सरकारी स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। जाहिर है ऐसे में नए सिरे से संभावनाएं उभरकर सामने आएंगी। चुनिंदा संस्थानों के नाम इस प्रकार हैंः

– स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटैक्चर, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली

– रुड़की यूनीवर्सिटी, रुड़की

– बी आई टी, रांची

– (झारखंड)

– चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटैक्चर, चंडीगढ़

– गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्किटैक्चर, टैगोर रोड, लखनऊ।

सूचना प्रौद्योगिकी

दुनिया भर में आज सूचना प्रौद्योगिकी का बोलबाला है। शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र अछूता होगा जहां सूचना प्रौद्योगिकी का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रयोग न हो।इसका प्रयोग सूचनाओं के आदान–प्रदान में बड़े पैमाने पर हो रहा है। व्यापार, शिक्षा–अनुसंधान आदि असंख्य ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है। मेडिकल ट्रांस्क्रिप्शन एवं अन्य बी पी ओ संबंधित कामकाज सिर्फ सूचना प्रौद्योगिकी के बूते ही चल रहे हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी की शैक्षिक डिग्रियों को आज सफलता के पर्याय के रूप में स्वीकार किया जाने लगा है। देश के नामी विश्वविद्यालयों के अलावा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी के वि. भन्न शाखाओं में बैचलर्स डिग्री के तमाम तरह के पाठ्यक्रम संचा. लित किए जाते हैं। इनमें दाखिले चयन परीक्षा के आधार पर ही दिए जाते हैं। प्रमुख संस्थानों के नाम इस प्रकार हैं:

– इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी, ग्वालियर (मध्यप्रदेश)

– बरहामपुर विश्वविद्यालय, उड़ीसा

– डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, (उ.प्र.)

– गुरू गोबिन्द सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली

– एम जे पी रोहिलखण्ड विश्वविद्यालय, (उ.प्र.)

– कोचीन यूनीवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कोच्चि

– पंजाबी टेक्नीकल यूनीवर्सिटी, पंजाब

– इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी, इलाहाबाद।

♦♦♦

उम्मीदों को पूरा करने की कवायद

पूरन चंद्र काण्डपाल

उत्तरांचल के युवकों का देश के अन्य युवकों की तुलना में जीवनयापन के लिए अधिक जूझना पड़ता है। यों तो सरकारी नौकरियों की अब आशा ही नहीं की जा सकती परंतु इनी–गिनी जो नौकरियां बची है, चाहे वे केन्द्र की हों या राज्य की, उनमें प्रतियोगिता का स्तर इतना ऊँचा पहुँच गया है जिसको छू पाना आम उत्तराखण्डी युवक के बस की बात नहीं। इसका तात्पर्य यह नहीं कि वह बुद्धिमान या योग्य नहीं होता। उत्तरांचल के युवा परिश्रमी कर्मठ, ईमानदार, देशप्रेमी तथा सौपे गए कार्य को करने में पूर्ण सक्षम होते है परंतु बचपन से ही उन्हें अभाव से गुजरना पड़ता है। न उचित शिक्षा मिल पाती है, न रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण। प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले नब्बे प्रतिशत बच्चे घर में पढ़ाई की ओर वांच्छित ध्यान नहीं दे पाते। अपवाद छोड़कर वर्षा पर आधारित खेती–बाड़ी होती है जिसमें वर्ष के तीन महीनों के लिए भी मुश्किल से अनाज उत्पन्न होता है। उसी में बच्चों सहित पूरा परिवार इतना व्यस्त रहता है कि स्कूल से आकर बच्चे घर में बस्ता तक नहीं खोल पाते।

माध्यमिक कक्षाओं में इन बच्चों को शिक्षा बोझ लगने लगती है। अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, अर्थशास्त्र जैसे विषयों से छात्र डरने लगते हैं उम्र बढ़ने के साथ उनकी घर के काम में भागीदारी बढ़ती जाती है। खेती – बाड़ी के काम में तो वे हाथ बटाते ही हैं, इसके अल. ावा पशुओं की देखभाल, चारा काटना, दूर–दराज से पेयजल तथा साग–सब्जियों के पौधों को सिंचित करने की व्यवस्था चक्की से अनाज पिसवाना जंगल से ईधन लाना आदि भी उनकी जिम्मेदारी होती है।

दसवीं कक्षा तक पहुँचते ही छात्र का शिक्षा एवं सामान्य ज्ञान का स्तर साधारण वांच्छित स्तर से कम ही रहता है। अध्ययन के लिए पर्याप्त समय न मिल पाने से कुछ विषयों की गुत्थियाँ अनसुलझाी रह जाती हैं जो छठी से नौवीं कक्षा तक में सुलझ जानी चाहिए थी। परिणामस्वरूप उन्हीं विषयों से छात्र जी चुराने लगते हैं जिनसे उनका भविष्य बनता है। दसवीं–बारहवीं का परिणाम सम्मानजनक नहीं रहता। जिन युवकों को पूरे देश के छात्रों के साथ किसी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेना होता है उन्हें उसके लिए हिंदी या अंग्रेजी में आवेदन तक करना नहीं आता। सामान्य ज्ञान का स्तर रातों–रात नहीं बढ़ाया जा सकता। इसके लिए प्राथमिक कक्षाओं से ही निरंतर अभ्यास अतिआवश्यक है। कक्षा बारहवीं तक यहाँ छात्रों को यह पता नहीं होता कि समाचार पत्र या प्रतियोगिता पत्रिकाएं क्या होती हैं। आज के युग में समाचार पत्र से बढ़कर सामान्य ज्ञान के स्तर को बढ़ाने की कोई औषधि नहीं है। समाचार पत्र का अभाव या ज्ञान अर्जन में कम लगाव इन युवकों को अन्य प्रतियोगी छात्रों के समूह में मूक रहने पर विवश करता है। ऐसी स्थिति में निराशा ही हाथ लगती है। उदाहरण के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की प्रतियोगिताओं में रोजगार कार्यालय का पंजीयन नहीं मांगा जाता। देश का कोई भी बारहवीं उत्तीर्ण युवक आवेदन कर सकता है परंतु सफल तो वही होगा जो अपने बुद्धिबल का वांच्छित प्रदर्शन कर सकेगा।

अपने वर्तमान शिक्षा एवं सामान्य ज्ञान के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए हमें कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। सर्वप्रथम हमें अपने शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक व्यक्तित्व को सुधारना होगा। इसके बिना हम अस्वस्थ हैं। माध्यमिक तथा उच्चतर कक्षाओं में पढ़ रहे या पढ़ाई छोड़ चुके या पढ़ाई कर चुके अधिकांश छात्र धूम्रपान, गुटका, खैनी और प्लास्टिक की थैली में रम गए हैं। कुछ तो भाँग और चरस भी

पी रहे हैं। फलस्वरूप छाती की हड्डियाँ दूर से गिनी जा सकती हैं। आँखों में गड्ढे पड़ गए हैं। चेहरे की कांन्ति विलुप्त होकर बंदर मुखाकृति बन गई है। यौवन पूर्व बुढ़ापा उन्हें घेरे बैठा है। ये युवक सेना में भर्ती होने जाते हैं तो दो किलोमीटर की दौड़ समय पर पूरा नहीं कर सकते। कई युवा तो बीच में हाँफते हुए बाहर आ जाते हैं। जो दौड़ में सफल हो जाते हैं वे सामान्य ओब्जेक्टिव टाइप टेस्ट में रह जाते हैं। फिर खिसियाते हुए कहते हैं,.....हमारी एप्रोच ही नहीं थी, जिनकी थी वे ही पास हुए। ..आज देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, फिर भी यह दावे के साथ कहा जा सकता है कि योग्यता का फल देर–सबेर अवश्य मिलता है। पहले हम स्वयं को योग्य तो बनाएं। महामहिम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अबुल पाकिर जैनुलब्दीन अब्दुल कलाम का उदाहरण देखें। गरीबी और अभाव के कटीले तार उन्हें नहीं उलझा सके। देश का सम्मान बढ़ाते हुए वे धनुषकोटी से राष्ट्रपति भवन तक पहुँच गए। भ्रष्टाचार का नासूर ऐसे कर्मठ लोगों को नहीं बंधता। ऐसे कई उदाहरण हैं। हम सकारात्मक सोच बनाऐं बस! बापू कह गए, ''बेरोजगारी उनके लिए है जो काम नहीं करना चाहते। व्यथ का तर्क न करें क्योंकि इससे लक्ष्य अदृश्य हो जाता है।''

समय का सदुपयोग अवश्य फलदाई होता है। एक क्षण भी बेकार नहीं जाना चाहिए। अध्ययन करें तथा प्रतियोगिता पुस्तकें और समाचार पत्र मिल–जुल कर खरीदें, नोटबुक में लिखने तथा डिक्शनरी (शब्दकोष) देखने की आदत डालें। समाचार अवश्य सुनें। टेलीविजन छोड़ें, बिजली नहीं है मत कहें, लालटेन और दीए की रोशनी में भी लोग आगे बढ़े हैं। निंद्रा–तंद्रा–आलस्य–भय त्यागें तथा अपने पर दया मत करें। जब हमें कहीं पहुँचना होता है, हम रास्ते से वापस नहीं आते। देर–सबेर मंजिल पर अवश्य पहुँचते हैं। यदि आप नियमित तैयारी में जुट गए तो शीघ्र ही परिवर्तन दिखाई देगा।

कुछ पाने के लिए हमें अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। समय किसी को नहीं मिलता, समय तो निकाला जाता है। आपने पिछले चौबीस घंटे कैसे बिताए जरा उन पर सोचें। ईमानदारी से सोचने पर पता चलेगा कि बहुत समय यों ही चला गया। अध्ययन का कार्य कल पर न छोड़ें। कल भी तो अध्ययन करना है। इससे समझौता कैसा? लोगों ने विषम परिस्थितियों में झंडे गाड़े हैं। सफलता की सीढ़ियाँ सकरी ओर टेढ़ी होती हैं।

स्कूल–कॉलेज और अध्यापकों के दोष ढूंढ़ने से भी लाभ नहीं होगा। यहाँ विजय का रास्ता ही मददगार हो सकता है। स्थ. ानीय राजकीय शिक्षण संस्थाओं को ही पूजा स्थल की तरह श्रद्ध ेय समझना होगा। अध्ययन की तुलना हम एक समबाहु त्रिभुज से कर सकते हैं। अध्ययन रूपी इस त्रिभुज की तीनों भुजाओं का जब तक एक समान सहयोग नहीं होगा, फल की प्राप्ति नहीं हो सकती। छात्र–अभिभावक–शिक्षक इस त्रिभुज की तीन भुजाएं हैं। इन तीनों में सबसे अधिक, परिश्रम छात्र को ही करना पड़ेगा क्योंकि फल उसकी ही झोली में गिरना है। दूसरी भुजा अभिभावकों की है जिन्हें अपने छात्र–छात्रा पर पैनी दृष्टि रखनी होगी। पिता–चाचा–ताऊ को अपने बच्चों से बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू, खैनी तथा थैली नहीं मंगानी चाहिए और न उनसे हुक्का भरवाना चाहिए। सत्य तो यह है कि बड़ो को भी इन जहरीली वस्तुओं का त्याग करना चाहिए। यदि अपने बच्चों से ही जहर मंगाएंगे तो उन्हें बचाएंगे कैसे! बच्चे अक्सर बीड़ी के बंडल को खोले बिना ही पीछे से बीड़ी खींच कर निकाल लेते हैं या अभिभावकों की जेब से चुरा लेते हैं। कभी–कभी छात्रों के बस्तों पर दृष्टि डालनी चाहिए। समय रहते ही बच्चों को समझाकर राह भटकने से बचाया जा सकता हैं।

अभिभावकों की जिम्मेदारी रोटी–कपड़ा–स्कूल भर्ती तक ही सीमित नहीं हैं। उन्हें देखना चाहिए कि उनका छात्र नियमित रूप से

स्कूल–कालेज जा रहा है। वह घर से प्रतिदिन जा रहा है परन्तु वहाँ पहुँच भी रहा है या नहीं।

छात्र प्रगति की तीसरी भुजा अध्यापक है। कुछ के कारण सभी अध्यापकों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। ऐसे भी अध्यापक हैं जो पूर्ण ईमानदारी से अपना कर्त्तव्य निभाते हैं। बदलते हुए परिदृश्य में अध्यापक अपने को असुरक्षित समझने लगे हैं। कक्षा में यदि छात्र ध्यान न दें, कार्य न करें, गैरहाजिर रहें या शरारत करें तो अध्यापक इन दुर्योधनों को दण्डित नहीं करते क्योंकि बात का बतंगड़ बनने पर विभाग, अभिभावक तथा छात्र कोई भी उनका समर्थन नहीं करेगा। यदि छात्र–अभिभावक सहयोग करें तो अध्यापक अवश्य करिश्मा कर सकते हैं। इतिहास साक्षी है उत्तरांचल में कई अध्यापकों ने त्याग–परिश्रम के बल पर विद्यालय का नाम तो ऊँचा किया ही है, लोगों के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

अंधविश्वास और रुढ़िवाद के अनगिनत दलदल भी यहाँ पग–पग पर हैं। यहाँ का युवा भी इन दलदलों में धँसा हुआ है। युवा पीढ़ी को इन दलदलों को पहचानना पड़ेगा। अध्ययन से मन न लगने, परीक्षा में असफल होने, स्वास्थ्य कमजोर होने, बेरोजगार रहने तथा कुंठिन रहने पर युवा वर्ग बड़ों के पदचिंहों पर चलते हुए–हाथ दिखाने, पूछ करने तथा जागर आयोजन कराने वाले सलाहकारों का शीघ्र शिकार हो जाता है। इससे कुछ भी लाभ नहीं होता सिवाय धन और समय की बर्बादी के। उत्तरांचल में पग–पग पर पुच्छारी–पुच्छारिनों की भरमार है। जब हम उनसे पूछेंगे तो वे कुछ तो बताऐंगे ही। वे हमारे पास नहीं आते हम उनके पास जाकर भ्रम की सांकलों में बध कर वापस आते है। स्मरण रहे योगेश्वर श्री कृष्ण की वाणी भगवद गीता में स्पष्ट लिखा है कि कर्म के सिवाय जीवन में कोई दूसरा रास्ता नहीं है। हमें अपने दृढ़ संकल्प रूपी धनुष से रूढ़िवाद और अंधविश्वास रूपी जयद्रध का वध स्वयं करना होगा।

अंतिम नहीं, परंतु अंत में कहना चाहूँगा कि मनोबल ने बढ़कर कोई ताकत नहीं होती इसे गिरने न दें। हताश न हों। अध्ययन करें जानकारी बढ़ाऐं। खाली समय में नकदी/मौसमी फसल उगाने में परिवार का सहयोग करें। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए आधुनिक बीजों का अनुसंधान हो चुका है। पारंपरिक बीज तथा कृषि की विधि में बदलाव लाऐं। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर से संपर्क स्थापित करें। आपके क्षेत्र में क्या परियोजनाएं आरंभ की जा सकती हैं, सभापति के सहयोग, क्षेत्र विकास अधिकारी या ब्लॉक प्रमुख को लिखित रूप में दें। अब तो विधायक भी उन्नीस से बढ़कर सत्तर हो गए हैं। हमारी बात उन तक जा सकती है। 'कुछ नहीं होगा' मत कहें। शुरू तो करें। किसी को तो शुरूआत करनी है। पहल करने में हिचक कैसी? कुटीर अथवा लघु उद्योग लगाकर आप स्वरोजगार उत्पन्न कर सकते हैं। पेड़ लगाते ही फल नहीं मिलता। परिश्रम और लगन से सफलता अवश्य मिलती है। कठिनाई अवश्य आएगी। सड़कों का अभाव उद्योगों के पनपने में मुख्य बाधक है। यदि पहल तथा दौड़–धूप करें तो आप अपने गाँव को सड़क से जोड़ सकते हैं।

जीवनयापन का अंतिम विकल्प है पलायन। रोजगार के अभाव में ही पहाड़ से पलायन जारी है। वैसे रुचि तथा योग्यता के अनुसार घर छोड़ने में हिचक कैसी! हरिऔध की कविता 'बूँद' (ज्यों निकल कर बादलों की गोद से–) यही प्रेरित करती है, पलायन कर रोजगार पाना टेढ़ी खीर है। पलायन से महानगरों में पहुँचे युवाओं को बहुत पापड़ बेलने के पश्चात कोई मामूली सा कार्य ही मिल पाता है। यहाँ पहुँच कर युवकों को जीरो से अपना जीवन शुरु करना पड़ता है। यहाँ की शैली में ढलकर पहले कुछ हुनर सीखना पड़ेगा तब कहीं जीवन यापन का जरिया बनता है। यहाँ भोजन, आवास, यातायात एवं प्रशिक्षण पर इतना व्यय हो जाता है कि घर के लिए बचत करना आसान नहीं होता। कुल मिलाकर शुरुआती दौर काँटों से भरा होता

है परंतु इन कांटों में फूल खिलने की आशा से ही पलायन की पीड़ा को सहा जा सकता है। ने ठीक ही कहा हैः 'नर होने निराश करो मन को, बस कामकरो कुछ काम करो!

♦♦♦

हम उत्तराखण्डी

छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी
नये दौर में लिखेंगे हम मिलकर नयी कहानी
हम उत्तराखण्डी हम उत्तराखण्डी.....(2)

आज पुरानी रूढ़ियों को तोड़ चले हैं
क्या देखें उस सिस्टम को जिसे छोड़ चुके हैं
चाँद के दर पर जा पहुँचा है आज जमाना
नये जगत से हम भी नाता जोड़ चुके हैं।
नया खून है नयी उमंगें अब है नयी 'उत्तरायणी'
हम उत्तराखण्डी हम उत्तराखण्डी.....(2)

आओ मेहनत को अपना ईमान बनायें
बेईमानी को राजकाज से दूर भगायें
बद्री, केदार, बागनाथ की देवभूमि को
सपनों से भी प्यारा उतराखण्ड बनायें
नया खून है नयी उमंगे अब हो नयी कहानी
हम उत्तराखण्डी हम उत्तराखण्डी.....(2)

उत्तराखण्ड के युवाओं के लिए उपलब्ध रोजगार के अवसर

रमेश चन्द्रा, Ex-I.G. &
एस॰ पी॰ पोखरियाल, EX-DIG CRPF
केशव सुयाल, DIG BSF)

निम्नलिखित आंकड़ों पर गौर करिए–

(i) भारत में पच्चीस वर्ष से कम आयु की जनसंख्या 60.5 करोड़ है।

(ii) 10 से 19 वर्ष तक की आयु समूह में 20.5 करोड़ संख्या है।

(iii) 2020 तक भारत की औसत आयु 29 वर्ष होगी जबकि अमेरिका की औसत आयु 40 वर्ष यूरोप की 46 वर्ष व जापान की 47 वर्ष होगी।

(iv) अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संघ के आँकड़ों के मुताबिक विश्व में मजदूरों की जनसंख्या में 4 प्रतिशत कमी होगी चीन में यह कमी 5 प्रतिशत होगी लेकिन भारत में इस संख्या में 32 प्रतिशत की वृद्धि ऑकी गई है।

यद्यपि अन्तराष्ट्रीय परिपेक्ष में रोजगार के बहुत अच्छे अवसर दृष्टिगोचर नहीं होते तथापि भारत में सरकारी व उद्योग धंधों में रोजगार की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि अपेक्षित है। युवाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे रोजगार के अवसरों व आवश्यक योग्यताओं के बारे में जानकारी रखें और अपने इच्छित रोजगार के लिए समय पर अच्छे दर्जे की तैयारी करें।

उपरोक्त ऑकड़ों के परिपेक्ष्य में, युवा वर्ग को रोजगारों के लिए आवश्यक योग्यता उपलबध कराने के उद्देश से केन्द्र व राज्य सरकारें, स्किल डेवलपमेन्ट की योजनाएँ आरम्भ कर रही है।

अधिकांश रोजगारों की तैयारियाँ 12वीं कक्षा के पश्चात आरम्भ की जा सकती है। कुछ ही रोजगार है जिनके लिए स्नातक या स्नातकोत्तर शिक्षा की आवश्यकता होती है। अतः रोजगार के क्षेत्र में आगामी वर्षों में सफलता के लिए युवाओं को 10वीं अथवा 12वीं कक्षा के पश्चात् ही व्यक्तिगत या संस्थागत तरीके से अच्छी तैयारी करनी आवश्यक होगी।

अवसरों की उपलब्धता

(a) केन्द्र सरकार के रोजगार :– केन्द्र सरकार में निम्न सर्विस व पदों पर भर्तियॉ होती है।

(i) केन्द्रीय सिविल सेवा, समूह अ एवं ब

(ii) केन्द्रीय कनिष्ठ वर्ग सेवा समूह स

(iii) रक्षा विभाग में थल, वायु एवं नौ सेना में सेवाऐं

(iv) केन्द्रीय सुरक्षा बलों में सेवाऐं:– बी॰एस॰एफ॰, सी॰आर॰पी॰एफ॰, सी॰ आई॰ एस॰ एफ॰, आई॰टी॰बी॰पी॰ व एस॰ एस॰ बी॰

(v) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में – ए॰ ई॰, जे॰ई॰, सर्वेयर, ड्राफ्टमैन, लिपिक सेवा।

(vi) इंजिनियर व स्वास्थ्य विभागों में सेवाऐं।

(vii) उच्च शिक्षा विभाग में पाठन, पुस्तकालयध्यक्ष प्रयोगशाला सहायक, व लिपिक वर्ग में सेवाएं।

(viii) डाक व तार विभाग में टेक्नीशियन व लिपिक वर्ग में।

(ix) रेलवे विभाग में–परिचालक, मैकेनिकल, इलेक्ट्रीकल सि. विल इंजिनियरिंग व लिपिक वर्ग में।

(x) वैज्ञानिक शोध विभाग।

राज्य सरकारों में रोजगार :–

राज्य सरकारों में मुख्यतः निम्न विभागों में रोजगार अवसर उपलब्ध है।

(i) प्रादेशिक प्रशासनिक सेवा

(ii) पुलिस सेवा

(iii) राज्य वन सेवा

(iv) राज्य शिक्षा विभाग।

(v) प्रादेशिक स्वास्थ्य विभाग।

(vi) लोक निर्माण विभाग।

(vii) राज्य बिजली विभाग।

(viii) राज्य टूरिज्म विभाग।

(ix) राज्य कृषि विभाग।

(x) राज्य सिंचाई विभाग।

पब्लिक सेक्टर अन्डर ट्रेकिंगस में :–

प॰ से॰ अ॰ में निम्नलिखित रोजगार के अवसर उपलब्ध है

(i) व्यवसायिक प्रबंधनः– मानव संसाधन, पर्सनल, वित्त, मार्केटिंग व सेल्स।

(ii) टेक्नीकल सेवाऐंः– शोध एवं निकास, डिजाईन, उत्पादन, गुणवत्ता।

(iii) कार्यालय प्रबंधन– कार्यलय सहायक, आशुलिपिक व टंकण

निजि व्यवसाय :–

निजि व्यवसायों को निम्न वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(i) सत्कार सेक्टरः– होटल व रेस्टोरैन्ट प्रबंधन, शैफ व वेटर्स, टूर आपरेटर व टूर गाईड।

(ii) थोक व्यापारः राशन व घरेलू सामान, सामान्य वस्तुऐं, कपड़ा स्टेशनरी, डेरी पोल्ट्री व बेकरी उत्पादन, दूध व जूस बार।

(iii) खुदरा व्यापारः राशन व घरेलू सामान, सामान्य वस्तुऐं, कपड़ा स्टेशनरी, डेरी पोल्ट्री व बेकरी उत्पादन दूध व जूस बार।

(iv) ट्रेड शॉपः– फोटोग्राफी, मोटर मैकेनिक, कारपेन्टी, प्लम्बिंग।

(v) सचिवीय सेवाऐंः– टाइपिंग, प्रिंटिंग, फोटोकॉपी करना, पब्लिसिंग, जिल्द चढ़ाना।

(vi) ऑर्गेनिक खेतीः– ऑर्गेनिक खेतीः ऑर्गेनिक सब्जियाँ, फल, व फूलों की खेती।

5. बॉछनीय ट्रेनिंग कोर्सः

व्यवसायिक क्षेत्र में रोजगार पाने के लिए निम्न में से कोई ट्रेनिंग

कोर्स करना वॉछनीय होगा।

(i) लोकोमोटिव, एयरोनॉटिव, मैरीन इंजनियरिंग से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स।

(ii) मैकेनिकल, इलैक्ट्रीकल इलेक्ट्रानिक्स, सिविल या इंजिनियरिंग से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स।

(iii) कम्प्यूटर सांईस से संबंधित डिग्री /डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट कोर्स।

(iv) बेल्ड करना, मोडना।

(v) डॉफ्ट्रमैनशिप व सर्वेयर की ट्रेनिंग।

(vi) कम्प्यूटर पर टाइप करना व डाटा एंट्री करना।

(vii) व्यवसायिकता।

(viii) सत्कार क्षेत्रः– होटल व रेस्टोरैन्ट प्रबंधन, खाना बनाना व वेटर का कार्य, टूर आपरेटर व टूर गाईड

(ix) लेखा व बहि का कार्य।

(x) कम्पनी प्रतिनिधि का कार्य।

विभिन्न सेवाओं/रोजगारों के लिए योग्यता विज्ञापन व परीक्षा पद्यतियाः

विभिन्न रोजगार हेतु योग्यता, विज्ञापन की विधि, परीक्षा पद्यति के बारे में सामान्य जानकारियाँ निम्नलिखित सारिणी में दी गई हैं। ये जानकारियॉ सामान्य प्रकार की हैं। सही सूचनाएँ विज्ञ. ापनों में देखी जा सकती है।

(a) केंद्रीय सरकार के अंतर्गतः

क्र. सं.	1	2	3	4	5	6	7
	सेवा रोजगार	**प्रवेश स्तर**	**शैक्षिणिक योग्यता**	**आयु**	**विज्ञापन विधि**	**प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की विधि**	**परीक्षा पद्धति**
1	भारत सरकार ग्रुप अ एवं ब	असिस्टेंट कमिष्नर/ असिस्टेंट एस॰पी॰ व अन्य प्रवेष स्तरीय पद	स्नातकोत्तर/ स्नातक	18 से 28 वर्ष अनुसूचित जाति व जन जाति के लिए 5 वर्ष व अन्य पिछड़ें वर्गों की छूट	श्रोजगार समाच. ार/समा चार पत्र, टेलि. विजन	आवेदन द्वारा	मुख्य परीक्षा, इन्टरव्यू, डॉक्टरी जॉच।
2	केन्द्रीय सरकार वर्ग स परीक्षा	डेस्क ऑफिसर/ ऑफिस असिस्टेंट	स्नातक/ 10+2	18 से 28 वर्ष अनुसू. चित जाति व जनजाति के लिए 5 वर्ष व अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 3 वर्षों की छूट	रोजगार समा. चार/ समाचार पत्र, टेलि. विजन	आवेदन द्वारा	लिखित परीक्षा, इन्टरव्यू, डॉक्टरी जॉच।
3	सैन्य बलों में सेवाए	NDA, IMA, CDS, SSC, टेक्नीकल इन्ट्री	10+2 / स्नातक	18 से 22 वर्ष	श्रोजगार समा. चार/ समाचार पत्र, टे. लिविजन	आवेदन द्वारा	लिखित परीक्षाः सामान्य ज्ञान, निबन्ध लेखन, एप्टीट्यूड टेस्ट द्वारा' समूह कार्य व डिस्केषन, अधिकारियों के लिए, इन्टरब्यू, डॉक्टरी जॉच
	सिपाही एयरमैन सेलर	सिपाही एयरमैन सेलर	10वीं/10+2	18 से 22 वर्ष	रोजगार समा. चार/ समाचार पत्र, टे. लिविजन	ऑनलाईन रजिस्ट्रेषन पष्चात्	लिखित परीक्षा सामान्य ज्ञान, निबन्ध लेखन, एप्टीट्यूड टेस्ट, इन्टरब्यू, डॉक्टरी जॉच

4	केन्द्रीय सुरक्षा बल / अद्ध ैसैनिक बल	अधिकारी कनिष्ठ अधि ाकारी हैंड कगकर्ता स्टेबल कॉस्टेबल	स्नातक स्नातक 10+2 10 वीं	18 से 24 वर्ष 18 से 24 वर्ष 18 से 23 वर्ष 18 से 23 वर्ष अनुसू. चित जाति व जनजाति के लिए 5 वर्ष व अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 3 वर्ष की छूट	रोजगार समा. चार / समाचार पत्र, टे. लिविजन	आवेदन से	शारीरिक मापदंड योग्यता लिखित परीक्षा इन्टरव्यू, अधिकारियों के लिए डॉक्टरी जॉच
5	केन्द्रीय कनिष्ठ सहायक	कार्यालय सहायक व समकक्ष	18 से 28 वर्ष	स्नातक / 10 +2	श्रोजगार समा. चार / समाचार पत्र, टे. लिविजन	आवेदन से	लिखित परीक्षा इन्टरव्यू, डॉक्टरी जॉच

(ए) राज्य सरकार के अंतर्गतः

क्र. सं.	1	2	3	4	5	6	7
	सेवा रोजगार	प्रवेष स्तर	शैक्षिणिक योग्यता	आयु	विज्ञापन विधि	प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की विधि	परीक्षा पद्यति
1	ब ग्रुप बी॰	एस॰डी॰एम, एसडीपीओ, नायब तहसीलदार, बी॰डी॰ओ॰ और अन्य पोस्ट	स्नातक	18 से 28 वर्ष सामान्य छूट के साथ	श्रोजगार समाचार / समा चार पत्र, टेलि. विजन	आवेदन से	लिखित परीक्षा इन्टरव्यू, डॉक्टरी जॉच
2	प्रादेषिक	कनिष्ठ सेवाऐं लिपिक वर्ग तथा अन्य	स्नातक 10+2□	18 से 28 वर्ष सामान्य छूट के साथ	रोजगार समाचार / समाचार पत्र, टेलि. विजन	आवेदन से	लिखित परीक्षा इन्टरव्यू, डॉक्टरी जॉच

3	पब्लिक सेक्टर	सहायक मैनेजर, सुपरवाईजर, मानव संसाधन पर्सनल, वित माकि. ंटिंग, सेल्स डिजाइन प्रोडक्सन, गुणवत्ता सोधन विकास, कार्यालय सहायक, आषुलिपिक टाईपिस्ट	एम॰बी॰ए॰, बी॰ टेक डिग्री/ डिप्लोमा, स्नातक, 10+2	18 से 28 वर्ष उपरी सीमा भिन्न हो सकती है।	श्रोजगार समाचार / समाचार पत्र, टेलि. विजन	आवेदन से	थ्लखित परीक्षा इन्टरव्यू, जॉच
4	स्रकारी क्षेत्र	स्हायक प्रबंधन, सुपरवाईजर, स्वागत कार्यालय, सहायक, वेटर, हाउस कीपिंग, सहायक	होटल मैनेजमेन्ट डिप्लोमा, प्रोफेसिंऐंसी सार्टिफिकेट	18 से 28 वर्ष उपरी सीमा भिन्न हो सकती है।	रोजगार समाचार/ समाचार पत्र, टेलि. विजन	कैम्पस सलेक्षन अथवा आवेदन से	लिखित परीक्षा व्यवसायिक परीक्षा इन्टरव्यू, डॉक्टरी जॉच

(ग) निजी व्यवसायः–

होटल व रेस्टोरेन्ट	वांछनीय विषय	बैकअप सपोर्ट	टेक्नीकल सपोर्ट
	1. फिक्स व यातायात के ग्राहक 2. सीजन व पूरे वर्ष का आवागमन 3. ग्राहकों की खर्च क्षमता 4. सामाग्री की उपलब्धता 5. ट्रेनिंगषुदा कर्मचारियों की उपलब्धता 6. मुख्य आफिस, हाउस कीपिंग व किचन व रेस्टोरेन्ट व्यवस्था 7. एकाउन्ट व रजिस्टरों का रख रखाव, इन्सपेक्षन व आडिट	1. मार्केट सर्वे 2. भूमि व धन की व्यवस्था 3. पक्की सड़क की व्यवस्था 4. यातायात के साधन	टूरिज्म व इंडस्ट्रीज विभाग से।

थोक व्यापार	मदों के रूप	तरीका	बैकअप सपोर्ट
	प्रोविजन्स, ग्रोसरी डेरी व बेकरी उत्पाद, खाना पकाने का तेल, सामान्य सामाग्री – नहाने व कपड़े धाने का साबुन, तेल, कीम व पाउडर, साफ–सफाई की सामाग्री, खनिज तेल, ब्छळ व कुकिंग गैस	स्माग्री को मार्केटिंग मुख्य कार्यालय से संपर्क, सुरक्षा धनाराषि को जमा करना, भवन अथवा जगह का प्रबंध, कार्य के लिए धनराषि, ट्रेनिगषुदा स्टाफ का बन्दोबस्त।	व्यवसायिक ट्रेनिंग, वित की बैकों या उद्योग विभाग से व्यवस्था
खुदरा व्यापार		व्यपारियों या डीलरों से संपर्क, सिक्योरिटी डिपोजिट का बन्दोबस्त, भवन व धनराषि का इन्तजाम, ट्रेनिंगषुदा स्टाफ	व्यवसायिक ट्रेनिंग, वित की बैंकों या उद्योग विभाग से व्यवस्था

(घ) ट्रेड शॉप

फोटोग्राफी	मदों	तरीका	बैकअप स्पोर्ट
	स्थिर व चलचित्रण डिवेल. पिंग, एडिटिंग व अलबम बनाना	ITI/ट्रेड टेनिंग भवन व ध नराषि का प्रबंध	उद्योग विभाग से व्यवस्था
मोटर मैकेनिक	अलग–अलग प्रकार की गाड़ियों के विभिन्न असेम्ब. लिंग का सामान्य व विषिष्ट कार्य, इलैक्ट्रीकल ईधन, कूलिंग सिस्टम, तैंलों की बदली व टायर रोटेषन	ITI/ट्रेड टेनिंग भवन व धनराषि का प्रबंध	उद्योग विभाग से व्यवस्था
बेल्डर व टर्नर	काटना व छेद करना घिसना व फिट बैठाना, खोखले व ठोस ट्यूबों को मोड़ना	ITI/ट्रेड टेनिंग भवन व धनराषि का प्रबंध	उद्योग विभाग से व्यवस्था
कार्पेन्टरी	टलग–अलग प्रकार के आ. ैजार व उनके कार्य, काटना, चीरना व जोड़ना कील मारना फ्रेम व स्टैंड बाक्स रैक व कुर्सी, टेबल, सोफा, दरवाजे, फ्रेम व रेलिंग।	ITI/ट्रेड टेनिंग भवन व धनाराषि का प्रबंध	उद्योग विभाग से व्यवस्था
प्लम्बिंग	काटना, छेद करना, घिसना, व फिट करना, किचन व दयलिट की फिटिंग्स, नयें टूल्स की जानकारियॉ व प्रयोग।	ITI/ट्रेड टेनिंग भवन व धनाराषि का प्रबंध	उद्योग विभाग से व्यवस्था

सेक्रेटरिट सर्विसेज	टाइपिंगः हिन्दी व अंग्रेजी पिंटिंगः छायाप्रति : ब्लैक एण्ड व्हाइट कलर छायाप्रति करना। पब्लिसिंग : बड़ी प्रिंटिंग व पब्लिसिंग मशीनों पर काम	ITI/ट्रेड टेनिंग भवन व धनाराषि का प्रबंध	उद्योग विभाग से व्यवस्था

आर्गेनिंक खेतीः–

अनाज फलों व सब्जियों की डिमाण्ड व सप्लाई गैप को भरने के लिए जिनेटीकली मोडीफाई बीजों का बिस्तार से जेविक खेती भी व्यवसायिकता का एक नए विषय के रूप में उभर रहा है।

जैविक सब्जियॉः–	आवश्यक ज्ञान	बैकअप सपोर्ट
	मिट्टी के प्रकार व उपयोगिता, बीजो का रख रखाव, बुवाई का मौसम, सिंचाई की विवियॉ, खाद व उर्वरक, घास व वीड्स, पैराराईट व फुन्जी	भूमि व धन, सिंचाई के साधन, अच्छे बीजों की उपलब्धता, यातायात के साधन, विपणन सपोर्ट, कृषि विभाग विकास अधिकारी
फलों का उत्पादनः–	मिट्टी के प्रकार व उपयोगिता, खाद व उर्वरक पैरासाईअ व फुन्जी, खट्टे व मीठे फल, पौधे लगाने का मौसम, फूलने व फलने का मौसम, बिमारियों में दवाईयों का छिड़काव करना व लम्बे समय तक रखना, जूस व जाम।	भूमि व धन, सिंचाई के साधन, अच्छे बीजों की उपलब्धता, यातायात के साधन, विपणन सपोर्ट, कृषि विभाग विकास अधिकारी
फूलों का उत्पादन	मिट्टी के प्रकार व उपयोगिता, खाद व उर्वरक फूलों के प्रकार, बोले का मौसम, आम बिमारियॉ व उनसे बचाव, सिंचाई व डिड़काव, पैक करना व लम्बे समय तक रखना	भूमि व धन, सिंचाई के साधन, अच्छे बीजों की उपलब्धता, यातायात के साधन, विपणन सपोर्ट, उद्यान विभाग विकास अधिकारी

सामान्य तैयारियॉ :–

इस प्रकार विभिन्न सेवाऐं व व्यवसाय के लिए विषेष प्रकार की तैयारियॉ आवष्यक है। लेकिन व्यक्तित्व विकास के लिए पृथक व विषिष्ट तैयारी आवष्यक है जो निम्नवत् है

1. अपने अध्ययन के विषयों की जानकारी का विष्वास।

2. अपने चारों ओर होने वाली घटनाओं की सूचना।

3. राष्ट्रीय व प्रान्तीय स्तर पर चल रहे सम – सामयिक प्रसंगं की जानकारी।

इन मदों की पूर्ति के लिए अपने अध्ययन की पुस्तकों का समय – समय पर पुनर्वलोकन, समाचार पत्र व पत्रिकाओं का सुचारु रूप से अध्ययन व सम – सामयिक विषयों पर चर्चाऐं करना व सुनना आवष्यक होता है।

♦♦♦



प्रतियोगिता–परीक्षाओं हेतु आवश्यक तैयारियां

कृश्न आर्य, (से.नि.) आई.ए.एस.
(पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग)

राजा–महाराजाओं और सामन्तों के दौर में मुख्य प्रशासनिक पदों पर राजघरानों और उनके रिश्तेदारों का ही एकाधिकार होता था। इस संदर्भ में नागरिकों की योग्यता–अयोग्यता कोई मायने नहीं रखती थी परंतु आम नागरिक योग्य होने के बावजूद भी इन पदों पर यदा–कदा ही रखे जाते थे। अंग्रेजों के शासन काल के प्रारंभिक दौर में उच्च पदों पर अंग्रेज व्यक्ति ही विराजमान रहते थे। निम्न पदों पर प्रायः उनके चाटुकारों को रखा जाता था। गवर्नमेन्ट ऑफ इंडिया एक्ट, 1919 के लॉ–कमीशन ने सरकारी अधिकारियों के चयन हेतु एक निष्पक्ष ऐजेंसी के गठन की सिफारिस की, जो योग्यता के आधार पर सरकारी अधिकारियों का चयन कर सके। इसके आधार पर सन 1926 में प्रथम रॉयल पब्लिक सर्विस कमीशन की स्थापना हुई। स्वतंत्रता के बाद सन 1950 में भारतीय संविधान के अन्तर्गत विशेष प्रावधानों के साथ संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) एवं राज्यों में प्रदेश लोक सेवा आयोगों का गठन किया गया। संविधान के अनुछेद 16 के अन्तर्गत राजकीय सेवाओं में जाति, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा, प्रदेश, निवास स्थान और लिंग के भेदभाव के बिना भारत देश के नागरिकों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के समान अवसरों का मौलिक अधिकार है। चयन योगताओं व समानताओं के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया जाना आवश्यक है, ताकि किसी तरह का पक्षपात, भाई भतीजा–वाद, राजनैतिक दबाव व रिश्वत–खोरी का सहारा न लिया जा सके। संविधान के अनुच्छेद 16 (4) के अन्तर्गत सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर और पिछडे समुदाय

के लोगों को सरकारी सेवाओं में उनकी जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिल सके इसलिए पदों में अनुपातिक आरक्षण करने के लिए सरकारों को स्वतंत्रता के साथ–साथ संवैधानिक बाध्यता है, ताकि सदियों से चले आ रहे आर्थिक, समाजिक व शैक्षणिक भेदभाव और शोषण जनित पिछड़ेपन से उन्हें मुक्त कर उनको प्रगति एवं विकास का अवसर प्रदान किया जा सके और वे समाज में बराबरी तथा सम्मान का दर्जा पा सकें एवं समाज के अभिन्न अंग बन सकें। इसके अलावा सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया में योग्ता व समानता ही चयन के एकमात्र आधार तथा मूलमंत्र हैं। संविधान में लोक सेवा आयोगों की पूर्ण स्वायता के समुचिति प्रावधान किये गये हैं।

वर्तमान प्रणाली में हर प्रकार की सेवाओं में प्रतियोगिता परीक्षाओं की अनिवार्यता निश्चित है। पब्लिक सैक्टर कम्पनियों के लिए पब्लिक इंटर प्राइजेज सलेक्शन बोर्ड के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षओं का आयोजन होता है। बैंको के लिए भी इसी तरह के प्रावधान हैं। सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों व कनिष्ठ पदों के लिए स्टाफ सलेक्शनबोर्ड या सबोर्डिनेट सर्विसेज सलेक्शन बोर्ड द्वारा चयन प्रक्रिया पारदर्शी विधि से आयोजित की जाती है। प्राइवेट सेक्टर में भी विशेष योग्यता, दक्षता व कम्पनी की विशिष्ट–जरूरतों के अनुसार मैनेजमेंट ग्रेज्यूयेट व टक्नीकली क्वालीफाइड लोगों को कठिन प्रतियोगिता से गुजरना पड़ता है, परंतु मैरिट/दक्षता ही चयन का आधार होता है।

रोजगार की तलाश करने वाले युवक–युवतियों के लिए मुख्यतः निम्नलिखित सेवाओं में अवसर तलाश करने की सलाह दी जाती है–

1. **प्रशासनिक सेवा (सिविल सर्विसेज)**– प्रशासनिक सेवायें, पुलिस वन, इनकम टैक्स, सेन्ट्रल इक्सा., आडिट–एकान्टस, रेलवेज, इन्जिनियरिंग, मेडिकल, सेवा, शिक्षण, कृषि, वागवानी, आई.टी.

(कम्प्यूटर संबंधित) इत्यादि।

2. **सेना, एअर फोर्स, नेवी व अर्ध सैनिक बल)** – 'सेना वायु सेना व नेवी से संबंधित सेवाओं में (इंजिनिरिग, मेडीकल कम्यिनकेश, आर्मी सपलाई कोर, एज्यूकेशन कोर, नर्सिंग सेवायें में इत्यादि। बोर्डर स्क्यूरिटी फोर्स, सी.आर.पी.एफ, सी.आई.एस.एफ., आई.टी.बी.पी., एन.एस.सी., इन्टेलीजेन्स, आर.ए.डब्ल्यू।

3. **अधीनस्थ सेवाएं (सबोर्डिनेट सर्विसेज)**– सैक्रेटरियेट सेवायें, पी.ए., राज्य स्तर की रेवन्यू, फारेस्ट, राजकीय विद्यालयों के शिक्षक व पैरामेडिकल स्टाफ इत्यादि।

4. **सार्वजनिक उपक्रम (पब्लिक सैक्टर अन्डर टेकिंग/ सरकारी कम्पनियां)**– करीब 150 हैं, तथा राज्य स्तर पर भी होती हैं यथा इन्डस्ट्रीज कार्पोरेशन, टूरिज्म कार्पोरशन, हौर्टीकल्चर डिवलप्मेंट कार्पोरेशन इत्यादि।

5. **स्थानीय सरकारी संस्थान (लोकल सेल्फ गवर्नमेंट संस्थान)**– नगर निगम, जिला परिषद कार्यालय इत्यादि में उपलब्ध सेवायें।

6. **न्याय पालिका**– जूनियर ग्रेड ज्यूडिशियल अधिकारी (मुन्शिफ स्तर पर) विभिन्न उच्च व जिला न्यायालयों में लिपिक, स्टेनो टाइपिस्ट क्लास IV स्टाफ के पद।

7. **बैंक एंव बीमा क्षेत्र (बैकिंग व इन्सोरेन्स सेक्टर)**– प्रोबेशनरी आफीसर, क्लेरीकल पद एवं कैशीयर तथा सेक्यूरीट व चपरासी पद।

8. **राज्य व जिला स्तर कार्यालय**– उपरोक्त केन्द्रीय सरकार के समक्ष लगभग सभी विभागों में रिक्तियां होती हैं। जिला स्तर पर

विकास संबंधित बहुत पद उपलब्ध होते हैं।

9. **विश्व विद्यालय व अन्य शिक्षा संस्थान**– उच्च व माध्यमिक स्तर के लेक्चरर शिक्षकों के सैकड़ों पद उपलब्ध हैं जिनमें अक्सर भर्ती होती रहती है।

10. **निजि सैक्टर**– निजीकरण व वैश्वीकरण (प्राइवेटाइजेशन व गैलोब लाइजेस) के वर्तमान युग में हजारों निजी उद्योग व व्यापारिक कंपनियों ने रोजगार का बहुत बड़ा बाजार उपलब्ध कराया है। जिसमें इन्जिनियर्स, मैनेजमेंट–ग्रेजुयेटस, कम्प्यूटर व इलैक्ट्रोनिक्स की शिक्षा व ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं के लिए अपार अवसर उपलब्ध हैं प्रोडेक्शन, मार्केटिंग, सेल्स, पब्लिसीटी व एच.आर.डी में सैकड़ों प्रशिक्षित (ट्रेन्ड) युवकों की आवश्यकता है।

उपरोक्त सेवाओं के अलावा अन्य कई जगहों पर अवसर उपलब्ध हैं। अपनी शिक्षा, प्रशिक्षण, योग्यता तथा विशिष्ट दक्षता व स्वेच्छा, अनुभव के अनुसार रोजगार के लिए प्रयास करना उपयोगी है। परंतु परीक्षा/प्रतियोगिता हर पद व नौकरी के लिए आवश्यक है। अतः प्रतियोगिता की तैयारी के लिए निम्नलिखित मार्गदर्शी सिद्धांत उपयोगी होंगे।

प्रशासनिक सेवा परीक्षा (सिविल सर्विसेज)– रोजगार की तलाश करने वाले युवाओं में सरकारी नौकरियां सबसे ऊंची पसंद व लोकप्रिय रही हैं, उनमें से प्रशासनिक सेवायें सर्वोच्च स्थान पर हैं। प्रशासनिक सेवायें केवल रोजगार कमाने का साधन मात्र नहीं हैं बल्कि देश–प्रदेश व समाज की सेवा करने का सबसे अच्छा माध्यम हैं, गरीबों, मजबूरो व जरूरत मंदो की मदद का सबसे अच्छा साधन हैं, समाज के पिछडे और कमजोर वर्गों को शोषण व अन्याय के खिलाफ संरक्षण और न्याय दिलाने व उनके उत्थान व प्रगति का एकमात्र जरिया है। परंपरागत तरीके से प्रशासनिक अधिकारी

हमेशा सम्मान व शक्ति के केन्द्र (पावार सेन्टर) माने जाते हैं। सरकारी नीतियों के निर्धारण व कार्यान्वयन में इनकी मुख्य भूमिका रही है। सभी सरकारी नौकरियों में प्रायः जॉब सिक्यूरिटी है, समयबद्ध प्रमोशन, सपरिवार चिकित्सा, लीव–ट्रेवल–कन्सेशन व आवास व परिवहन की सुविधायें मिलती हैं और सबसे अच्छा है सेवानिवृत्ति के पश्चात पेन्शन व महंगाई भत्ता उपलब्ध है जो वृद्ध ावस्था में बहुत बड़ा सहारा है, परिवार व बच्चों पर आश्रित होने से बचाते हैं, स्वावलम्बी व सम्मानित जीवन देते हैं।

राजकीय सेवाओं में खाली हुए (गजेटेड) पदों के लिए लोक सेवा आयोग तथा नानगजेटेड पदों के लिए अधीनस्थ सेवा बोर्ड, समय–समय पर राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर के प्रमुख समाचार पत्रों तथा आयोग के वेबसाइट www.ukpsc.gov.in में प्रकाशित किये जाते हैं जिनमें पदों के नाम, रिक्तियों की संख्या, वेतनमान, परीक्षा–पाठ्यक्रम, प्रश्न पत्रों की संख्या, परीक्षा का प्रारूप, परीक्षा शुल्क, आवेदन का प्रारूप, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व ओ.बी.सी. के लिए लागू आरक्षण आदि की संपूर्ण सूचना प्रसारित की जाती है। अतः रोजगार की तलाश करने वाले स्नातक/स्नातकोतर युवाओं को सदा सजग रहना चाहिए, और इन विज्ञप्तियों/विज्ञापनों को गौर से पढ़ना चाहिए और किसी जानकार व्यक्ति के निर्देशन में शीघ्रातिशीघ्र आवेदन पत्र भरने का प्रयास करना चाहिए। आवेदन पत्र सही भरा जाना आवश्यक है। दक्षता के आधार पर परीक्षा साक्षात्मकार में प्रयोग भाषा का विवरण ठीक से दे। फार्म में जन्म तिथि, आरक्षण की श्रेणी व उपश्रेणी, लम्बत व क्षतिजीय **अनिवार्य और विशेष–शैक्षिक अर्हताओं** को बहुत सावधानी से सही प्रकोष्टों (ब्रेकेटस) में भरना चाहिए, इनकी अनेक बार जांच करें। महिला अभ्यार्थियों व विकलांगों को प्रदेश की प्रणाली के अनुसार आरक्षण क्लेम किये वगैर आरक्षण नहीं मिल सकेगा। इस आशय के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र

निर्धारित प्रारूप में निर्दिष्ट अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए वरना यह वैध नहीं होगा। पूर्व सैनिकों व स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों पर भी यह पूर्णतः लागू होता है। सभी तरह के आरक्षण सही कालम में दावा न करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

पूर्णतः भरे गये आवेदन पत्र की फोटोकापी अपने पास रखें तथा फार्म को स्पीड पोस्ट द्वारा अन्तिम तिथि से काफी पहले भेज दें अथवा कम्प्यूटर की सहायता से ऑन लाइन आवेदन करें। और उसकी प्रतिलिपि अपने पास रखें। सेवाओं का क्रमवार चयन समझदारी से करें। प्रशासनिक सेवा (सिविल सर्विसेज) परीक्षा तीन चरणों में होती है।

1. **प्रारंभिक (प्रिलिम्स) परीक्षा**– जो आवेदकों की विशाल संख्या कम करने के आशय से छटनी के बतौर ली जाती है और औब्जैक्टिव (वस्तु–परक) होती है जिसमें दो प्रश्न पत्र **सामान्य ज्ञान**– (अंग्रेजी हिन्दी में दक्षता, समान्य विज्ञान, सामान्य गणित, राष्ट्रीय (स्वतंत्रा) का इतिहास, भूगोल, राजनैतिक प्रणाली, देश की आर्थिक प्रणाली, पर्यावरण इत्यादि)। तथा दूसरा **सी–सैट** (तार्किक–कौशल; अंको की तालिका आदि का विश्लेषण (काम्प्रीहैंशन), निर्णय क्षमता, कम्यूनिकेशन स्किल, वाक–चातुर्य, अंग्रेजी का व्यवहारिक ज्ञान आदि पर आधारित प्रश्न) हर प्रश्न पत्र समय 2 घंटे; पूर्णांक 100 प्रति प्रश्नपत्र होता है। गलत उत्तर पर निगेटिव मार्किंग होती है। उत्तर OMR प्रारूप में दिये जाने होते हैं। प्राप्तांक मैरिट लिस्ट में नहीं जुड़ते हैं परंतु अगली (मुख्य) परीक्षा के लिए कट–आफ मार्क से ऊपर लाने पर ही मौका मिलता है। उत्तर सटीक व स्पीड अच्छी होना आवश्यक है। सामान्य ज्ञान का क्षेत्र विस्तृत है कुल समय का 60 प्रतिशत इसे तैयार करने में लगाना चाहिए; शेष 40 प्रतिशत सी–सेट की तैयारी में। प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई जरूरी है।

2. **मुख्य परीक्षा**– बैकल्पिक विषयों के प्रश्न पत्र को हटाकर मुख्य परीक्षा में नौ (9) प्रश्न पत्रों को सम्मिलित किया गया है। जो अनिवार्य है। जिनमें भाषा (सामान्य हिन्दी तथा अंग्रेजी में निबन्ध) भारत का इतिहास, राष्ट्रीय आन्दोलन (आजादी की लड़ाई), समाज एवं संस्कृति, भारतीय राजनैतिक प्रणाली, सामाजिक न्याय एवं अन्तर्राष्ट्रीय–संबंध; भारत एवं विश्व का भूगोल, आर्थिक एवं सामाजिक विकास, समान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, तथा सामान्य अभिरूची एवं आचार शास्त्र शामिल हैं। इन विषयों के साथ–साथ भारतीय संविधान व यू. एन. ओ. का गहन अध्यन आवश्य है। सतंही ज्ञान पर भरोसा न करें। विशेषज्ञों के अनुसार एन.सी.ई.आर.टी. के 10+2 स्तर की पाठ्य पुस्तकों का भली भांति अध्यन लाभदायक होगा। अनेक पुस्तकों के बजाय कुछ स्टेन्डर्ड पुस्तकों को बार–बार ध्यान से पढ़ना अधिक फायदेमंद होगा। विभिन्न विषयों में हिन्दी व अंग्रेजी में निबंध लिखने की खूब प्रक्टिस करें।

आयोग द्वारा समर्थित (एप्रूवड) पाठ्यक्रम के अनुसार सभी विषयों का गहन अध्यन करें। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों से प्रश्न पूछने का ट्रेन्ड मालूम होगा, उसी अनुसार तैयारी करें। आवश्यक हो तो कोचिंग भी ली जा सकती हैं। जो पढ़ें उसे याद रखें, और अपने उत्तरों में सही तरीके से उस ज्ञान का प्रयोग करें।

3. **साक्षात्कार (इंटरव्यू)**– चयन प्रक्रिया का अगला व अन्तिम चरण है। साक्षात्कार, जिसके लिए रिक्त स्थानों के तीन गुना परीक्षार्थियों को मैरिट के अनुसार, जनरल, एस.सी., एस.टी. व ओ. बी.सी., श्रेणियों से वरीयता क्रम में चयन कर बुलाया जाता है। इस स्तर पर अभ्यर्थियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, प्रभावी वार्ता कौशल, सामयिक विषयों पर आपका ज्ञान व आपके विचार एवं मत, नेतृत्व कौशल जैसी प्रतिभाओं का परीक्षण करने वाले प्रश्न पूछे जाते हैं,

जिन के जबाव तुरंत, सटीक व और प्रभावशील तरीके से दिये जाने चाहिए, घबराहट व हड़बड़ाहट में गोल–मोल उत्तर न दें। सही उत्तर न मालूम होने पर विन्रमता पूर्वक अपनी असमर्थता व्यक्त करते हुए अगले प्रश्न की प्रतिक्षा करें; परंतु ब्लफ करने की कदापि कोशीश न करें। पूरे वार्तालाप में स्वाभाविक व सरल बने रहें न नर्वस हो और न उत्तेजित। सुरूचिपूर्ण (न बहुत भड़कीले न बहुत डल) परिधान (ड्रेस/सूट) पहनें जो कि इस विशेष अवसर के लिए सर्वोत्तम हो, उसमें प्रेस ठीक से हो, सिलवटें न पड़ी हो। प्रवेश की आज्ञा लें, कुर्सी में बैठने के आग्रह का इन्तजार करें, उसके पहिले बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्यों का अभिवाद करें। बैठने का पोस्चर उचित हो, कमर सीधी, सर ऊंचा, नजर चयन बोर्ड के सामने रखे, चेहरे पर प्रसन्नता की झलक हो, पर्सनेल्टी से आत्म–विश्वास भरी विनम्रता परिलक्षित हो। उत्तर में अच्छी शब्दावली का सही उच्चारण के साथ प्रयोग करें। उत्तर देने में आनावश्यक जल्दी न करें थोड़ा समझकर, सोचकर, उत्साहित होकर सटीक जबाव दें। बोर्ड के किसी सदस्य से विवाद न करें। उत्तरों में आपका दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए। हाथों को अनावश्यक तरीके से न हिलाये तथा यदि कोई तकिया–कलाम जिसके आप आदि हों, तो भूल कर भी उसका प्रयोग न करें यथा–यानी कि, मतलब कि इत्यादि। मोबाइल फोन को बंद रखें, गला सूखने पर पीने के पानी का आग्रह कर सकते हैं। यदि किसी प्रश्न का उत्तर न जानते हों तो हतोत्साहित व उदासिन हों; न उसे अपने व्यवहार में झलकने दें। अपने प्रदेश के बारे में अधिक से अधिक जानकारी रखें, यथा मुख्य शहर, नदियां, तालाब, तीर्थस्थल व घटनायें, शिक्षा–संस्थान (यूनिवर्सिटीज एवं अन्य प्रमुख इकाईयां) एरिया, पौपूलेशन, लिटरेसी परसेन्टेज, मुख्य मंत्री, पार्टी इन पावर, इत्यादि व गरीबो, पिछड़े वर्ग के लोगों के प्रति आपका दृष्टकोण क्या और कैसा रहेगा। उनके हितों व विकास के प्रति आपके विचार व

कार्यशैली पर प्रश्न पूछे जा सकते हैं। अपने विशेष एकाम्प्लीसमेंट, पुरस्कार, हौबीज के बारे में पूर्ण रूप से तैयार होकर जायें। चयन हो जाने पर आपकी जिम्मेदारियों, कार्यशैली आदि पर विस्तृत जानकारी रखे। अपने विचारों को स्पष्ट शुद्ध शब्दों में व्यक्त करने की क्षमता जरूरी है। आपकी निष्पक्षता, कर्मठता, सत्यानिष्ठा व इमानदारी जैसे गुणों को जज करने के लिए उचित सवाल पूछे जा सकते हैं। चूंकि साक्षात्कार का कोई निर्धारित पाठक्रम नहीं होता है अतः कुछ भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं, फिर भी करैन्ट एफेयर्स से भली भांति परिचित रहें। भारतीय संविधान व राजनैतिक प्रणाली (प्रजातंत्र) संयुक्तराष्ट्र संगठन, भारत की आर्थिक प्रगति भी भली–भांति पढ़कर जायें, विश्वशांति के लिए प्रमुख खतरों की जानकारी होने से लाभ होगा, विज्ञान में आधुनिक खोजों के बारे में भी जानें प्रमुख खेलों से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ भी पढ़कर जायें।

अन्त में सफलता के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दें–

1. दृढ़ संकल्प हर सफलता की जड़ है और कठोर परिश्रम उस जड़ के लिए खाद और पानी। अतः उठते–बैठते, सोते–जागते यही सोचते रहें कि हमें सिविल सर्विसेज कम्बाइड एग्जाम में सफल होना है। अन्य सारे कार्य रूक सकते हैं परंतु परीक्षा नहीं रुकेगी। समय किसी का इंतजार नहीं करता, समय की कीमत और महत्व समझें। एक पल भी घूमने–फिरने, आमोद–प्रमोद, मनोरंज व विश्राम के नाम पर नष्ट न करें, समय–सारणी बनाकर योजनाबद्ध तरीके से हर विषय पर यथोचित समय दें। हर रोज 8 से 10 घंटे तक पढ़ाई करें। एकाग्रता व मानसिक शांति व संतुलन बनाये रखें। अपने संपूर्ण आत्मविश्वास से मेहनत करें तो, लक्ष हासिल कर लेगें। प्ररिश्रम का कोई विकल्प नहीं है।

2. हर बात को बारीकी से पढ़े, समझें और याद रखें। हमेशा जागरूक रहें, दो–तीन अच्छे समाचार पत्रों के मुख पृष्ठ व संपादकीय को नियमित रूप से पढ़ें। प्रमुख घटनाओं को नोट करके संभालकर रखें ताकि साक्षात्कार के पूर्व देख सकें। जानकार लोगों से अहम मुद्दों पर वार्तालाप करके अपना ज्ञान व समझ बढ़ायें। टी.वी. सिर्फ समाचारों व सामयिक घटनाओं के लिए देखें। जिन विषयों में आपकी पकड़ अच्छी नहीं, उनमें अपने पुराने प्रवक्ताओं से मदद लें। उनके दिशा–निर्देश के अनुसार चलें। यदि संभव हो तो अच्छी संस्था से कोंचिंग भी ली जा सकती है। जरूरत पड़ने पर गाईडस व कम्पीटिशन मास्टर की मदद भी लें। अर्थात सफलता के हर किसी रास्ते को आजमायें ताकि आप अवश्य सफल हों।

3. एक अच्छे, खुशनुमा, प्रभावशाली, नेतृत्व–कौशल के भरे व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करें, बोल–चाल में अच्छे हाव–भाव व आदतों से प्रभावशाली बने। ये गुण जन्मजात न होने पर भी बात–चीत, व्यवहार में अच्छे तौर–तरीकों का समावेश करके प्राप्त व विकसित किये जा सकते हैं। अन्ध विश्वास व संकुचित विचारों से उभर कर साइन्टिफिक टैम्पर का अनुकरण करें।

4. दिल में उत्साह–उमंग से भरे रहें। आलस्य व आज का काम कल पर टालने की आदत से छुटकारा पायें। आराम को हराम समझें। हमेशा कुछ विशेष कर दिखाने का दृढ़ संकल्प लें। आत्मविश्वास से भरपूर रहें, किसी तरह की हीन भावना के शिकार न बनें।

5. कम्प्यूटर का समुचित ज्ञान आवश्यक है। इन्टर्नेट में ज्ञान का भण्डार भरा पड़ा है, अपनी जरूरत की सूचना इससे निकालें। ओ.एम.आर. शीट पर काम करने का बार–बार अभ्यास करें।

6. आवेदन पत्र में भरे स्वयं के प्रति सूचना का ध्यान रखें

उसमें जो एकस्ट्रा–केरीक्यूलर एक्टीविटीज का जिक्र किया है उनके बारे में विस्तृत व समग्र जानकारी हासिल करके जायें। साक्षात्कार में उनसे संबंधित कई प्रश्न पूछे जा सकते हैं। अतः हौबीज व पाठ्यक्रम के अतिरिक्त कार्यकलापों का जिक्र सावधानी से करें। ज्यादा कार्यकलापों व हौबीज के अतिरिक्त अंक नहीं मिलते हैं बल्कि ये आपके लिए अतिरिक्त मुशीबतें ला सकते हैं, अप्रत्याशित प्रश्नों के रूप में।

7. याद रखें कि यह जीवन आपका अपना है, इसे सजाने–सवांरने की जिम्मेदारी भी आपकी अपनी है। एक बार सफलता मिल गयी तो बार–बार परीश्रम से छुट्टी मिल जायेगी। इससे न केवल आपका बल्कि पूरे परिवार का कल्याण होगा, आपकी प्रतिष्ठा चारो तरफ फैलेगी। आगे के रास्ते खुल जायेंगे, सफलता के चरम शिखर तक पहुंच सकते हैं।

प्रशासनिक परीक्षाओं में ऊपर दी गई दिशासूचक सुझाव अन्य सभी सर्विसेज में भी उतनी ही कारगर होंगी। सेना व अर्ध सैनिक बलों के लिए स्वस्थ और तन्दुरस्त शरीर आवश्यक है जिसमें लम्बाई, ऊंचाई, वजन, शीना इत्यादि पद के अनुसार होने चाहिए, विभिन्न प्रकार की दौड निश्चित समय में, हाई जम्प, लौंग जम्प, रोप क्लाइंविंग की शर्तें अनिवार्य हैं, शैक्षिक योग्यता के ही बराबर। इन्हें पार किये वगैर आगे का सफर नहीं तय किया जा सकता। इन सेवाओं में वही युवा भाग्य अजमायें जो इन गुणों से परिपूर्ण हैं। (इन सेवाओं की विस्तृत सूचना अन्यत्र दी गयी हैं अतः उस अध्याय को गौर से पढ़ें।)

न्यायपालिका से संबंधित सेवाओं के लिए लॉ में स्नातक डिग्री आवश्यक, जिसमें कानून की सभी शाखाओं की विस्तृत व सटीक (करेक्ट) जानकारी होनी चाहिए ताकि किसी विशेष स्थिति में धाराओं का सही प्रयोग किया जा सके।

बैंक सेवाओं में सांख्यकी व वाणिज्य में गणित व कॉमर्स– की स्नातक डिग्री की बरीयता होती है विभिन्न मैट्रिक्स व गणितीय गणनाओं की जनरल नौलेज व करैन्ट अफेयर्स की जानकारी आवश्यक है। भर्ती के पूर्व प्रमुख समाचार पत्रों व रोजगार समाचार में विस्तृत पाठ्यक्रम प्रकाशित किया जाता है, जिसके अनुसार ही तैयारी करें।

सरकारी कंपनियों (पब्लिक सैक्टर अन्डर टेकिंग)–में कंपनी की प्रोफाइल के मुताबिक पदों के लिए भर्ती होती है यथा– कैमिकेल, मैकैनिकल इन्जीनियर्स, एम.बी.ए. पास लोगों की तथा प्रोडक्शन, मार्केटिंग, मार्केट सर्वे, पब्लिसिटी व एच.आर.डी. में एम॰ वी॰ ए॰ लोगों को महत्व दिया जाता है। जिसमें संबंधित विषय की जानकारी पर अधिकांश प्रश्न पूछे जाते हैं। पब्लिक इन्टर–प्राइजेज बोर्ड लिखित परीक्षा व साक्षात्कार संचालित करते हैं जिसकी सूचना समय–समय पर प्रमुख समाचार पत्रों व रोजगार समाचार में प्रकाशित होती रहती है।

टीचिंग–जिन विद्यार्थियों ने सभी स्तरों पर उच्च श्रेणी प्राप्त की है उन्हें अध्यापन के क्षेत्र में सेवा करना वांछित होगा। शिक्षण के साथ बी.एड. की प्रशिक्षण करना आवश्य है। इन योग्यताओं के धारक हायर सेकेन्ड्री स्तर योग्य के प्राइमरी टीचर, टी.जी.टी. व पी.जी.टी. पदों के योग्य हैं। इन पदों के लिए लिखित परीक्षा व साक्षात्कार द्वारा ही चयन होता है। विश्व विद्यालय में लेक्चर पद के लिए सभी स्तरों पर उच्च प्रतिशत के साथ डाक्टरेट (पी एच डी) व एम फिल. की डिग्री आवश्यक है। पदों के लिए साक्षात्कार आवश्यक हैं।

निजी/प्राइवेट क्षेत्र – में रोजगार के असीम अवसर हैं, सैकड़ों क्षेत्रों में विभिन्न उद्यमियों ने उद्योग व व्यापार प्रतिष्ठान प्रारंभ किये हैं जिसमें अच्छा प्रशिक्षण उस ट्रेड में दक्षता हासिल प्रतिभावान

युवकों की अच्छी मांग हैं। तकनीकी शिक्षा के साथ में मैनेजमेन्ट ग्रेज्यूयेटस तो मालपुवे की तरह लोकप्रिय हैं। विभिन्न श्रोतों (मास मीडिया) के माध्यम से भर्तियों की जानकारी दी जाती है। जिसमें सेवा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाती है। वेबसाइट पर भी जानकारी प्राप्त होती है, मात्र जागरूक रहने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में वेतन उच्च स्तर के मिलते हैं। ताकि उच्च स्तर के प्रतिभाशाली युवक–युवतियों को आसानी से आकर्षित किया जा सके। अधिकांश अच्छी कंपनियां तकनीकी प्रशिक्षण संस्थानों में जा कर अपनी आवश्यकता के अनुसार अच्छी श्रेणी में पास युवाओं का वहीं चयन कर ऊंचे वेतन का प्रलोभन देकर चयनित कर लेते हैं (कैम्पस सलैक्शन)।

निजी क्षेत्र कंपनियों में जगह पाने के लिए आवेदन रिज्यूमे के साथ भेजना पड़ता है जो बहुत ही आकर्षक व शक्तिशाली शब्दावली से सजा होना चाहिए, यह खुद के द्वारा खुद की मार्केटिंग है, खुद को एडवर्टाइज करना है अतः बहुत अट्रेक्टीव, हो जो उस पद को ध्यान मंह रख कर बहुत कड़क होना चाहिए। फालतू बातों का जिक्र न होकर अपने गुणो, दक्षताओं, ट्रकहपब्ल, विशिष्ट योग्यताओं, नेतृत्व व कार्यनिष्ठा के गुणों को दर्शाने वाला क्रिस्प वर्णन हो। यह विस्तृत न होकर शूक्ष्म टू–द–प्वाइंट हो जिसमें आपके सभी विशेष गुण, प्रशिक्षण, स्किल्स व अनुभव तथा अपनी शक्तियों का पूर्ण प्रयोग कर कंपनी के ओबजेटिवज व टारगेटस को पूरा करने की इच्छा दर्शाता हो। उदाहरण के तौर पर आपके रिज्यूमें में कुछ इस तरह के वाक्यों का प्रयोग करे।

– I understand you are looking for a person of adequate expertise, qualification and experience to give leadership and guidance to your project. I

could make regnificant contrition right a way.

- I am confident that my knowledge, experience & abilities would be of value to your company or organisation.
- I would be happy to make my skills could contribute fowards achiving the gooals and targets of your company / organisation.
- I assure of my maximum efforts to get your objectives.

इन वाक्यों का सही प्रयोग आपकी योग्यता, निपुणता, अनुभव का फायदा अवश्य पहुंचायेगें। आपका रिज्यूमें आपके इम्प्लौयर की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाना चाहिए जिसमें रिसेन्ट पास्ट से प्रारंभ कर क्रमशः पीछे के सालों के अनुभव आने चाहिए सिर्फ वही जो इस जॉब के लिए अत्यन्त रेलीभेन्ट हो।

याद रखें यह आपकी अपनी जिन्दगी है, आपका भविष्य है जिसे बनाने की जिम्मेदारी आपके अपने हाथों में है। इसे आपने ही बनाना है, साजाना है, संवारना है। हर पल कुछ न कुछ सीखिये, अपने को सुधारिये, अच्छी आदतों को अपनाइये, अपना आत्म विश्वास बढ़ाइए, नालेज बढ़ाइए, जोश में रहिए, खुश रहना सीखीये, सफलता आपकी होगी।

♦♦♦

आर्किटैक्चर से बनाएं कैरियर

अशोक सिंह

– व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में कुछ ऐसे विशिष्टि प्रकार के विषय और कोर्स भी हैं जिन्हें सदाबहार कहा जा सकता है। सदाबहार से आशय है वे कोर्स जिनकी अहमियत सदा बनी रहती है, जो एक झोंके की भांति नहीं होते कि आज उदय हुए और चंद महीनों या वर्षों बाद जिनकी प्रासंगिकता समाप्त हो जाए। अक्सर यही देखने में आता है कि युवा वर्ग भेड़चाल की मानसिकता में आकर इन पाठ्यक्रमों के महत्व को नजरअंदाज कर बैठते हैं और जाने–अनजाने गलत पाठ्यक्रम का चयन कर बैठते हैं। इस गलती का खामियाजा उन्हें पूरी जिंदगी भुगतना पड़ता है।

ऐसे ही एक खास प्रकार के पाठ्यक्रम में वास्तुकला या आर्किटैक्चर का नाम लिया जा सकता है। मानव आवास के लिए उत्तम से उत्तम परिकल्पनाओं को कागज पर ले–आउट के रूप में उतारने से लेकर उसे अस्तित्व में लाने का दायित्व इन्हीं प्रोफेशनलों के कंधों पर होता है।

छोटे फ्लैटों से लेकर गगनचुम्बी इमारतों का नक्शा बनाना, उपलब्ध भूमि का बेहतरीन ढंग से प्रयोग, भवन के प्रत्येक कमरे में प्रकाश एवं उसके हवादार होने की सुनिश्चितता आदि जैसी बारीक किंतु महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखकर ही ले आउट तैयार किए जाते हैं। इन नक्शों की पूर्व स्वीकृति के बिना शहरों और महानगरों में मकान नहीं बनाए जा सकते। ऐसे में आर्किटैक्ट के हुनर के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है।

इस व्यवसाय के स्वरूप को देखें तो इसमें कई विधाओं का तालमेल देखा जा सकता है। इनमें कलात्मक सोच, प्रौद्योगिकी तथा रेखा

चित्रण के अलावा कल्पनाशीलता का खासा महत्व है। लकीर के फकीर या परंपरागत ढर्रे पर चलने वाले लोगों के लिए इस क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ने की गुंजाइश काफी कम होती है।

यहां एक बात और स्पष्ट कर देना उचित होगा कि आर्किटैक्ट का कार्य नक्शा बनाने तक ही सीमित नहीं होता बल्कि भवन निर्माण के विभिन्न आयामों की देखरेख और कार्य समाप्ति तक की जिम्मेदारी इन्हीं पर होती है। इसलिए आर्किटैक्चर संबंधी नई जानकारियों के अलावा इन्हें भवन निर्माण की अद्यतन प्रौद्योगिकियों से भी परिचित रहना पड़ता है।

अन्य प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की भांति इस विधा का प्रशिक्षण भी सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। देश में आर्किटैक्चर की पढ़ाई काफी व्यापक तौर पर उपलब्ध है। इनमें सरकारी विश्वविद्यालयों से लेकर निजी क्षेत्र के संस्थानों तक ा आलेख किया जा सकता है। प्रमुख पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा इन आर्किटैक्चर और बैचलर इन आर्किटैक्चर मुख्य हैं। दाखिले आमतौर से चयन परीक्षाओं के आधार पर ही दिए जाते हैं। इन परीक्षाओं में शामिल होने के लिए आवेदन का गणित, भौतिकी, रसायन और अंग्रेजी विषय सहित 10+2 पास होना आवश्यक है। इंजीनियरिंग ड्राइंग की पृष्ठभूमि वाले युवाओं को चयन परीक्षा में अपेक्षाकृत थोड़ी आसानी हो जाती है। चयन परीक्षा में गणित, भौतिकी, रसायन और इंजीनियरिंग ड्राइंग विषयों पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं।

इस पांचवर्षीय पाठ्यक्रम में बिल्डिंग के निर्माण एवं उसकी डिजाइ. निंग के अतिरिक्त बिल्डिंग मैटेरियल, टाउन प्लानिंग, सर्वे आदि के बारे में भी समुचित सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण में व्यावहारिक ट्रेनिंग पर ज्यादा जोर दिया जाता है। इसी कारण छात्रों को इंटर्नशिप के लिए नामी आर्किटैक्ट फार्मो

में भी पाठ्यक्रम के दौरान भेजा जाता है। इससे युवा वास्तविक कार्य परिस्थितियों से समय रहते परिचित होते हैं और इंटर्नशिप के दौरान आने वाली कठिनाइयों का निवारण वापस संस्थान में आने के बाद अध्यापमकों के जरिए करने का प्रयास करते हैं।

देश के प्रमुख आर्किटैक्चर ट्रेनिंग संस्थानों की दाखिला संबंधी विज्ञप्तियां समाचार पत्रों में अक्तूबर–नवम्बर माह से आनी शुरू हो जाती हैं। ऐसे में इच्छुक युवाओं को नियमित तौर पर प्रमुख अखबारों को दखने की आदत डाल लेनी चाहिए। इसके लिए किसी पुस्तकालय की सुविधा मिल जाए तो काफी आसानी हो सकती है। 'रोजगार समाचार नामक साप्ताहिक समाचार पत्र इसमें खासा उपयोगी हो सकता है।

एक समय था जब आर्किटैक्ट कागज के कैनवास पर ही रेखाचित्रों के माध्यम से भवन का ले–आउट तैयार करते थे, लेकिन अब कम्प्यूटर का प्रयोग इस क्षेत्र में व्यापक तौर पर किया जा रहा है। सी ए डी डी यानी कम्प्यूटर ऐडेड विज्ञाइन एंड ड्राफ्टिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल इस क्षेत्र में काफी उपयोगी सिद्ध हुआ है।

बैचलर ऑफ आर्किटैक्चर के बाद उच्च अध्ययन हेतु एम टैक (आर्किटैक्चर) का पाठ्यक्रम किया जा सकता है। इसमें विभिन्न प्रकार की विशेषज्ञता आधारित विषयों का विकल्प होता है। मुख्य रूप से लैंडस्केप डिजाइन, ट्रांसपोर्टेशन डिजाइन, अर्बन डिजाइन, कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, टाउन प्लानिंग आदि का उल्लेख किया जा सकता है। अध्यापन एवं शोध के क्षेत्र में जाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह डिग्री फायदेमंद सिद्ध हो सकती है।

इस विशेषज्ञता के बाद रोजगार और स्वरोजगार दोनों प्रकार के अवसर हासिल हो सकते हैं। रोजजगार की संभावनाएं शहरी विकास

निकायों, केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के विभागों, निजी कंस्ट्रक्शन कंपनियों/बिल्डरों के पास, औद्योगिक समूहों आदि में हो सकती है। बाद में स्वतंत्र कंसल्टेंट के तौर पर भी काम किया जा सकता है।

आमदनी, साख और अनुभव के अनुसार बढ़ती जाती है।

इस क्षेत्र में कैरियर निर्माण के इच्छुक युवाओं के लिए यह जान लेना भी आवश्यक है कि बेहतरीन काम करने और स्वयं को लीक से हटा हुआ दिखाने के लिए उन्हें देश–विदेश में इस क्षेत्र में हो रहे कार्यों से अवगत रखना पड़ेगा। इस क्रम में उनके लिए विदेश में काम करने के भी अवसर मिल सकते हैं।

आर्किटैक्चर पाठ्यक्रम कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान

• इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर (प. बंगाल)	• कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गोवा
• स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटैक्चर, नई दिल्ली	• गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्किटैक्चर, लखनऊ (उ.प्र.)
• रुड़की चूनीवर्सिटी, रुड़की (उत्तरांचल)	• गोवा कॉलेज ऑफ आर्किटैक्चर, पणजी
• चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटैक्चर, चंडीगढ़	
• इन्स्टीट्यूट आफ टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, नई दिल्ली	

♦♦♦

सफलता के राजमार्ग

(कृश्न आर्य, भा.प्र.सेवा से निवृत)

1. समय का महत्व व उपयोगिता

हर सफल व बुद्धिमान व्यक्ति ने अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखी और समय के हर पल का उपयोग अपने बौद्धिक (मानसिक) व शारीरिक क्षमता को बेहतर करने में लगाया। समय एक ऐसा संसाधन (रिसा. र्स) है जिससे संसार का कुछ भी संसाधन (सुख, सुविधा, सम्पदा व कीर्ति) प्राप्त कर सकते हैं। वस्तुतः समय ही जीवन है। अतः

1. दिनभर में जो कुछ भी करना है उसकी प्राथमिकता (प्रायोरिटी) के अनुसार सूची बना लें और हर काम को कम से कम समय में निबटायें। जरूरी काम सबसे पहले अन्य काम बाद में।

2. समय सारणी के अनुसार चलने से कम से कम समय में अधिक से अधिक कामकर सकेगें। अन्यथा क्या करें, क्या ना करें, इसी कन्फ्यूजन में समय व शक्ति बर्वाद हो जायेंगे।

3. आराम के नाम से आलस्य, उन्माद, मनोरंजन, खेल–तमाशे, टी.वी. व गपशप में समय बर्वाद न करें। आराम तो हराम है। जिसने समय को बर्वाद किया उसे समय बर्वाद कर डालता है।

4. किसी भी काम को आगे के लिए टालना, आज का काम कल करेंगे वाली प्रवृत्ति, अथवा अपना काम किसी और से करवाना, समय के सबसे बड़े शत्रु हैं।

5. हर रोज एकाग्रता से 10 से 20 पृष्ट पढ़कर याद कर सकें

तो एक महीने में 300 से 600 पृष्ट याद हो जायेंगे, एक साल में 3600 से 7200 पृष्ठ याद कर सकेंगे। तब कुछ भी कठिन नहीं रह जायेगा। इस सिद्धांत को गांठ बांध लें तथा इस पर नियमितता से अमल करें।

6. जवानी का समय विश्राम के नाम पर नष्ट करना घोर मूर्खता है क्योंकि यही समय है जिसमें व्यक्ति अपने जीवन और भविष्य का निर्माण कर सकता है। समय संयम (टाइम मैनेजमेनट) सफलता की निश्चित कुंजी, इसे खोने न दें यह कभी लौटकर वापस नहीं आता।

2. **कठिन परिश्रम**– समय व परिश्रम मिलकर सफलता के शिखर पर पहुंचने के राजमार्ग हैं।

1. लक्ष्य तय करने के बाद उसे हासिल करने के लिए दिन–रात संपूर्ण मनोयोग से परिश्रम करने पर सफलता अवश्य मिलेगी।

2. कार्य कितना भी कठिन हो, परिश्रम और लगन से आसान बन जाता है।

3. लक्ष्य जितना ऊंचा हो परिश्रम भी उतना ही अधिक आवश्यक होगा।

4. जीवन में हम उतना ही पाते हैं जितना उसमें पूंजी लगाते हैं यह पूंजी परिश्रम ही है। परिश्रम सबसे मूल्यवान पूंजी है।

5. अपने अतीत की गलतियों को सुधारने में जो कठोर परिश्रम करना पड़ता है, उसी से बेहतर वर्तमान और सुनहरा भविष्य बन सकता है। अतः उठो, जोगो, आलस्य का त्याग करो। परिश्रम जितना कठिन होगा फल उतना ही मीठा होगा।

यदि हम सुख, समृद्धि और सफलता के इच्छुक हैं तो हमें कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। परिश्रम के मार्ग में जो रोड़े हैं वे आलस्य, असफल हो जाने का डर, आत्मविश्वास की कमी, कमजोर स्वास्थ्य, परिश्रम करने की इच्छा की कमी। इन्हें खत्म करना पडेगा, रास्ते से हटाना पड़ेगा, तभी सफलता निश्चित हो सकेंगी। सफलता के लिये कठिन परिश्रम का कोई दूसरी विकल्प नहीं। भाग्य व भगवान भी उन्ही की मदद करते हैं जो अपने लिए कठिन परिश्रम करते हैं। परिश्रम के वगैर सफलता संभव ही नहीं है।

3. **स्वस्थ शरीर सफलता के लिए आवश्यकः**— अतः हर रोज नियमित रूप से व्यायाम, घूमना, दौड़ना, प्राणायाम व योग का अभ्यास जरूरी है। भोजन मे फल, सब्जियां, दालें, मांस, मछली अंडा आदि का सेवन, स्वच्छ जल, शुद्ध हवा का सेवन अत्यावश्यकहै। तम्बाकू हर रूप में— बीडी, सिगरेट, हुक्का—चिलम, पान मसालों—पान व खैनी के रूप में एकदम वर्जित है। तम्बाकू के सेवन से फेफड़े, गले, व मुंह का कैन्सर होता है, टी.बी., दिल की बीमारी अवश्यमभावी हैं, प्रकृति के तमाम पदार्थों में से सिगरेट का धुंआं एकदम अप्राकृतिक है। फेफड़े शुद्ध हवा से आक्सीजन लेकर खून की सफाई करने के लिए हैं। शुद्ध हवा के स्थान में सिगरेट का घुंआ खून को दुषित करता है और सैकडों बिमारियों को आंमत्रित करता है। अतः तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में वर्जित है। भूल कर भी इसका सेवन न करें व बीडी, सिगरेट पीने वालों के आसपास न जायें, क्योंकि उनके द्वारा छोड़ा धुआं आप भी सांस में अन्दर लेते हैं। तम्बाकू सेवन में ध ान का बड़ा नुकसान होता है, एक आंकलन के अनुसार पूरी जिन्दगी में व्यक्ति 50 लाख से 1 (एक) करोड़ तक तम्बाकू प्रोडक्ट्स व उनसे उपजी बीमारियों के इलाज में खर्च करता है। इससे यदि फल, सब्जी

व अन्य पौष्टिक पदार्थ लें तो सारे परिवार के स्वास्थ्य को फायदा होगा। शराब, अफीम, गांजा, चरस आदि भी उतनी ही या उससे भी अधिक खतनाक हैं।

सेना व अन्य सैन्य बलों (आर्म्ड फोर्सेज) में जाने के इच्छुक युवाओं के लिए अच्छा डील–डौल व स्वस्थ शरीर का होना वांन्छनीय है, चुस्त, तन्दुरूस्त युवाओं को ही प्राथमिकता दी जाती है।

प्रभावशाली व्यक्तित्व व नेतृत्व कौशल (लीडरशिप स्किल)

प्रतिस्पर्धा भरी दुनियां में विजयी होने के लिए प्रभावशाली व्यक्तित्व अत्यन्त आवश्यक हैं। इसके लिए एक खुशमिजाज, मनोहारी, जोशीला औरों को तुरंत प्रभावित करने की कला से प्रभावी व्यक्तित्व बनाना होता है। आत्म विश्वास, मानसिक परिपक्वता, शारीरिक दृ ड़ता (मजबूती) और वाकपटुता ऐसे गुण हैं जो सभी को आकर्षित कर लेते हैं।

1. व्यक्तित्व जन्म जात गुण नहीं है, जो विरासत में मिलता हो, न ही अकस्मात, अभूतपूर्व बुद्धि और संयम पर आधारित है।

2. व्यक्तित्व कुछ विशेष प्रयासों, अच्छी आदतों, अच्छे तौर–तरीकों सकारात्मक दृष्टकोण आशावादी सोच, उत्साह, आत्मविश्वास जैसे गुणों द्वारा प्राप्त व विकसित किया जा सकता है।

3. किसी व्यक्ति विशेष का इस पर एकाधिकार नहीं होता, ना ही यह वंशानुगत होता है। इसे सीखा जा सकता है और विकसित किया जा सकता है। निरंतर प्रयास व आत्मविश्वास आवश्यक है।

4. निरंतर प्रयास, लगन, दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर इसे प्राप्त

किया जा सकता है आत्मविश्वास से इसे विकसिति कर सकते हैं।

5. साकारात्मक सोच विकसित करें और उसे अच्छी दिशा में लगायें।

6. सदा जोश में रहें और अन्य लोगों में भी जोश भर दें। औरों को भी आगे बढ़ने व तरक्की करने की प्रेरणा दें, कठिन परिस्थितियों में भी हिम्मत न हारें।

7. सबको मिलाकर एक संगठन का निर्माण कर सबसे उत्कृष्ट कार्य करवा सकें, खुद भी कठिन परिश्रम का उदाहरण प्रस्तुत करें।

8. नेतृत्व कौशल में अपने अनुभव, ज्ञान व समझदारी से अन्य लोगों का मार्गदर्शन कर सकें। जरूरत मन्द लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ें।

9. किसी प्राकृतिक विपदा से निबटने व राहत पहुंचाने में अग्रगामी बनें। गांवों में रास्ते बनवाने, शौचालय बनाने, बारिश के पानी का संरक्षण (वाटरहार्वेस्टिंग) व वनाग्नि (जंगल फायर) में समाज के लोगों को प्रोत्साहन कर इन कार्यों को सफलता पूर्वक करवा सकें। ये अनुभव व गुण न केवल गांव शहर में लोगों के बीच आपका मान सम्मान वरन रोजगार प्राप्त करने में भी विशेष मदद करेंगे।

इन्ही गुणों व प्रतिभाओं का क्रमिक विकास कर आप सामाजिक कार्यकर्ता, नगर पालिका बोर्ड, ग्राम पंचायत व जिला परिषद के पदों को प्राप्त कर सकते हैं। कालान्तर में राजनैतिक नेता बन कर विधायक व सांसद बन कर समाज व देश की सेवा कर सकते हैं।

छोट–छोटे समूहों से प्रारंभ कर बड़ी जन सभाओं में बोलने की आदत बनायें, धारा–प्रवाह बोलने की प्रतिभा अत्यन्त लाभदायक होगी, इसे विकसित करने का प्रयास स्कूल, कालेज, यूनीवर्सिटी से प्रारंभ करे दें। जहां भी बोलने का अवसर मिले, हिम्मत करके बोलना शुरू कर दें, समूह व विषय के अनुसार संबोधन व भाषण का सार होना चाहिए। यदि आपको अवसर नहीं दिया जा रहा है तो समारोह के अध्यक्ष से आज्ञा लेकर अपने विचार जन समूह के सामने रखने का साहस करें, न डरें, न घबरायें।

6. वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानसिक क्षतिज का विस्तार

हम जिस समाज व माहौल में जन्मे, पले और बडे हुए हैं, बिडम्बनावश वह पुरानी सोच, धारणा परम्पराओं व कपोल–कल्पित धारणाओं से अधिक ग्रसित है, जो वैज्ञानिक कसौटी पर खरी नहीं उतरती हैं। जहाँ एक ओर दुनियां चांद–तारों तक पहुंचने की दौड में जुटी है हम अभी तक सदियों पुरानी रूढ़ियों, प्रथाओं व अन्ध विश्वास के अंधेरे में भटक रहें हैं। भावी पीड़ी का विकास वैज्ञानिक विचारों व सोच के ऊपर आधारित होना आवश्यक है वरना हमारे युवा कूपमंडूक (कुंए के मेंढ़क) बन कर रह जायेंगें। पुरानी परंपराओं, प्रथाओं को नये सिरे से वैज्ञानिक विश्लेषण कर आधुनिक ज्ञान–विज्ञान के सांचे में परखें, जो सही उतरें, उनको स्वीकार करें अन्यथा उनका त्याग करें। हमारे प्रदेश में कई व्यर्थ की प्रथायें विज्ञान के इस युग में भी प्रचलित हैं जो हमे पीछे धकेल रही हैं यथा–देवी देवताओं को खुश करने के लिए मंदिरों में पशु–बलि, भूत पिशाच भगाने के लिए जागर लगाना, समाज के कुछ वर्गों व महिलाओं का मंदिरों में प्रवेश वर्जित, ऊंच–नीच का भेदभाव, कर्म कांडो का प्रचलन, ज्योतिष द्वारा वैवाहिक संयोग का निर्धारण, तांत्रिकों का वर्चस्व, पाप–पुण्य की कपोल–कल्पित परिभाषायें इत्यादि ऐसी प्रथायें हैं जो विज्ञान द्वारा प्रमाणित नहीं की जा सकती हैं अतः तर्कहीन और समाज के कुछ

वर्गों ने अपने सुख, आराम व स्वार्थ सिद्धि व जीविका के लिए सैकडों साल पहले बनाये थे जो आज के युग में हास्यास्पद हैं, तर्कसंगत नहीं हैं, इनके पीछे गहरे स्वार्थ छिप हैं, जिन्हे अब बेपर्दा कर समाज से उखाड़ फैकना चाहिए तभी हमारे युवा आज के युग में आगे बढ़ सकेगें। पाप धोने के लिए शदियों से चली आ रही गंगा स्नान की परंपरा हास्स्पद लगती है क्योंकि पाप कोई शरीर पर चिपकने वाला पदार्थ तो है नहीं जिसे सिर्फ गंगाजल से स्नान करने पर ही धोया जा सकता हो। गंगा स्नान से स्वर्ग प्राप्ति की प्रथा भी भ्रामक है, यदि ऐसा होता तो गंगा में पलने वाली मछलियां, कछुए, घडियाल सबसे पहले स्वर्ग के हकदार होते। गंगा में अस्ति विषर्जन से स्वर्ग की प्राप्ति हो या न हो गंगा का प्रदूषण अवश्य बढ़ता है। अन्ध विश्वास और धर्म एक दूसरे के विपरीत हैं, इनका अन्तर समझें। विचारों को खुले व निष्पक्ष मस्तिष्क से परखें यदि इस कसौटी में जो प्रथायें खरी न उतरें उन्हें मस्तिष्क से निकाल फेंके, वैज्ञानिक सोच व ज्ञान को अपनायें। मस्तिष्क की क्षमता व शक्ति को बढ़ाया व विक. सित किया जा सकता है। आधुनिक विज्ञान के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक अल्वर्ट आइन्स्टाइन की मानसिक क्षमता जो अधिकतम मानी गयी है, कुल क्षमता का 10 प्रतिशत ही आंकी गयी है। विशेष विधियों, चिन्तन–मनन व एकाग्रता से मानसिक क्षमता को विस्तृत करें।

7. कम्प्यूटर (आई.टी.) प्रशिक्षण– यह युग इन्फार्मेसन टेक्नोलॉजी का है। आई॰टी॰ का प्रयोग हर क्षेत्र में आवश्यक हो गया है, अतः कम्प्यूटर से संबंधित सारी जानकारी व उसके प्रयोग की विधि की जानकारी अत्यन्त आवश्यक है। किसी ख्याति प्राप्त संस्था से आई.टी. की विस्तृत जानकारी लेनी अनिवार्य है, इसके वगैर किसी भी क्षेत्र में सफलता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। जिस तरह से भी संभव हो कम्प्यूटर संबंधी प्रयोगात्मक ज्ञान लेना ही चाहिए।

8. **अंग्रेजी का ज्ञानः**– रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी का विशेष महत्व है। दुनियाभर के ज्ञान के लिए अंग्रजी का भरपूर ज्ञान होना आवश्यक है। अंग्रेजी पाश्चात्य वैज्ञानिक ज्ञान का झरोखा है जिसके वगैर कोई भी आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान, विशेषकर आई.टी. सुविधाओं का फायदा पूर्ण रूप से नहीं उठा सकता। स्थानीय/राज्य सरकारों की सीमित और सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए अंग्रेजी की उपेक्षा कर नवयुवकों–युवतियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। परंतु युवाओं को येन–केन प्रकारेण अंग्रेजी का गहरा ज्ञान हासिल कर अपने भविष्य की खुद रचना करनी होगी।

दिनचर्या में परिवर्तन– जीवन में यदि कुछ करना चाहतें हैं, बनना चाहते हैं तो पुरानी गल्तियों की पुनरावृत्ति न करें।

1. सूर्योदय से पूर्व (5 बजे) हर हालत में विस्तर छोडने की आदत डालें। (अपने पिताजी से मुझे सिर्फ यही आदत वि. रासत में मिली और बाकी सब कुछ इस अकेली आदत से प्राप्त हुआ।)

2. लम्बी–चौड़ी पूजा–पाठ में समय बर्बाद न कर एक पल के लिए सच्चे दिल उस परमपिता परमेश्वर का ध्यान करें जिसने हमें और शेष जगत को बनाया है और उसको चला रहा है। उसका धन्यवाद करें। यह जीवन भगवान का वर्दान है अतः उसका धन्यवाद करें।

3. नित्यकर्मों (मल–मूत्र त्याग व स्नान) से निवृत होकर सरल व्यायाम (कसरत) प्राणायाम, ध्यान (मेडीटेसन) नियमित तरी. के से प्रतिदिन आधा घंटा अवश्य करें, यह स्वास्थ्य की कुंजी है। यदि चाहें तो खुलें में 1–2 कि॰ मी॰ तक दौड़ लगायें।

4. सुबह एक– दो लीटर गुनगुना पानी पीना लाभदायक होगा,

चाय नहीं।

5. किसी एकांत स्थान में आराम से बैठकर कम से कम 2 घण्टे तक अपने पाठ्यक्रम व पाठ्य पुस्तकों का एकाग्रता से अध्ययन–मनन करें।

6. नाश्ते में फल, सब्जी रोटी–पराठा, अथवा दलिया, पोहा खायें, मैगी व ब्रैड नहीं, उपर से दूध–छांछ, लस्सी अथवा चाय पीयें।

7. नाश्ते के पश्चात दाँत अवश्य मलें ताकि दांत नष्ट न हों और मुंह से दुर्गन्ध न आये।

8. स्कूल, कॉलेज व दफ्तर जाने के लिए साफ सुधरे कपड़े सलीके से प्रेस करे हुए पहने, न भड़कीले हों ना ही अशिष्ट।

9. तथासंभव पैदल चलें, तेज चलें, सावधानी से चलें, दुर्घटना से बचें। प्रकृति, जीव–जन्तुओं–पक्षियों को देखने का आनन्द लें।

10. स्कूल कॉलेज दफ्तर से छुट्टी होने पर शीघ्र घर वापस आयें घुमने–फिरने व गप–शप में समय बर्वाद न करें। समय अमूल्य है।

11. हाथ मुंह धोकर कपडे बदलें, चाय नास्ता करने के उपरान्त यदि थके न हों तो पुनः 2 घंटे अध्यन करे, पाठ्यक्रम/पाठ्यपुस्तकों का।

12. थोड़ा चहल–कदमी करने निकलें परंतु शीघ्र वापस आकर हाथ–पैर धोकर रात्रि भोजन कर लें। साथ ही टी. वी. में मुख्य समाचार भी देखें, सीरियल व फिल्में न देखें, लत पड़

पड़ जायेगी।

13. शीघ्र ही परीक्षा को ध्यान में रखकर पुनः अध्यन करने बैठें।

14. रात्री 10 बजे विश्राम/सोने के लिए चले जायें (7 घंटे की नींद लें)

15. सोने से पूर्व दांत मलना न भूलें वरना दांत सड़ जायेगें और समय से पहिले गिरने लगेंगे। मसूड़ों की मालिश भी अवश्य करें।

इस क्रम को नियमित रूप से अमल करने पर आपके जीवन में नयी शक्ति, स्फूति और नयी आशाये उत्पन्न होंगी और सन्तोष प्राप्त होगा। अभीष्ट लक्ष्य को पाने में सफलता मिलेगी।

♦♦♦

वख्त आपका है, चाहो तो सोना बनालो
और न चाहो तो सोने में गुजार दो। (Choice is yours)

राजनीति एक शानदार कैरियर

रमेश चन्द्रा, Ex-I.G. (CRPF) एवं
कृष्ण आर्य, भा.प्रा.सेवा

क्या आपको अन्दाजा है कि भारतीय संसद के सदस्य यानी कि सांसदों (एम.पी.) के वेतन, भत्ते व सुविधायें क्या–क्या हैं? अगर नहीं तो जानिये।

– सांसदों यानी एम.पी. का, कुछ समय पहिले का वेतन, प्रतिमाह 50,000 रूपये था जो आयकर से मुक्त है (टैक्स फ्री)

– संसद का सत्र यदि चल रहा हो तो 2000 रू. प्रतिदिन का सिटिंग अलाउन्स जिसकी वार्षिक सीमा 2 लाख रूपये है, चाहे सदन की कार्यवाही चल रही या स्थगत के कारण नहीं, परंतु दैनिक भत्ता तो मिलेगा ही।

– अपने संसदीय क्षेत्र का भत्ता 45,000 रू. प्रतिमाह यानी पूरे वर्ष में 5,40,000 रु. मिलते हैं।

– घर से एयर पोर्ट, रेलवे स्टेशन या सड़क से अन्यत्र यात्रा करनी पडे तो प्रति किलोमीटर 16 रुपये का यात्रा भत्ता मिलता है।

– रेल यात्रा के दौरान ए.सी. प्रथम श्रेणी व हवाई जहाज से यात्रायें मुफ्त होती हैं। (यात्रा कूपन मिलते हैं) यह सुविधा परिवार (पत्नी व बच्चों) को साल में 75000 रु. तक सरकार के खर्चे पर और 1 असिसटेन्ट के लिए 40,000 प्रतिवर्ष तक सरकार द्वारा देय है। कार्यकाल के पश्चात् भी रेल यात्रा मुफ्त उपलब्ध है।

– दिल्ली में टाइप VI टाइप VII के फ्लैट अथवा बंगला बिना किराये के, जिसे फर्निस करने व सजावट के लिए 1,50,000 तक सरकरा द्वारा देय है

– 3 टेलीफोन का प्रयोग 1,50,000 काल्स प्रतिमाह बिल्कुल मुफ्त है।

– बिजली 50,000 यूनिट तक व पानी 4000 किलो लीटर मुफ्त उपलब्ध है।

– इन सबके ऊपर सांसद राशि 2 करोड प्रतिवर्ष, अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए जो सांसद की इच्छा अनुसार ही खर्च किये जा सकते हं

– अपने कार्य काल में 5 लाख रूपये तक का बैंक लोन लिया जा सकता है।

– पार्लियामेन्ट सत्र के चलते सांसदों को कैन्टीन सुविधाओं में 5 रू. थाली खाना, 50 पैसे प्रति कप चाय व अन्य खाद्य सामग्री भी बहुत सस्ती मिलती है।

– ये वेतन व भत्ते की राशियां बढ़ाई जा सकती हैं क्योंकि इन पर कानून बनाने का अधिकार खुद सांसदों के पास है।

– इन सबके अतिरिक्त रेलवे–हवाई यात्रा, सरकारी अतिथिगृहों में रात्री–विश्राम, सरकारी ऐजेंसियों द्वारा निर्मित घरों के आवंटन में उन्हें अन्य के मुकाबले वरीयता मिलती है।

– सबसे बड़ी सुविधा है आजीवन पेन्शन की जिसके लिए कोई न्यूनतम अवधि निर्धारित नहीं है और पेन्सन की राशि अच्छी खासी होती है।

– इन सबसे भी बड़ी बात है कि हमेशा प्रसंशको व समर्थकों से घिरे रहते हैं। सरकार के निर्देशों द्वारा जन प्रतिनिधियों को सरकारी अधिकारियों द्वारा हर प्रकार की मदद व सम्मान दिया जाना वांछनीय है।

राज्य स्तर पर विधायकों को इसी प्रकार के वेतन, भत्ते व सुविधायें मिलती हैं जो थोड़ा कम होते हैं। जिला परिषद, ब्लाक लेवल काउन्सिल व पंचायत के स्तर पर भी इसी प्रणाली के मुताबिक जन प्रतिनिधियों को वेतन भत्ते मिलते हैं। यही कारण है कि कई राजनैतिक नेता अन्धाधुंध पैसा खर्च कर, छल–बल जाति–धर्म, क्षेत्र, भाषा का सहारा लेकर चुनाव जीतना चाहते हैं और गलत तरीकों का प्रयोग करते हैं। भारतीय लोकतंत्र की कुछ गम्भीर चुनौतियां हैं, कुछ बाहरी ताकतों से, जो देश में दहशत, अव्यवस्था फैलाकर अस्थिरता की स्थिति पैदा करना चाहती हैं। परंतु भीतरी ताकतें भी हमारे लिए उतनी चिन्ताजनक हैं यथा राजनीति में अपराधी लोगों व प्रवृतियों का प्रवेश, चुनाव में सम्प्रदायकता, धर्मवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, बाहुबली, गुन्डे बदमाशों, धन लोलुप, दलालों, विचौलियों का वर्चस्व। चुनाव प्रक्रिया को धोखा देकर बूथ कैपचरिंग, रिगिंग व वोटरों को डरा धमका कर वोट प्राप्त करना; ताकि कम योग्यता वाले, बेइमान प्रत्यासी को जिताया जा सके। ऐसे प्रत्यासियों ने अपने पद का दुरूपयोग कर भारतीय प्रजातंत्र के ढांचे को चरमरा दिया है। लोकतंत्र एक नैतिक व्यवस्था का नाम है जो भारत से लुप्त हो रही है। लोक प्रशासकों व जनप्रतिनिधियों को सच्चे अर्थों में जनता के प्रति जवाब देह होना चाहिए, प्रशासन में पारदर्शिता हो, हर प्रकार की असमानता को खत्म कर अमीरी–गरीबी या जातीय ऊंच–नीच की असमानताओं को समाप्त कर एकता व अखण्डता की भावना को प्रबल किया जाना चाहिए, क्योंकि एकता में ही शक्ति है। प्रतिभाशाली

व्यक्तियों को उचित दायित्व सौंप कर जन कल्याण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए न कि अपने स्वार्थ व धन लोलुपता को। चुनाव के लिए उच्च शिक्षा व नैतिक चाल–चलन को अनिवार्य बनाया जाये। अपराध में लिप्त लोगों को चुनाव लड़ने की इजाजत ही न दी जाय। सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय एवं विकास कार्यों में बढ़–चढ़ कर भाग लेने वाले युवाओं को चुनाव में मौका देना चाहिए।

समय बदल रहा है, जनता में जागरूकता आ रही है, फलतः शीघ्र ही देश की राजनैतिक और चुवाव प्रणालियों में बदलाव आना निश्चित है। पढ़े लिखे व योग्य, ईमानदार लोगों को यह कह कर डराया जाता रहा है कि राजनीति गन्दा नाला है, चुनाव में सब कुछ झौकना पड़ता है, फिर भी जीत निश्चित नहीं, राजनीति घर फूंक तमाशा देखने जैसा हैं। अब समझ में आ गया है कि यह उन कम पढ़े लिखे अथवा अनपढ़ नेताओं द्वारा फैलाया डर है जो छल–कपट, धन– बल व भ्रष्टाचार के बल पर चुनाव जीतते हैं, जो जानते है कि ईमानदार और योग्य व्यक्ति चुनाव जीत कर राजनीति में आ गये तो छल–कपटी, अयोग नेताओं को सर छुपाने को भी जगह नहीं मिलेगी। राजनीति के महान पंडति आचार्य चाणक्य ने ठीक कहा है कि यदि पढे–लिखे व ईमानदार व्यक्ति राजनीति में नहीं आयेंगे तो आपको अयोग्य और कुटिल प्रवृति के लोगों को अपने ऊपर राज करने देंगे, यानी योग्य लोगों व प्रजा को अयोग्य व बेईमान लोगों द्व ारा निर्धारित नीतियों का दंश (कुफल) भोगना पडेगा।

ऐसे नेताओं को बनाने की जिम्मेदारी भी समाज को लेनी पडेगी। परिवारवाद का समर्थन न करते हुए ऐसे युवाओं को प्रोत्साहन व पहल दी जानी चाहिए जो निडर हों, साहसी हों, सच्चाई का साथ देने वाले हों, समाज के दुख–सुख में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेते हो, प्राकृतिक आपदा में पीडितों की मदद करने मे आगे हों। ऐसे वयस्कों

को प्रोत्साहित व प्रशंसित किया जाय, उनका हौसला बढ़ाया जाय। कुछ लोग जन्म–जात नेतृत्व के गुण लेकर पैदा होते हैं उनमें उत्. साह, उमंग, जनसेवा, निडरता, लोगों को सामूहिक कार्यों के लिए एकजुट करने के गुण होते हैं। परंतु कुछ अन्य लोग प्रयास करने पर, एक विशेष अनुशासन, दिनचर्या व स्वभाव का पालन करते हुए नेतृत्व के गुणों को न केवल प्राप्त कर सकते हैं बल्कि उन्हें विक. सित और परिमार्जित कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के गुणों को अपना कर, नेतृत्व के गुणों के बारे में बिस्तार से पढ़कर और आत्मसात कर (अपने में समाहित कर) के अच्छे नेता बनना संभव है।

अच्छे नेता बनने के कुछ गुण व उन्हें प्राप्त करने के आसान तरीकों का वर्णन नीचे किया जा रहा है जिनके बल पर आप भी शीर्ष नेता बन सकते हैं और एक सफल जीवन गुजारते हुए मान–सम्मान, दौलत और नाम कमा सकते हैं। अतः राजनीति आपके लिए भी एक शानदार कैरीयर हो सकता है।

– सर्वप्रथम नेता में साहस व आत्मविश्वास कूट–कूट कर भरा हो। हीन भावना का त्याग करना होगा।

– नेता को अपने साथ और समर्थन पाने के लिए अनुयायी (फ़ौलोवर्स) बनाने चाहिए क्योंकि कोई भी व्यक्ति बड़ा काम व बदलाव एक संगठन/समूह के जरिये ही कर सकता है।

– नेता को जनसमूह के बीच घुल मिल कर रहने में जरा भी संकोच नहीं होना चाहिए अन्यथा वह जनता का विश्वास नहीं प्राप्त कर सकता, समर्थन तो दूर की बात है।

– नेता को जन समूह व समर्थकों को प्रभावित करने के लिए भाषण देने की कला में निपुण होना चाहिए। अतः अपने स्कूल से प्रारंभ करें कि कक्षा में सवाल पूछे, सुबह एसेम्बली

में समाचार व आज का विचार पढ़ने के लिए खुद पहल (बौलंटियर) करें। इससे समूह का डर खत्म होगा।

– सफलवक्ता बनने के लिए स्कूल कालेज में होने वाली डिबेट (वाद–विवाद) प्रतियोगिता में बढ़–चढ़ कर भाग लें। इससे स्टेज का डर खत्म होगा।

– प्रारंभ में घबराहट होगी, गला सूख जायेगा, जुबान चल नहीं पायेगी, सामने भीड में आलोचना के डर से पैर कांपने लगेंगे, पर परवाह नहीं, इन सब से जीत हासिल करें।

– डेलकार्नेजी के ''पब्लिक स्पीकिंग की कला पुस्तक'' का बार–बार अध्यन करें। डिबेट के बिषय को समझ कर उस पर प्राप्त विस्तृत जानकारी जमा करें। फिर उन्हें पांइन्टस में उनकी गम्भीरता व गहराई के क्रम में क्रमबद्ध करे। प्रारंभ संबोधन की औपचारिकता से कर बिषय की भूमिका, विषय पर उपलब्ध विचार एवं तथ्यों के बल पर विषय के पक्ष विपक्ष में अपने विचार, जोश पूर्वक रखते हुए अन्ततः विरोधियों के तर्कों को काटते हुए अपनी बात पूरे यकीन से रखें व श्रोताओं का समर्थन प्राप्त करें।

– अपने व्यक्तत्व के समय सहज रहे, नर्वस न दिखें, पूर्णतः संयत रहें, शरीर व हाथों को अनावश्यक तरह से न हिलाये। हाथों का मूवमेन्ट विषय की गंभीरता को बढ़ाने व श्रोतों पर विशेष प्रभाव डालने के लिए ही करें।

– वक्तव्य के बीच में चुटकले, शेर–ओ–शायरी, शूक्ष्म कविता इस आशय से बोलें, कि इनसे आपके तर्कों और तथ्यों को बल मिले, अतः ये मेल खाने वाले ही हो ताकि श्रोता पूर्णतः आपकी बात से सहमत व प्रभावित हो उठें और तालियां

बजाने लगें।

– समय सीमा का ध्यान रखें, वक्तव्य में से अनावश्यक बातें निकाल दें और समय, परिस्थिति के अनुरूप ही विषय को छोटा या बड़ा करें।

– आवाज में उतार–चढ़ाव होना वांछनीय (डिजायरेबल) है। सारगर्मित तथ्य व तर्क देते समय आवज को चढ़ायें अन्यथा सामान्य रखें।

– अपनी बात का श्रोताओं पर अपेक्षित (डिजायरेबल) असर डालने के लिए प्रभावशाली शब्दावली का प्रयोग करे, हल्की बात का कोई असर नहीं पड़ता।

– पूरे समय चेहरे से प्रसंन्नता व आत्म विश्वास का परिचय दें/प्रदर्शन करें।

अतः एक अच्छे नेता बनने के लिए वाकपटुता प्राथमिक गुण है। आप क्या हैं वह आपके बोलने के तरीके से ही पता चल पायेगा अतः इसमें कुशलता अनिवार्य है।

नेता गिरी अथवा नेतृत्व लोगों में प्रभाव डालने का दूसरा नाम है। कुछ पल की मुलाकात कुछ ऐसी हो कि अनन्त तक अमिट छाप छोड जाय। यह आपके बात व्यवहार व वार्ता कौशल से निर्धारित होता है। बोल–चाल के साथ–साथ हावभाव भी प्रभावशाली होने चाहिए। आपके पूरे व्यक्तित्व से आत्म विश्वास जोश, उमंग व खुश मिजाजी फूटनी चाहिए, जिसमें अन्य लोगों के लिए उचित सम्मान व आदरभाव हो। आप लोगों का आदर किये बगैर उनसे आदर प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

अच्छे नेता के लिए कठोर आत्म–अनुशासन व ईमानदारी आवश्यक गुण हैं। महान लीडर्स जानते हैं कि उनकी पहले नम्बर की जिम्मेदारी है उनका अपना अनुशासन और व्यक्तिगत विकास (आत्म

विकास)। अगर वे स्वयं का नेतृत्व नहीं कर सकते तो वे दूसरों का नेतृत्व भी नहीं कर सकेंगे। हर अच्छा काम खुद से शुरू होना चाहिए। अतः खुद को अनुशासन व कठोर परिश्रम में ढालने से ही अच्छे नेतृत्व की शुरूआत होती है। अच्छे लीडर के लिए ईमानदार होना भी आवश्यक है अन्यथा आपके समर्थक और अनुयायी आप पर विश्वास नहीं करेंगे और आपके साथ नहीं रहेगें। ईमानदारी सफलता के लिए महान गुण और सफलता की आवश्यक सीड़ी है। ईमानदारी आपने साथ और अन्य लोगों के साथ जरूरी है। कभी भी स्वार्थबश अपने फायदे के लिए ईमानदारी का साथ छोड़ा तो नेतृत्व के सपनों का महल ढह जायेगा, तब सभी योजनायें धरी की धरी रह जायेंगी।

राजनैतिक नेता के लिए देश की प्रशासनिक व राजनीतिक प्रणाली का ज्ञान होना नितान्त आवश्यक है, केन्द्र/राज्य व जिला स्तर पर प्रशासन किस तरह काम करता है, प्रशासन के कितने अवयव हैं और उनके कर्तव्य व अधिकार क्या हैं और उनकी सीमायें क्या होती है; की जानकारी जरूरी है। भारत के संविधान में निहित अधिकारों व कर्तव्यों का विवरण जानना बहुत जरूरी है। मूल अधिकारों में अभिव्यक्ति की आजादी को ठीक माने में जानना चाहिए, इसका दुरूपयोग न करें। विधायिकी, कार्यपालिका, व न्यायपालिका की शक्तियों व सीमाओं की जानकारी रखें ताकि एक का दूसरे के कार्य क्षेत्र में हस्तक्षेप न हो और प्रशासन में शांति व सौहार्य बना रहे, किसी से टकराव न हो।

राष्ट्रीय व प्रदेशीय स्तर पर राजनीति में भाग लेने के इच्छुक व अभिलाषा रखने वाले प्रत्यासियों के लिए इन संस्थाओं की कार्य प्रणालियों (पार्लियामेंन्टरी प्रोशीजर्स) की जानकारी बहुत लाभदायक होगी अन्यथा इसे सीखने–समझने में कार्यकाल के प्रारंभ के कई माह लग जाते हैं।

चुनाव आयोग के अधिकारों व प्रत्याक्षियों के कर्तव्यों की जानकारी अपेक्षित है। नौमिनेशन में होने वाली गलतियों से सावधान रहें। किसी प्रकार की गल्तियों का फल आगे तक भोगना पड सकता है। अपनी व्यक्तिगत सूचनायें, चल–अचल संपत्ति का विवरण, चुनाव में खर्च का व्यौरा समझ बूझ कर ही दें। चुनाव में अनैतिक तरीकों के प्रयोग से बचें, आप सैकड़ों नजरों के केन्द्र में हैं। रिप्रजेन्टेशन ऑफ पीपल्स एक्ट की बारीकीयों को पढ़ें और समझें और उनका उलंघन करने से बचें।

अतः प्रयास शुरू कर दें स्कूल की प्रेयर सभा से कॉलेज की डिबेट से, महाविद्यालय या विश्व विद्यालय के यूनियन के चुनाव लड़कर। इन सबसे चुनाव लड़ने की रणनीति का पता चलने लगेगा। हर बार हर साल चुनाव में भाग लें। चुने जाने पर अपने वार्ड, निर्वाचन क्षेत्र का भरपूर ध्यान रखें बार–बार जायें लोगों के दुख–सुख में शामिल हो, क्षेत्र के लोगों की परेशानियों पर बोर्ड की मीटिंग में पुरजोर बहस करें उन्हें दूर कर लोगों की शाबासी लें। कुछ समय तक अनुभव प्राप्त कर किसी अच्छी पार्टी से जुड़ कर विधान सभा का चुनाव लड़े। चुनाव में नैतिकता का साथ न छोड़ें। अपना एक कोर ग्रुप बना कर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से मिलें, बात–चीत करें और उनका समर्थन प्राप्त करें। इस चुनाव के अनुभव का फायदा संसद के चुनाव में उठाये, बस पहुंच गये अपने शिखर पर।

♦♦♦

पर्यटन न कि पलायन

डा॰ हेमलता उनियाल, एवं कृश्न आर्य,
पूर्व पर्यटन आयुक्त, त्रिपुरा

स्थितियाँ यदि अनुकूल हों तो कोई भी दीन–हीन नहीं बनना चाहेगा और न ही कोई पलायन करना चाहेगा। भागना यानी पलायन करना चाहे परिस्थितयों से हो, इरादों से हो या फिर गाँवों से हो, दुष्कर ही है। बेहतर कल के अर्थ में शायद इसे श्रेयस्कर भी कहा जा सकता है, लेकिन तब इसकी मूल जड़ें उखड़ें नहीं बल्कि सिंचित होती रहें।

उत्तराखंड में पलायन आज एक विकट स्थिति बन चुकी है। आंकड़े बताते हैं कि उत्तराखंड बनने के बाद से इनमें 2.80 लाख घरों पर ताले लग गऐ हैं और 23 लाख लोग गाँव छोड़ चुके हैं। गांवों से जो एक बार शिक्षा व रोजगार के लिए निकला और शहर में जिसने पैर टिका लिया, उसने फिर गाँव की ओर मुड़कर नहीं देखा। लखनऊ, दिल्ली पंजाब, हरियाणा, जयपुर, चंडीगढ़ गुजरात और मुबई आदि शहरों में उतराखंडी बड़ी संख्या में हैं और विभिन्न काम धन्धों में मस्त होकर रहते हैं। देश में यहां तक उतराखंड के लोग फैले हुए हैं। इस स्थिति में शहर भरते गए और गाँव खाली होते गए । बेहतर होता कि शहर में एक अच्छी स्थिति बना चुका व्यक्ति गाँव से थी किसी न किसी रूप में जुड़ा रहता। साल में दो–चार बार आने से उसके घर के रास्ते तो कम से कम साफ होते जहाँ झाड़ियों ने एक नया रूप ले लिया है। यदि बंजर भूमि में किलिप्टस, पौपलर या नीम के पौधों लगा दिये जाते, तो कालांतर में इनसे अच्छी आमदनी मिल सकती है। इस दिशा में गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। गाँवों

में आज मात्र बुजुर्ग ही रह गऐ हैं या वे लोग जो निकटतम शिक्षा या अन्य किसी व्यवसाय से जुड़े है। सुंदूर जिलों में करीब 3,600 गाँवों का अस्तित्व खत्म होने के कगार पर है, ऐसा माना जा रहा है।

उत्तराखंड का एक वर्ग ऐसा भी है जो खेती बाडी करना चाहता है। अपने पूर्वजों द्वारा बनाये गऐ खेतों पर बीज बोना और फसलें लहलहाना चाहता है किंतु बंदर, सुअर, सैल आदि जंगली जानवरों ने स्थिति चिंताजनक बना दी है। इन जानवरों द्वारा उनकी मेहनत नष्ट कर दी जाती है। कई महीनों की मेहनत को उजाड़ने में ये अब सिद्धहस्त और आक्रामक हो गए हैं। अब न इन्हें कुत्तों का भय रहा न इंसानों का। स्थिति यह है कि झुंड में आ रहे इन जानवरों से कुत्ते भी लगे हैं। घरों के भीतर इनका वेखौफ प्रवेश आमबात हो गई है।

पर्यटन की दृष्टि से चार धाम यात्रा के अतिरिक्त भी ऐसे पर्यटकों की बड़ी संख्या है जो अपने निजी वाहनों से दिल्ली, चंडीगढ़, मुरादाबाद, रामनगर, मेरठ, लखनऊ आदि षहरों से दो–तीन दिन की पिकनिक मनाने के लिए नैनीताल, मसूरी, देहरादून घूमते आते हैं। पर्यटन उत्तराखंड की आर्थिक स्थिति सुधारने का एक अच्छा साधन बन सकता है, बशर्ते यह आमोद–प्रमोद तक सीमित न रह कर धार्मिक आत्मा, सांस्कृतिक तथा प्रकृति प्रेम, साहसिक यात्रों आधारित, प्रदुषण राह हो। पर्यटकों को उत्तराखंड के अन्य पर्यटक स्थलों की जानकारी देना, वहाँ रहने , खाने व ट्रासपोर्ट की व्यवस्था का विस्तार किया जाना अभी भी शेष है। यहां धार्मिक पर्यटन चार धाम यात्रा के अलावा हेमकुड, रीठा साहब, पिरानकलियर, देवी ध ूरा, नारायण स्वामी आश्रम, हरिद्वार ऋषिकेश, जागेश्वर, पाताल भुवनेश्वर बैजनाथ, पूर्णागिरी मंदिर आदि हिमक्रीडा स्थल (ओली), पिंडारी ग्लेशियर, नैसगरिक सौंदर्य स्थल (फूलों की घाटी) स्वर्ग की छटा लिए हुए, नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान तथा नंदा देवी अमयरणय

गंगोत्री ग्लेशियर, कार्बेट राष्ट्रीय वन्य जंतु उद्यान, राजाजी वन्य जंतु उद्यान; झील और तालों की श्रृंखला में सात ताल, भीम ताल, नैनीताल, नौकुचिया ताल, हरीशताल, केदारताल) नानक मत्ता टेहरी डैम। पँच प्रयाग (देव प्रयाग, रूद्र प्रयाग, कर्ण प्रयाग, नंद प्रयाग, तथा विष्णु प्रयाग), पुराने पर्यटन स्थल (मसूरी, देहरादून, धनोल्टी, हरशिल, लैंसडाउन, न्यूटिहरी श्रीनगर, ऋषिकेश, हरिद्वार, नैनीताल, रानीखेत, अल्मोड़ा कौसानी, चौकोड़ी, चंपावत, पिथौरागढ़ मुक्तेश्वर, भीम ताल, राम नगर) प्रमुश है। ऋषिकेश में रिवर रैफ्टिंग, नैनीताल, नौकुचिताल, टेहरी डैम में नौकुचिताल, टेहरी डैम में नौका विहार का अद्भुत आनंद, अल्मोडा का नंदादेवी मेला, देवीधूरा बग्वाल (पत्थर प्रहार) मेला, नैंनीताल का ग्रीष्म तथा शरद उत्सव सैलानियों की भारी भीड़ आकर्षित करते हैं।

उत्तराखंड में प्रकृति प्रदत्त वे सभी संसाधन है जो एक आदर्श पर्यटन प्रदेश के लिए आवश्यक है और जो अन्य प्रदेशों में उपलब्ध नहीं है। अतः तमाम संभावनों को साकार करना हम सबका उद्देश्य होना चाहिए। गाँवों में मिलने वाल पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद और कहाँ मिल सकेगा भट–गहत के डुबके चुड़कानी, लाल चावल का भात, चौलाई–पालक राई पतों की हरी सब्जी जख्या का तड़का का बगार खीरे का चटपट रायता, भंगीरे की चटनी स्वाद की एक दूसरी ही, दुनिया में जे जाते हैं। इन्हें लोकप्रिय करने की जरूरत है। गांवों में साफ सुथरे घरों में शौचालय की सुविधा के साथ अतिथि विकसित किये जाने चाहिए। इस तरह पर्यटकों को ग्रामीण जीवन की भी जानकारी मिल सकेगी।

इतनी अनेक संभावनाओं में युवक युवतियों के लिए जिविकोपार्जन के लिए बहुत अच्छे अवसर है। होटल, पर्यटन उद्योग के मुख्य स्तंभ है। होटल मैनेजमेंट की ट्रेनिंग के लिए सैकड़ो अवसर है। इनमें

वेटर, वेलबौय, मेनटेनेंस तथा सफाई स्टाफ होटल से लगे टूरिस्ट गाइड, ड्राइवर, टूर औपरेटर, ट्रैवल एजेंट (टिकिट बुकिंग) के अवसर उपलब्ध है। स्थानीय भोजन बनाने में महारथ हासिल युवाओं को भोजनालय खोलना चाहिए। हरेक पर्यटन स्थल के आसपास कुछ युवा मिल कर स्थानीय संगीत, लोक–गीत तथा लोक–नृत्य की टोलियां बनाएं जिसमें सुमधुर ध्वनि तथा लय वाले गीत और नृत्य प्रस्तुत करने को तत्पर होने चाहिए। वे पर्यटकों से पेमेंट के आधार पर उनके मनोरंगज के लिए लोकगीत, लोकनृत्य आदि का आयोजन हर रोज करें। स्थानीय होटलों से भी इस बारे संबंध बना सकते हैं ताकि नियमित आमदनी मिलती रहे।

सरकार की सक्रिय भूमिका के बिना पर्यटन का लोकप्रिय होना असंम्. भव है। सरकार गांवों तक पक्की सड़क बनाऐं, गाँवों में अतिथिगृह और शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराए तो ग्रामीण पर्यटन पनपने लगेगा। ग्रामीण परिवेश से परिचित कराने से पूर्व कुछ सावध ाानियां बरतनी आवश्यक होंगी, जैसे पर्यटकों के साथ धोखाधड़ी, पर्यटकों ठगी जैसी घटना न हों और ना ही दुर्व्यवहार हो। उसी प्रकार पर्यटकों को सचेत कराया जाए कि वे गांव में किसी प्रकार की अभद्रता तथा मर्यादित व्यवहार न करें। न नशा करके गांव का माहौल खराब करें।

आजकल पौली हाउसों में फूल और सब्जियां उगाने का बहुत अच्छा चलन चल पड़ा है। युवाओं के लिए पर्यटन के विकास के साथ इन कार्यों से अच्छी आमदनी मिल सकती है। कटफ्लावर, मौसमी सब्जियां मसरूम आदि की खपत बहुत है। पर्यटक फूलों की पौध भी खरीद कर ले जाते हैं। इस व्यवसाय में न जमीन ज्यादा लगती है न मशीनरी खाद–बीज और मामूली मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है। भीमताल, पदमपुरी इत्यादि स्थानों में इनकी बहुतायत है।

पलायन के फलस्वरूप बंजर पड़ी जमीनों में वृक्षारोपण करके कागज उद्योग, घरेलू लकड़ी की समस्या तथा भूस्खलन की समस्याओं से निबटा जा सकता है। ग्रामीण युवा घर बैठे जीविकोपार्जन कर सकते हैं। अच्छी नस्ल की गाय–भैंस से दूध–दही की बिक्री करके अच्छी आमदनी अर्जित करना संभव है। स्थानीय अनाजों, फल तथा सब्जियों की आजकल भारी मांग है। इनकी आपूर्ति करके भी आमदनी कमाई जा सकती है।

♦♦♦

सफलता के लिए परिश्रम और भाग्य दोनों
की जरूरत बराबर है है
जैसे बैंक लॉकर की दो चाबियाँ होती है; एक आपके पास और दूसरी बैंक मैनेजर के पास। आपकी चाबी आपका परिश्रम है और मैनेजर की चाबी आपका भाग्य। जब दोनों मिलते हैं तभी सफलता का लॉकर खुलता है, वरना नहीं खुलेगा।

रंगमंच और रोजगार

(जहूर आलम, निदेशक युगमंच, नैनीताल)

रंगमंच या नाटक का मूल आधार अभिनय है। हर व्यक्ति में अभिनय की जन्मजात प्रवृत्ति होती है। अभिनय का इतिहास मानव सभ्यता के इतिहास जितना ही पुराना है। आदिम काल में जब बोलियाँ या भाषा नहीं थी, तब भी अभिनय कला थी। मानव अपनी भावना और इच्छाओं को अपने हाव–भाव या तरह–तरह की आवाज़ों के ज़रिए ही प्रकट करता था। छोटे बच्चे के हाव भावों को हम आज भी इसके सटीक उदाहरण के रूप में देख सकते हैं।

अगर हम आने समाज में देखें तो किसी भी व्यक्ति की अभिनय इच्छा की पूर्ति के लिए सबसे सुलभ अवसर रामलीला होता है। जहाँ वह राम की 'वानर सेना' या रावण की 'राक्षस सेना' का हिस्सा बन कर अपनी इस अभिनय इच्छा को पूरी करता है। आज के सभी बड़े अभिनेता इस बात को स्वीकार करते हैं कि उनके अभिनय का पहला सोपान रामलीला ही रही है।

अब आइए सबसे पहले उत्तराखंड में रंगमंच की पृष्ठभूमि और इतिहास पर सूक्ष्म दृष्टि डाल लेते हैं। उत्तराखंड के कण–कण में मनोरम संस्कृति के रंग बिखरे पड़े हैं। यहाँ लोक–नाट्यों की परम्परा बहुत प्राचीन है। स्थान–स्थान पर होली, रामलीला, जातें (यात्राएं), पांडव नृत्य, मुखौटा नाटक, खेल परम्परा, पंडवानी शैली, भड़ौली, राधाखंडी, स्वांग, रम्माण, हिलजात्रा, होली ठेटर, भड़, हिरन–चित्तत आदि और मेले–ठेले व कौथीक के अवसर पर होने वाली अनेक लोक–नाट्यों की रंग–रंगीली शैलियाँ विद्यमान हैं।

यहाँ के केदारखंड, गढ़वाल क्षेत्र में कालीमठ के समीप कविल्ठा गाँव में महाकवि और नाटककार कालीदास का जन्म दिन प्रतिवर्ष 15

जून को बड़ी धूम–धाम से मनाया जाता है। अनेक विद्धानों, आचार्य मागीश विद्यालंकार, डॉ. शिवानंद नौटियाल और डॉ. हरिदत्त भट्ट 'शैलेश' आदि का यह विचार है कि कालीदास का जन्म यहीं हुआ था।

दूसरी ओर मानसखंड अर्थात् कुमाऊँ में नरेश रूद्रचंद्र देव सन् 1566 में सत्तारूढ़ हुए। उन्होंने सन् 1582 में 'उषा रागोदया' नाटिका की रचना की और 'ययाति चरित्र' आदि नाटक संस्कृत में लिखे। विद्वान नित्यानंद मिश्रा के अनुसार ''यह सुखद आश्चर्य है कि राज्य व्यवस्था में व्यस्त होते हुए ही साहित्य प्रेमी राजा रूद्रचंद्र ने उत्कृष्ट संस्कृत भाषा में साहित्य रचना की और नाटक लिखे।''

कलांतर में उत्तराखंड के नाटकों की गौरवशाली परंपरा को हमारे अग्रेजों ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उत्तराखंड का नाम देश और विश्व स्तर पर रोशन किया। इनमें से कुछ सांस्कृतिक मनीषियों का ज़िक्र करना समीचीन होगा। इनमें मोहन उप्रेती, वृजमोहन, शाह, राजेंद्र धस्माना, वृजेंद्र लाल साह, लेनिन पंत, नईमा ख़ान उप्रेती, उर्मिल थपलियाल, गिरीश तिवाड़ी 'गिर्दा', बी.एम. बडोला, गोविंद चातक, प्रेम मटियानी आदि है। वर्तमान पीढ़ी के भी कई रंगकर्मियों का योगदान उत्तराखंड के रंगकर्म को संवंर्द्धित करने में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। दर्जनों रंगकर्मी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली व अनेक अन्य नाट्य प्रशिक्षण संस्थानों के लिए चयनित हुए और उनमें से कई रंगकर्मियों ने नाटकों को ही अपना ओढ़ना–बिछौना व जीविकोपार्जन का ज़रिया बनाया।

उत्तराखंड के रंगकर्म को वर्तमान पीढ़ी के जिन रंगकर्मियों ने आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान किया है उनमें उल्लेखनीय नाम डॉ. डी. आर. पुरोहित, डॉ. सुवर्ण रावत, जूहर आलम, डॉ. एहसान बख्श, श्रीष डोभाल, ललित पोखरिया, सुरेश काला, महावीर रव.

ांल्टा, संगम बहुगुणा, निर्मल पांडे, राकेश भट्ट आदि हैं। इन रंगकर्मियों ने उत्तराखंड के नाटकों को देश स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है और लोक–नाटकों में नये–नये प्रयोग कर उत्तराखंड के लोक–नाटक का एक नया चेहरा और पहाड़ी नाटकों का अपना एक अलग लोक मुहावरा तलाशने की भी कोशिश की है।

कला और रंगमंच से शुरू में कोई भी व्यक्ति शौकिया तौर ही जुड़ता है। फिर धीरे–धीरे उसे इसमें आनंद आने लगता है और फिर कुछ लोग कला में ही जीने लगते हैं। रंगमंच और अभिनय में उत्कृष्टता के लिए बहुत मेहनत और लगन की जरूरत होती है, और शिखर तक पहुँचने के लिए जुनून की हद से गुज़रना पड़ता है। इसमें ऐसे ही लोग कमयाब होते हें जो इसे अपना ओढ़ना–बिछौना और मक्सद बना लेते हैं। परिपक्व होने पर इसको प्रोफेशन बनाने के तमाम रास्ते खुल जाते हैं और तब आप एक बेहतर व सुसंस्कृत समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। इसी संदर्भ में किसी विद्वान ने कहा भी है कि ''संस्कृतिकर्मी दुनिया के सबसे बेहतर लोग होते हैं।''

थियेटर से जुड़े लोग काम के किसी भी क्षेत्र में जाएं, वे हर जगह सफल रहेंगे क्योंकि नाटक में दुनिया की सभी कलाएं और विषय समाहित हैं। रंगमंच व्यक्तितत्व के विकास में बड़ा योगदान करता है एवं दुनिया और समाज की समझ पैदा करता है, दृष्टिवान और परिपक्व बनाता है, लेकिन इसके लिए ईमानदारी एक जरूरी शर्त है। पेशेवर अभिनेता या रंगमंच कला को पेशे की तरह चुनने से पहले, प्रतिभा के साथ–साथ समुचित ट्रेनिंग और विषय के अभ्यास की जरूरत पड़ती है। इसे किसी समझदार नाट्य–गुरु और किसी बेहतर इतिहास वाली नाट्य मंडली में प्रवेश लेकर पूरा किया जा सकता है। जिस प्रकार कुम्हार कच्ची मिट्टी को खूबसूरत आकार

देता है, उसी तरह गुरू भी किसी बच्चे या युवा को गढ़कर सही दिशा देता है ताकि वह कैरियर भी बनाए और समाज के प्रति अपना कर्तव्य भी निभाए।

किसी गुरु या नाट्य मंडली से आधारभूत और प्रारंभिक अक्षर–ज्ञान प्राप्त कर लेने के बाद आप देश भर में फैले अभिनय और नाट्य व फिल्म संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। इनमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एन.एस.डी, दिल्ली, भारतेंदु नाट्य अकादमी (बी. एन.ए), लखनऊ, जामिया मिल्लिया, दिल्ली, भोपाल नाट्य विद्यालय, गढ़वाल विश्वविद्यालय में एम. ए. थियेटर आदि संस्थानों में प्रवेश लेकर आप अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और एक प्रोफेशनल अभिनेता और रंगकर्मी बन सकते हैं। यहाँ मैं नैनीताल की नाट्य संस्था युगमंच का उदाहरण देना चाहूँगा जिसकी स्थापना चालीस वर्ष पूर्व सन् 1976 में स्वनामधन्य मोहन उप्रेती, ब्रजेंद्र लाल साह, लेनिन पंत, बी..एम. शाह, गिरीश तिवाड़ी (गिर्दा), डॉ. शेखर पाठक जैसे प्रतिभावान और नामी–गिरामी सांस्कृतिक दिग्गजों ने की थी। युगमंच से अभिनय का अक्षर–ज्ञान लेकर 18 कलाकार राष्ट्रय नाटय विद्यालय (एन एस डी), 4 भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए), लखनऊ, 8 फिल्म संस्थान (एफ टी आई आई), पुणे और दर्जनों अन्य राष्ट्रीय संस्थानों से दीक्षित होकर थियेटर व सिनेमा के चमकते सितारे बने। इनमें मुख्य निर्मल पांडे, ललित तिवारी, ज्ञान प्रकाश, सुमन वैद्य, गोपाल तिवारी, सुनीता चंद, नीरज साह, सुदर्शन जुयाल, ईशान त्रिवेदी, सीमा बोरा, राजीव कुमार (निदेशक फिल्म डिवीजन, भारत सरकार) आदि हैं।

युगमंच के अलावा पहाड़ी पृष्ठभूमि के अन्य कलाकारों में हिमानी भट्ट, दीपक डोबरियाल, हेमंत पांडे, सुधीर पांडे, तिगमांशु धूलिया आदि तमाम कलाकारों का मूल आधार रंगमंच ही रहा है। देश–विदेश

में पहाड़ की पहचान बनाने वाले प्रमुख रंगमंच कलाकारों में बी. एम. शाह ने रंगमंच को ही अपना जीवन समर्पित कर दिया था। वे नैनीताल से रंगमंच की शुरूआत करने वाले राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रथम बैच (1963) के विद्यार्थी थे और उन्होंने सन् 1982 से 1985 तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक के पद को सुशोभित किया। इसी प्रकार मोहन उप्रेती पर्वतीय कला केन्द्र के खेवनहार और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में प्रोफेसर के पद पर रहे। पहाड़ के ही ब्रजेंद्र लाल साह, लेनिन पंत, गिरीश तिवाड़ी गिर्दा, प्रेम मटियानी आदि दिग्गजों ने भारत सरकार के गीत और नाटक प्रभाग में सेवाएं दी। राजेंद्र धस्माना, नईमा ख़ान उप्रेती, उर्मिल थपलियाल, मोहन थपलियाल, बी.एम. बडोला, दीवान सिंह बजेली आदि तमाम ऐसे बड़े नाम हैं जिन्होंने पत्रकारिता और सेवा में रहते हुए अभिनय और रंगमंच को जीवन समर्पित किया है।

जैसा कि मैंने पहले भी अर्ज़ किया है कि रंगमंच आपकी समझ को विकसित करता है, तर्क शक्ति को बढ़ाता है, परिपक्व दृष्टि और पूरे व्यक्तित्व का विकास करता है, जो आपके भविष्य के लिए बहुत सहायक होता है। इसका जीता–जागता उदाहरण यह है कि मेरे साथ कुमाऊ विश्वविद्याल में नाटक करने वाले दर्जनों मित्र आज आई.ए.एस., आई. एफ.एस., आई.आर.एस., डाक्टर, इंजीनियर और देश के सरकारी व गैर सरकारी बड़े–बडे पदों पर सेवारत हैं। अगर आप में अभिनय की ललक है, रंगमंच के लिए प्यार है तो आप भी इस क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं।

♦♦♦

परंपरागत कृषि से उन्नत कृषि की ओर

– डा॰ डी॰सी॰ उप्रेती पूर्व प्रोफेसर अमेरीटस
–कृश्न आर्य, पूर्व संयुक्त सचिव (कृषि मंत्रालय)
– डा॰ हेमलता उनियाल सामाजिक
कार्यकर्ता एवं लेखिका

यह तो निश्चित है कि हमारे पूर्वज महापराक्रमी रहे होगें जिन्होंने घने जंगलों को साफ कर बेहद ढ़ालू ऊबड–खाबड़ चट्टानी पहाडों को काट कर सुंदर सीढ़ीनुमा खेत बनाए, और उन खेतों में सभी प्रकार के आनाज, तिलहन, दलहन, सब्जियों, फल और जानवरों के चारे रसोई में ईधन के काम आने वाले वृक्षों की खेती की होगी।

पहाडों में परंपरागत तरीकों से खेती करना एक बड़ी मजबूरी है, जो कुछ लोगों की नियति बन गयी है। पहाड़ों में न तो कोई मिल–कारखाने हैं कहीं कोई बडे रोजगार मेहनत–मजदूरी की सुविधाऐं हैं; न उनके पास समुचित पूंजी है कि कोई व्यापार कर सकें, नहीं कोई विशेष दक्षता है कि उन्हें अपना कारोबार शुरू कर स्वरोजगार चला सके। बचपन से पारंपरिक खेती यानी हल–बैल, गोबर की खाद, बारिश से सिंचाई और खुद के बनाये घरेलू बीजों के प्रयोग का ही अनुभव व दक्षता प्राप्त है। अतः न चाहते हुए भी वही पुराने तरीके से खेती करते रहते हैं। और खाली समय में मे. हनत मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं। अब आवश्यकता है कि पर्वतीय क्षेत्रों की परंपरागत खेती व बीजों को आधुनिक प्रगतिशील अविष्कारों से मिलाकर नए प्रयोग किये जायें, नए आयाम शुरू किए जाए और कृषि के साथ–साथ पशुपालन–मुर्गीपालन, बागवानी, फल–फूलों तथा औषधीय जड़ी–बूटी को मिलाकर पर्वतीय कृषि को एक लाभदायक, स्वरोजगार तथा जीवकोपार्जन योग्य परियोजना में बदला जाए।

नई सोच पर अमल करना आवश्यक है। कृषि परियोजना को लाभकारी बनाने के लिए यथासंभव सरकार, जिला रेवेन्यू प्रशासन; कृषि विभाग सिंचाई विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, गांव पंचायत, बैंकों तथा गांव की किसान जनता को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए ताकि व्यवधानों के होते हुए भी हम आधुनिक कृषि पद्यति का लाभ किसानों तक पहुंचा सकें। इस प्रक्रिया में पढ़े लिखें परंतु बेरोजगार युवक–युवतियों को अवश्य शामिल किया जाए। सरकारी विभाग तथा अधिकारी प्रेरक व पथप्रदर्शन का कार्य करें और सबका कल्याण, सबकी उन्नति के निम्न बिंदुओं को समझकर सबको दिलोजान से प्रेरित करें और सबसे सहयोग की अपील करें। सबको बताएं कि पांच अंगुलियां मिल जाएं तो मजबूत मुठ्ठी बन जाती है अन्यथा अंगुलियां कमजोर ही बनी रहती हैं।

सर्वसम्मित से यह तय किया जाए कि गांव के शिखर/चोटी में जंगल हो जिसमें स्थानीय वनस्पति व जंगली फल काफल, घिंगारू आदि के वृक्ष हो तथा बीच–बीच में वाटर हार्वेस्टिंग के लिए कच्चे गड्ढे खोदे जाने चाहिए। इससे गांव के पानी के स्रोत सदाबहार रहेंगे तथा भूस्खलन में कमी आयेगी।

आम सहमति बनाई जाय ताकि गांव की जमीन को इस तरह अदला–बदली करें कि एक व्यक्ति की जमीन एक साथ हो सके। रेवेन्यू विभाग के अधिकारी सबको समझा बुझाकर चकबंदी की तरह का कुछ प्रबंध करें। किसी के साथ पक्षपात न करते हुए हरेक को अच्छी व उपजाऊ जमीन का बंटवारा न्याय संगत तरीके से हो। अधिक से अधिक लोगों की जमीन आसपास एक जगह पर हो सके।

कृषि विभाग के कार्यकर्ता तथा अधिकारी उस गांव की मिट्टी का परीक्षण करवा कर उपयुक्त प्रकार की खादों तथा प्रमाणित बीजों

का प्रबंध करके अपने गोदाम में रखें कि कब और कितनी मात्रा में खाद और बीज बोने चाहिए, वे किसानों को सलाह दें। और उन्हें ये उपलब्ध करायें। अच्छी उपजाऊ भूमि में गेहूं, धान, मंडुवा, सब्जी आदि की खेती और कम उपजाऊ भूमि में दलहन, तथा तिलहन की खेती करने की सलाह दें। इन फसलों की उन्नत किस्मों के बीज भी उपलब्ध कराए। समय–समय पर खेतों में जाकर निरीक्षण करें और भूल सुधार करवाएं।

लीड बैंक किसानों को जरूरत के मुताबिक कर्जा देने की व्यवस्था करें। कर्ज समय पर मिलना आवश्यक है अन्यथा वे खाद–बीज समय पर नहीं खरीद पाऐंगे तो फायदे की जगह नुकसान होगा। आवश्यक औपचारिकता समय से पहले करवा लेनी चाहिए।

किसान अपने, हल, बैल तथा कृषि में प्रयोग होने वाले अन्य उपकरण ों को समय पर तैयार रखें। यदि पावर–टिलर किराये पर लेना है तो उसकी बुकिंग अग्रिम तौर पर कर लें। यदि कृषि कार्य में मजदूरों की आवश्यकता हो, तो पहले से इंतजाम करके रखे। घर के स्वस्थ व तंदुरूस्त सदस्य खुद ही अपनी खेती में हाथ बंटाएं और यथाशक्ति निराई–गुडाई में पूरी तरह भाग लें।

हर किसान वर्षाऋतु से पहले ही अधिक पानी के निकास के लिए नालियां और पानी खेतों में रोकने के लिए कंट्यूर बंड बना कर रखें ताकि आवश्यकतानुसार पानी रोका जा सके तथा अनावश्यक पानी निकास नालियों से निकल जाए। खेत के सबसे ऊंचे भाग में कुछ गड्ढे बारिश के पानी को जमा करने के लिए बना कर रखें। इन्हे वाटर–हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर कहते हैं जो बहते पानी को रोक कर रखते हैं ताकि वारिश में कमी होने पर इनसे मदद मिल सके।

कृषि में अधिकतम उपज प्राप्त करने के लिए किस फसल के बाद

कौन सी फसल उगाई, जाए इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। पहा. डों के लिए अनुसंधान एवं परीक्षण के पश्चात यह पाया गया है कि फसल इस प्रकार हो– सोयाबीन के बाद गेहूं, अथवा मंडुवा (रागी); सोयाबीन मिश्रित खेती के बाद गेहूं की फसल बोई जाए। धान (चावल) की खेती के बाद गेहूं तथा मटर बोने से अधिक उपज प्राप्त होगा। मंडुवा (रागी) के बाद सरसों लगाने से फायदा होगा। नदी घाटी की सिंचित भूमि में इस फसल चक्र को अपनाने पर आमदनी 2 से 3 गुना बढ़ सकती है। धान की दो से तीन फसलें एक वर्ष में ली जानी चाहिए। कम अवधि में तैयार होने वाली किस्में बोई जाए। फसल चक्र से भी पैदावार में फायदा होता है। हर वर्ष एक ही फसल न बो कर बदल–बदल कर फसलें बोई जाऐं।

दलहनी फसलों की जड़ों की गांठें वायुमंडल की नाइट्रोजन से खाद बनाती है। अतः दलहनी फसलों के बाद बोई जाने वाली फसल को खाद की कम जरूरत होती है। फसल काटने के फौरन बाद पर हल चला कर उसे जमीन के भीतर दबा देना चाहिए ताकि वह खाद में परिवर्तित हो जाय। यह नमी को भी सोख कर रखती है। भारत सरकार के कृषि अनुसंधान केंद्र हवालबाग (अल्मोड़ा) एन.बी.पी.जी. आर, गलाट (भवाली) और गढ़वाल में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के केंद्र रानी–चौरी (गढ़वाल) में पहाड़ के लिए उपयुक्त बीजों की किस्में तैयार कर रहे हैं जो अधिक उपज देती है और कीट एवं सूखा के लिए प्रतिरोधक भी होती हैं। इन केंद्रो से संपर्क बनाए रखें और इन उत्तम किस्म के बीजों से कृषक अपनी आमदनी बढ़ायें। बा. गवानी के क्षेत्र में चौबाटिया (रानीखेत) मुक्तेश्वर, पौड़ी और श्रीनगर में अनुसंधान केन्द्र हैं जो फल–फूलों के बीज तथा पौध तैयार करते हैं; उत्पादकता और गुणवत्ता में ये राष्ट्रीय स्तर के हैं।

गांव की जिन जमीनों को लोग छोड कर बाहर चले गये हैं उन्हें

बंजर न रहने दिया जाए अन्यथा उनमें जंगली झाडी, कुरी (लेंटाना कामराना) तथा गाजर घास (पार्थेनियम) पूरी तरह जम जाएंगे। पार्थेनियम के बीज राक्षस की तरह फैल रही है जिसे मारने में जितनी बूंद–खून की गिरती है उतने नए राक्षस, पैदा हो जाते थे। यह फसलों की दुश्मन तो है ही इसके सफेद फूलों से निकले बारीक बाल सांस के साथ फेफड़ों में जाकर मनुष्यों तथा जानवरों में दमा, रक्त कैंसर, एनीमिया तथा एलर्जी पैदा करते हैं। लैंटाना बहुत तेजी से फैलने वाली जंगली झाडी है जो अगर काटी और जलाई न गई तो पूरी जमीन में फैल जाती है और जंगली सुअरों तथा तेदुओं को दिन में छिपने में मदद करती है। वे रात में निकल कर फसलों व छोटे जानवरों व बच्चों के लिए घातक सिद्ध होते हैं। इन झाडियों को हर ग्रीष्म ऋतु से पूर्व काट कर सूखने दें और मई जून के महीनों में आग लगा कर जला दे। इन खेतों में गड्ढे खोद कर बरसात शुरू होते ही तेज गति से बढ़ने वाले पेड़ों जैसे पोपलर तथा यूकिलिप्टस के पेड़ लगा दें जो 4–5 साल में पेपर मिल वाले ले जाते हैं, बची हुई टहनियाँ चूल्हा जलाने के काम आती है । कागज मिल वाले इनकी अच्छी कीमत देते हैं। अतः बैठे, बिठाए हजारों रूपयों की आमदनी हो सकती है। इन के बीच–बीच में नीम, गुलमोहर, सिलवर ओक के पेड़ भी लगा सकते हैं। कुछ खेतों में जानवरों के भोजन के लिए भी खड़ीक के पेड लगाएं।

आटा–चावल के आसान तरीके से प्राप्त हो जाने के कारण मोटे अनाजों को हेय नजर से देखा जाने लगा है लेकिन इन अनाजों में बहुत पौष्टिक तत्व कैल्सियम, जिंक, प्रोटीन, तथा विटामिन बहुतायत से पाएं जाते हैं। इनका बाजार मूल्य बहुत है। यदि गोबर की खाद का प्रयोग कर पैदा किया गया है तो ये अनाज आर्गनिक फूड के नाम से बहुत उंची कीमत पर बिकते हैं। अतः इन्हें यदि भोजन के

लिए नहीं तो बेचने के लिए नकदी फसली के रूप में उगाएं और अच्छी आमदनी प्राप्त करें। मंडुवा (रागी) लाल–चावल, गहत, दाल; मक्की का आटा, मशरूम,, भट्ट, पहाड़ी खीरे आमदनी के बहुत अच्छे साधन हैं इनका फायदा उठाएं। भुने भुट्टे भी खूब बिकते हैं।

समग्र कृषि उत्पादन प्रणाली

ऊपर के प्रकरणों से यह स्पष्ट हो चुका है कि मात्र खाद्यानों की खेती संपूर्ण जीविकोपार्जन के लिए काफी नहीं है और आर्थिक रूप से स्वसमर्थित नहीं है। अतः खेती के साथ फल–फूलों की बागवानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, वनपादपों की खेती, औषधीय जड़ी–बूटीयों की खेती तथा पौली–हाउस पद्धति से फूलों जड़ी–बूटियों, फलों तथा सब्जियों की उन्नत किस्मों की खेती, कटफ्लावर्स, टमाटर तथा मशरूम की खेती को शामिल किया जाना चाहिए। यों तो वर्षों के अनुभव तथा ज्ञान–विज्ञान की प्रगति के कारण पर्वतीय किसान अपने आप से भी इन प्रयासों को आजमा रहे हैं, फिर भी इन उपायों का उल्लेख करना आवश्यक है।

उपाजऊ भूमि तथा सिंचित भूमि में गेहूं, धान, रागी (मंडुवा) मौसमी सब्जियों की खेती की जानी चाहिए। कम उपजाऊ भूमि में दलहन फसलों की खेती की जानी चाहिए। दालों के कीट–पतंगों का आक्रमण बहुत होता है अतः उनकी रोकथाम के सारे उपाय अपनाने चाहिए। मध्यम श्रेणी की भूमि तिलहन खास तौर पर सरसों, तिल, सूरजमुखी, उगाने के लिए प्रयोग करें। मंडुवा (रागी) के खेतों में कौनी, भंगीरे और लोबिया के बीज डाल कर मिश्रित खेती का फायदा उठाया जाना चाहिए। धान की कम अवधि वाली किस्में उगाई जायें ताकि साल में कम से कम तीन फसलें ले सकें। खीरों की उपज के लिए, मचान की व्यवस्था करें जिसमें वे लटक कर सुरक्षित रहेंगे। चिडियों के प्रकोप से बचने के लिए टीन कनस्तर

बजाने की व्यवस्था करें। जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए कंटीली झाडियों और कंटील तारों की घेरबाड़ करें तथा रात में जगह–जगह आग जलाते रहें।

पशु पालन में गाय, बैल बकरी पालने से खेत जोतने, खाद, दूध, दही, मक्खन, घी तथा मांस की समस्या हल हों जाएगी। जानवरों के लिए पौष्टिक चारा जौ, जई आदि उगाई जाय। और दुधारू पशुओं को बाजार में उपलब्ध पौष्टिक चारा भी खिलाया जाय। बीमारी की हालत न पैदा होने दें। पानी साफ पिलाए और उनके गोठ की नियमित सफाई करें। नस्ल सुधारने के लिए वैट्रीनरी तथा पशुपालन विभाग द्वारा स्थापित कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का प्रयोग करें। अच्छी नस्ल की गायें अधिक दूध देती हैं। उन्नत चारे तथा प्रजनन की सही सुविधाए भैंसों तथा बकरियों के लिए भी प्रयोग करें।

मुर्गी पालन से मांस तथा अंडे मिलेगें जिन्हें खुद के प्रयोग से बच जाने पर हाट– बाजार में बिक्री करने से नकद धन कमाया जा सकता है। मुर्गियों का दाना घर पर ही बनाया जा सकता है और बाजर में भी आसानी से मिल जाता है। दाना पौष्टिक हो, पानी साफ प्रयोग किया जाए, उनके कटघरें को नियमित रूप से पानी से धोकर सफाई की जानी चाहिए। मुर्गियों में रानीखेत फ्लू नाम की बिमारी से बचने के लिए आवश्यक टीकाकरण करवा लेना चाहिए।

जलवायु तथा मिट्टी के गुणों के अनुसार फल तथा फूलों की खेती की जाए। ऊंचे और अति ठंन्डे क्षेत्रों में सेब, नाशपाती, प्लम की खेती की जाए उच्च उत्पादकता वाली पौध लगाना आवश्यकता है ताकि अच्छी उपज मिल सके। आडू खुमानी, अनार, संतरा, कम ठंडे तथा कम उंचाई वाले क्षेत्रों में लगाए जाए। केला, आम, लीची, तथा नींबू आदि तलहरटी में अच्छी तरह उगते और फलते हैं। सेव, नाशपाती की सही समय पर प्रूनिंग (छंटनी) करानी पडती है। और

खास किस्म के कीट नाशक का समय पर छिडकाव करना अत्यंत आवश्यक है। इन फलों की मार्केटिंग की कोई समस्या नहीं होती।

कुछ विशेष सब्जियां और फूलों की उन्नत किस्मों की पौध लगाने के लिए पौलीहाउस पद्धति का उपयोग हो रहा है। इसके फायदे ये हैं कि ठन्डे तथा गर्मी का प्रभाव नहीं पडता, कीटाणु तथा कीट पतंगे नुकसान नहीं पहुंचा सकते। कम जमीन तथा कम खाद बीज व कम पानी की जरूरत पड़ती है। पौलीहाउसों में उच्च कोटि के मौसमी तथा बेमौसमी फल–फूल व सब्जियों की शुद्ध पौध प्राप्त होती है। जिनकी बिक्री थैलियों में ही शीघ्र तथा काफी ऊंची कीमत में हो जाती है। पौलीथीन की थैलियों या गमलों में उत्तम खाद डाल कर बीज बोए जाते हैं। जिन्ह यों ही बेच दिया जाता है और अगले सीजन के बीज नए पौलीबैग तथा गमलों में बोए जाते हैं। यदि पौध को बढ़ने दिया जाए तो फूल तथा सब्जियां प्राप्त होती हैं। बाजार (होटलों) आफिसों में कट फ्लावर्स तथा आर्गेनिक सब्जियों के रूप में बिक्री की जाती है। इस प्रणाली का प्रशिक्षण देने के लिए कई ऐजेन्सी कार्यरत हैं।

पौलीहाउसों में ही अंधेरे कक्ष का विशेष प्रबंध करके बटन मशरूम जिनकी खपत बडे होटलों के रेस्टोरेंट तथा आम ढाबों में बहुत है, उगाए जा सकते हैं जो बहुत फायदे की खेती मानी जाती है। मशरूम की खेती अवश्य की जानी चाहिए क्योंकि प्रोटीन का अच्छा स्रोत है।

जंगलों में प्राकृतिक तरीके से उगने और फलने वाले फलों में ''काफल'' मुख्य मौसमी फल है जो मई–जून के बाजार में आता है। हिसालू, किल्मोड़ा, बेडू, जून–जुलाई माह में बाजार में लाये जाते हैं। मधुमेह (डाईविटीज) में बहुत फायदे मंद है। बुरास से बनाया अर्क (रस) खून साफ करने तथा धमनियों में रूकावट हटा कर हृदय रोग

के लिए उत्तम टॉनिक बताया जाता है। जिसकी बिक्री हाथों–हाथ होती है। इन प्राकृतिक फल–फूलों का दोहन कर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। परंतु इनका विस्तार भी करना चाहिए। इस दिशा में विशेष प्रयास किये जायें।

हिमालय क्षेत्र, विशेषकर उत्तराखंड औषधीय पौधों व जड़ी–बूटियों के लिए प्राचीन काल से प्रसिद्ध रहा है। इनका दोहन बहुत तेजी से हो रहा है। इन्हें यदि बचाया न गया तो ये शीघ्र ही लुप्त हो जाऐंगी। जंगलों में तथा घरेलू भूमि (खेती के बाद बची–खुची भूमि) में इनकी वैज्ञानिक तरीके खेती की जाए जिससे किसान इन जड़ी–बूटियों व पौधों को तो जीवित रख ही सकते हैं, इनसे अच्छी आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं। इनका प्रयोग जीवनोपयोगी औषधियों में (आयुर्वेदिक दवाओं में) बड़ी मात्रा में हो रहा है। इनको उगाने तथा दोहन की विस्तृत जानकारी देने के लिए आयुर्वेदिक संस्थान सदैव तत्पर रहते हैं। पतंजलि के हरिद्वार स्थित मुख्यालय में सारी जानक. ारी व सुविधायां उपलब्ध हैं। किसान इन पौधों की खेती से अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। अनेक सौंदर्य प्रसाधनों में एलोवेरा पौधे की बहुत आवश्यकता होती है। घर के चारों तरफ तथा आंगन के किनारे–किनारे कुछ गमलों में एलोवेरा के पौधे लगा दिए जाएं और उसमें हररोज पानी दिया जाए तो इसकी मोटी–मोटी पत्तियां सालभर निकलती रहती हैं। उन्हें काटकर बाजार में बेचा जा सकता है। और घर में खुद के प्रयोग में भी लाया जा सकता है। इसका सेवन अच्छे स्वास्थ्य तथा सौंदर्य के लिए गुणकारी है।

सरकार तथा निजीकंपनियों को इन उत्पादों की बिक्री की उचित व्यवस्था करनी चाहिए। गांवों की सहकारी समितियों तथा महिला स्वयं सेवी–समूह इन कामों का दायित्व ले सकते हैं। अनाज और सब्जियों तथा फलों के भंडारण की व्यवस्था भी आवश्यक है।

फलों के संरक्षण के उपकरण तथा प्रोसिसिंग सुविधाएं जगह–जगह स्थापित की जाएं।

इंसान के बस में तो सिर्फ परिश्रम करना है। फल तो भगवान देता है। यह कहावत पहाड में खेती–बाडी के व्यवसाय में अक्षरसः सत्य होती है। किसान जिस–तिस तरह से हल–बैल खाद बीज व पूंजी का प्रंबध करके खेती में अपनी जान लगा देते हैं। पर जरूरी नहीं कि अंतिम फल (फसल) सन्तोषपूर्ण ही हो। पर्वतीय प्रदेश की जलवायु की विषमताएं अप्रत्याशित हैं कभी बरफ, तो कभी ओले, पाला, कमी अतिवृष्टि कभी अनावृष्टि (सूखा), कहीं क्लाउडबर्स्ट तो कहीं बाढ़ व भूस्खलन हर वर्ष की बात हो गयी है। इन प्राकृतिक आपदाओं में किसान अपना सब कुछ खो बैठते हैं। ऐसी स्थिति में आपदा प्रबंधन विभाग/बोर्ड/प्राधिकरण ही किसानों के जख्मों में राहत का मरहम लगा सकते हैं। नुकसान की भरपाई तो नहीं हो सकती परन्तु यदि नुकसान का शीघ्र आंकलन करवा कर राहत राशि तुंरत दी जा सके तो आहत किसानों को अपने पैरों पर खडे होने की हिम्मत आ जाती है और आत्महत्या की आशंका टल सकती है। राहत राशि में कुछ हिस्सा किसानों के परिवार के गुजारे के लिए (कम से कम 3 माह के लिए) हो और बाकी आगामी फसल के लिए हल जोतने, खाद–बीज खरीदने के लिए पर्याप्त हो। बैंक की किस्तों को टाल दिया जाए अगली फसल के तैयार होने तक। सरकारी की मदद से लोग फसल बीमां की राशि भी जल्दी से जल्दी चुकाई जाए तो प्रभावित किसानों को एक बार फिर जीवन यापन के साध ान जुटाने में मदद मिलेगी। विपदा में सबसे जरूरी है, सरकार और उसके विभागों तथा संस्थानों की उपस्थिति और उनकी सदभावनाएं जिससे उन्हें लगे कि मुसीबत के क्षणों में सरकार का सहारा तो है।

उत्तराखंड सरकार की तरह की अन्य स्वयं–सेवी संस्थाएं इन क्षणों

में क्रियाशील हो जाए और तमाम स्रोतों से हर प्रकार की मदद जमा करके प्रभावित परिवारों तक पहुंचाएं। संकट के दिनों में ग्रामीण जनता के बीच जाकर उन्हें हिम्मत बंधाएं। सबसे आवश्यक यह है कि सरकार द्वारा पारित राशि पूरी की पूरी प्रभावित किसानों के खाते में जाए, सरकारी कर्मचारी और बिचौलिये उसका दुरूपयोग अपने स्वार्थ के लिए न करें। राशन की दुकानों द्वारा जमा खोरी और कालाबजारी कर किसानों की मुश्किलों को और न बढ़ने दिया जाए।

कृषि विश्वविद्यालय और आई.सी.ए.आर. संस्थाओं को विशेष सक्रिय होना चाहिए। वे किसानों को वाटरशेड मैनेजमेंट प्रणाली के काम में मदद करें और इसके फायदे बताएं। समग्र कृषि प्रणाली ऐसे समय के लिए सर्वोचित है। यदि फसलों को नुकसान हुआ है तो बागवानी, पशुपालन, अथवा मुर्गीपालन तथा पांली–हाउस तो बचे रहेंगे। उन से नुकसान का प्रभाव कम किया जा सकेगा। सीमित भूमि और संसाधनों को ध्यान में रख कर समग्र कृषि प्रणाली के सभी साधनों और उपयोग का प्रयोग के हिसाब से खेती के साथ अन्य सहायक क्रियायें पशुपालन, मुर्गीपालन, फल–फूलों व जड़ी–बूटीयों की खेती अथवा पौलीहाउस प्रणाली को अवश्य अपनायें इस तरह प्राकृतिक आपदा का प्रभाव कम हो सकेगा।

पर्वतीय किसानों के उत्पादों को मुख्य बाजारों तक पहुंचाने के लिए मोटर मार्ग उपलब्ध हो। गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं जगह–जगह पर उपलब्ध हो। गांव के स्कूल अच्छी स्थिति में हो जिनमें अध्यापक नियुक्त किये जाए जो नियमित रूप से स्कूलों में पढाऐं, बिजली और पीने के पानी की उचित व्यवस्था करना सरकार व स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी है, वे उसे पूरा करें। यदि जीवन की मूलभूत सुविधायें गांवों तक पहुंच जाए तो फिर पलायन होगा ही क्यों?

आवश्यकता है मानसिकता बदलने की। सरकार अपने अधिकारियों

और कर्मचारियों के काम की लगातार समीक्षा करें उन्हें दूर दराज के गांवों में जाकर किसानों से बात–चीत करने को वाध्य करें वहां जिन सुविधाओं का अपेक्षा हैं तुरंत उपल्बध कराऐं। सिंचाई की यथासंभव व्यवस्था कराऐं, विधायकों को क्षेत्र में भेजकर जनता की परेशानियों को दूर करने का दायित्व दे, और उनके काम की भी समीक्षा हो। हर काम के लिए लोगों से पैसा लेना बंद करवाएं। पूरे उत्तराखंड में चल रहे भ्रष्टाचार का तांडव बंद करवाएं, भ्रष्ट अधिकारियों को ट्रांन्सफर का लाभ न देकर उन के विरूद्ध सख्ती से पेश आएं। जनता का विश्वास पुनः प्राप्त करें। उत्तराखंड को एक विकसित प्रदेश बनाने की प्रभावी योजना बनाये। मात्र कुर्सी बचाने की जिद्दोजेहत बंद हो कुछ ठोस काम हो। गरीबों, असहाय, पिछडे वर्ग के लोगों पर विशेष ध्यान दें। सबका विकास हो तथा वन तथा भू–माफिया से मुक्ति मिले। नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने के सफल प्रयास किए जाए यदि प्रशासन सुधर जाए तो लोग अपनी मातृभूमि, अपना गांव व घर, जमीन, जंगल, क्यों छोडेगें।

इतनी शुद्ध हवा, इतना मीठा पानी , इतनी हरियाली छोड़कर दूषित हवा, पानी और दूषित वातावरण में क्यों कोई जाएगा। अपना गांव न छोडें, यहां रह कर खेती–बाड़ी, पशुपालन मुर्गीपालन, फल, सब्जी, दूध, घी और काफल, हिसालू, किल्मोड़ों का स्वाद लेते रहेगें। ये अन्यत्र आपको कहां मिलेगें? पहाडों को और सुंदर तथा स्वच्छ बनाये ताकि देश के कोने–कोने से लोग यहां आए। इन पर्वत शिखरों, नदी–नालों, फल, फूलों यहां के खानपान और सांस्कृतिक विधाओं का आनंद लेने हर वर्ष आते रहे। यह देव भूमि है। यहां चार धाम हैं, दर्जन भर झीलें हैं, औली में शीत कालीन खेल (स्कीईंग), पैराग. लाइडंग व रिभर राफ्टिंग की सुविधाए हैं।

नवयुवकों को घर छोडने के बजाय गांव में बसने की बात सोचनी

चाहिए। आप कृषि के साथ अन्य काम धंधो से पर्यटन, छोटे–मोटे उद्योग, फुट प्रोसेसिंग, फल–फूलों की नर्सरी जानवरों के फूड लिए उन्नत चारे के स्टोर खाद–बीज के भंडार खोल सकते हैं गांव की उपज को जमा करके आगे बाजारों में बेचने की व्यवस्था कर सकते हैं। पलायन से कुछ हासिल नहीं होगा। कृषि यंत्रों को किराये पर देने तथा कार्पोन्टरी, लोहार का काम, मोबाइल रिपरिंग का कारोबर करके जीविका मजे से चला सकते हैं। आपकी मेहनत आपके साथ है। जो अवश्य ही गाँवों में रंग लायंगी।

♦♦♦

संघर्ष ही इंसान को जीना सिखाता हैं। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है– ''कोई फरिस्ता तुम्हारे आँसू पौछने नहीं आयेगा कोई फरिस्ता तुम्हें अंगुली पकड़ कर सफलता तक नहीं ले जायेगा अगर कोई इन्सान आपकी मदद कर सकता है तो वो आप हैं। खुद आप ही वह इन्सान है जो सबसे बेहतर तरीके से जानते हैं। खुद को मरने मत दीजिए। उठिये, देखिये आपकी मंजिल आपका इन्तजार कर रही है।''

फूड टैक्नोलॉजी में छिपा भविष्य

अशोक सिंह

भारतीय संस्कृति में क्षेत्रीय आधार पर व्यंजनों की भरमार है पर इस व्यस्त जिंदगी के कारण इनका स्वाद ले पाना दूभर होता जा रहा है। कम से कम समय में कुछ बना लेता और खाने का ट्रेंड दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है। आजकल की चलती भाषा में इस इंस्टेंट फूड के नाम से भी जाना जाता है। इसमें पिज्जा, नूडल्स, बर्गर, सैंडविच, चिप्स, सॉफ्ट ड्रिंक्स, फ्रुट जूस, प्रोसेस्ड फूड एवं फ्रोजन फूड का खासकर उल्लेख किया जा सकता है।

मात्र चंद वर्षों पहले तक भारत जैसे कृषि प्रधान एवं विकासशील देश में इस प्रकार के खान–पान का ज्यादा प्रचलन नहीं हुआ करता था। पर आज फास्ट फूड एवं इसी प्रकार के जंकफूड हमारी जिंदगी का अहम् हिस्सा बन चुके हैं। विकसित देशों से आई यह आहार संस्कृति खासकर युवाओं और कामकाजी मध्यम वर्ग के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसी का नतीजा है बहुराष्ट्रीय फास्ट फूट चेन की शाखाओं का भारतीय शहरों में पैर फैलाना। इसी की देखा–देखी भारतीय फूड कंपनियों ने भी फास्ट फूड श्रृंखलाओं का विस्तार करना शुरू कर दिया है। दुनिया भर में हजारों करोड़ रुपए का कारोबार सिर्फ इसी क्षेत्र में देखा जा सकता है।

देश में शीघ्र खराब होने वाली सब्जियों और फलों की समुचित परिरक्षण व्यवस्था के अभाव में हर साल हजारों करोड़ के ये खाद्य पदार्थ नष्ट हो जाते हैं। जबकि विकसित देशों में इनके प्रसंस्करित डिब्बाबंद उत्पादों के तैयार किए जाने से इस प्रकार की स्थिति का कृषकों और उत्पादकों को सामना नहीं करना पड़ता। ऐसे में सहज कल्पना की जा सकती है कि ग्रामीण स्तर तक ऐसी तकनीकों के

प्रचार–प्रसार से न केवल इन बहुमूल्य खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक परिरक्षित अवस्था में रखा जा सकता है बल्कि कृषकों की आमदनी भी बढ़ाई जा सकती है।

बी.एस.सी. (फूड टेक्नोजॉजी) से लेकर फूड साइंस और फूड इंजीनियरिंग सरीखे विषयों में इस प्रकार के विशिष्ट प्रशिक्षण उपलब्ध हैं। फूड इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पारंगत युवाओं का दायित्व ऐसी मशीनों और उपकरणों का अभिकल्पन करना व तैयार करना है जिनके इस्तेमाल से खाद्य परिरक्षण संभव हो सके। इन मशीनों की मांग न सिर्फ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर है बल्कि बड़े होटलों और फॉस्ट फूड चेन में भी इनकी उपयोगिता देखी जा सकती है। यह तो हुआ हार्डवेयर पक्ष। इसके अलावा प्रयोगशाला स्तर पर भी फूड प्रिजर्वेशन विशेषज्ञ बड़ी संख में नई तकनीकों के ईजाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस स्तर पर आहार सामग्री की रासायनिक संरचना की जांच कर उनके लिए उपयुक्त परिरक्षक रसायनों का पता लगाना और लंबे समय तक स्वाद व ताजगी को बनाए रखने जैसी विधियां शामिल हैं।

